अथ शशिवृतावर्णनं नाम प्रस्ताव ।

(पचीसवां समय ।)

शशिव्रता की आदि कथा वर्णन की सूचना ।

दूहा ॥ आदि कथा शशिहत्त की । कहन अव्व संमूल ॥
दिल्ली वै पतिसाहि ग्रहि । कढ्ढि लच्छि उन मूल ॥ छं० ॥ १ ॥

ग्रीष्म में पृथ्वीराज का विहार करना ।

अरिल्ल ॥ ग्रीषम ऋतु क्रीड़त[1] सुराजन । षिति उकलंत षेह नभ साजन ॥
विषम वायु तपित[2] ततुभाजन । लग्गि सीत सम्मीर सुकाजन[3] ॥ छं० ॥ २ ॥

कवित्त ॥ लग्गि सीत कल मंद । नीर निकटं सु रजत घट[4] ॥
अमित सुरंग तुर संष । ततह उवटंत रजति पट ॥
मलय चंद मल्लिका । धाम धारा ग्रह सुब्बर ॥
रंजि बिपन बाटिका । तीस द्रुम छांह रजति तरु ॥
कुमकुमा अंग उवटंत अति । मधि केसर घनसार घति ॥
क्रीलंत राजं ग्रीषम सुरिति । आगम पावस भइय भति ॥ छं० ॥ ३ ॥

ग्रीष्म बीतकर वर्षा का आरम्भ होना ।

गाथा ॥ ग्रीषम वित्तिय कालं । आगम पावस दीह मझ्झेनं ॥
दिसि दष्षिन वर देशं । नाइक[5] आइ चंद्रोदयं नामं ॥ छं० ॥ ४ ॥

राजा सभा में बैठे थे कि एक नट आया, राजा ने आदर कर उसका परिचय पूछा ।

सभा विराजित राजं । तहां नट आइ पत्त संगीतं ॥
मिलत मानं दिय राजं । पुच्छिय विगति देस रच मझ्झं[6] ॥ छं० ॥ ५ ॥

---

(१) ए०—कृ०—को०—क्रीलंत ।
(२) मो०—कृ०—को०—तपि तम तन ।
(३) मो०—राजन ।
(४) मो०—पट ।
(५) ए०—कृ०—को०—नाइक ।
(६) ए०—कृ०—को०—मध्यं ।

नट को गुण दिखलाने की आज्ञा देना।

दूहा ॥ इम संभरि न्रप उच्चरिय। अहो सु नट गुरराइ ॥
गुन उधार[1] कछु किज्जियै। ज्यों दिज्जै दानाइ ॥ छं० ॥ ६ ॥

नट का कहना कि मैं नाटक आदि सब गुण जानता हूं आप देखिए सब दिखाता हूं।

गाथा ॥ नाटक प्रमान कथयं[2]। सुनि राजन श्री ढिल्लीसं ॥
पाचं घर के सव्वं। गुन सुनियै चितयं लायं ॥ छं० ॥ ७ ॥

दूहा ॥ अवसर नत्त प्रगट्ट किय। जंच म्रदंग सुतान ॥
करिय राग श्री उंचकर। करन न्रत्य बहु गान ॥ छं० ॥ ८ ॥

देवी की बन्दना करके नृत्य आरम्भ करना।

आदि सकल अस्तुति करिय। पहुपंजलि पटिदेव ॥
करि मंगल[3] धरनी निरषि। करन न्रत्य अति भेव ॥ छं० ॥ ९ ॥
चंद चारु मागध सुभट[4]। गीत प्रबंध प्रसन्न[5] ॥
उघटि चिघटि सब प्रमुष दै। देषि विगति सुर भिन्न[6] ॥ छं० ॥ १० ॥

नट का नाच के आठ भेद बतलाना।

तब सुनह इम उच्चरिय। हो राजन नर इंद ॥
बहु विवेक संगीत कल। अष्टह न्रत्य सुनंद ॥ छं० ॥ ११ ॥

आठों भेदों के नाम।

श्लोक ॥ म्रदंगी दंडिका ताली। कच्छी अुत घुंघरी[7] ॥
न्रत्य गीत प्रबंधं च। अष्टांगो[8] न्रत्य उच्यते ॥ छं० ॥ १२ ॥

नृत्य देख कर बैठने का हुक्म देना।

दूहा ॥ करिय नृपति अष्टंग सुधि। रंजि राज कल गान ॥
बहुरि हुकंम बैठन्न दिय। फिरि पुच्छिय थच्च न्याम ॥ छं० ॥ १३ ॥

(१) ए.--उधार। (२) मो--कथियं।
(३) मो.--धरती। (४) मो.--सुहय। (५) मो.--प्रमान। (६) मो.--तान।
(७) मो. घधरी। (८) ए.--क.--को.--अष्टांगो।

राजा का नट से उसके निवासस्थान का नाम पूछना।

तब राजन यों उच्चरिय। अहो सु नटवर राय ॥
कोन ग्राम ठौरह सु तुम। कहो सु गुन प्रति भाय ॥ छं० ॥ १४ ॥

नट का कहना कि देवगिर में मैं रहता हूं वहां का राजा सोमवंशी जादव बड़ा प्रतापी है। राजा की बड़ाई।

तब नट नमि करि उच्चरिय। सुनहु राज दिल्लीस ॥
होम वंश जद्दव नृपति। देव गिरी वसि जीस ॥ छं० ॥ १५ ॥

कवित्त ॥ देवगिरी जद्दव नरेश। अति प्रबल तपत तप ॥
संगीतह बर कला। लच्छन शुभ ग्यान सुभत बय ॥
ग्याम[1] ताम[2]गुन लच्छन। भेद सुन ग्यान बिचारं ॥
तास राज संमीप। रहों नट विद्य उचारं।
ता ग्रह सु पाय अनेक गुन। रहैं सु तर्ह निशि दीह पर ॥
राजंत राज जद्दव नृपति। ज्यों सुदेव[3] पति ताक्र गुर ॥ छं० ॥ १६ ॥

मैं उनका नट हूं आपका नाम सुन यहां आया।

गाथा ॥ तिहि ग्रह नट बर रूपं। आए संगेव सीव करषेतं ॥
तुम गुन अति संभरियं[4]। आइन हूअ एम दिल्लि मझेनं ॥ छं० ॥ १७ ॥

राजा का पूछना कि उनकी कन्या का बिवाह किसके साथ निश्चय हुआ है।

कहि संभरि नृप राजं। हो नट राइ सुनहु बर बचनं ॥
किहि व्याहन बर संगं। को राजन बयन धर मझं ॥ छं० ॥ १८ ॥

नट का कहना कि उज्जैन के कमधज्ज राजा के यहां सगाई ठहरी है।

पर धर उजेन मझं। करि पामरि सगप्पनं राजं ॥
शुभ अंत करि आदं। व्याहन मन कीन राइ कमधज्जं* ॥ छं० ॥ १९ ॥

---

(१) मो०—तान। (२) मो०—मान।
(३) ए०—कृ०—को०—इंद। (४) ए०—कृ०—को०—संभरिय।
* व्याहन कीन कमधज्जं।

उसका रूप सुन राजा का आसक्त हो जाना और नट से पूछना कि इसकी सगाई मुझ से कैसे हो ।

अरिल्ल ॥ सुनि राजन्न लगो ध्यानं । लग्गो मीन केतु तन बानं ॥
कहै नट सों राजन बर बैनं । मथ सग न मो करहि सुरेनं ॥ छं० ॥ २८ ॥

नट का कहना कि इसका उत्तर पीछे दूंगा । मुझ से इस में जो हो सकेगा उठा न रक्खूंगा ।

दूहा ॥ पुनि नट बर यों उच्चरिय । गिरि कहियो राजिंद ॥
जो मुझ कोई होइ है । सो करि हौं नृप इंद ॥ छं० ॥ २९ ॥

राजा का नट को इनाम देकर विदा करना, नट का कुरुक्षेत्र की ओर जाना ।

तब राजन नट सौंप दिय । गज सु एक है पंच ॥
चल्यौ दिसि कुरषेत प्रति । परसन हरि चरनंच ॥ छं० ॥ ३० ॥

ग्रीष्म बीतकर वर्षा का आगमन हुआ, राजा का मन शशिव्रता के ओर लगा रहा ।

अरिल्ल ॥ ग्रीषम रितु बित्तो सुन राजं । पावस आगम भई समाजं ॥
सुनि नट बैन अपुब जद्दव बथ । [illegible] ॥ छं० ॥ ३१ ॥

राजा का शिव जी की पूजा करना, शिव जी का प्रसन्न होकर आधी रात के समय दर्शन देना ।

दूहा ॥ हर सेवा राजन करन । दमिय मास जब अंग ॥
अद्ध निसा शिव आइ कै । दिय सु स्वपन रन रंग ॥ छं० ॥ ३२ ॥

शिव जी का मनोरथ सिद्ध होने का बर देना ।

जो कामन मन संभई । सो पूरे हर ईस ॥
तन चिंता करि राज पुर । आयौ गुन नछ दीस ॥ छं० ॥ ३३ ॥

राजा का स्वप्न में बर पाकर प्रसन्न होना और किसी तरह वर्षा ऋतु काटना ।

कवित्त ॥ हुअ प्रभात जब राज । सुपन मन मंझ राग रस ॥
प्रसन होइ शिव शिवा । काम सोभै सु इंद जस ॥

मन जाने बर अप्प। लग्गि ओनान राज उर ॥
चिष मद्दावनगैंद[1]। बहुरि उतरैन अवर पर ॥
नन धीर करन पावस सुरिति। छिन छिन जुग जुग जात जिय ॥
दर मोर सोर दद्दुर बचन। लग्गि नपन नन असम किय ॥ छं० ॥ ३४ ॥

वर्षा की शोभा का वर्णन-राजा का शशिव्रता के विरह में व्याकुल होना।

कवित्त ॥ मोर सोर चिहुं ओर। घटा आसाढ़ बंधि नभ ॥
बच दादुर झिंगुरन। रटन चातिग[2] रंजत सुभ ॥
नील बरन बसुमतिय। पहिर आभ्रंन अलंकिय ॥
चंद बधू सिर व्यंज[3]। धरे बसुमत्ति सु रज्जिय ॥
बरषंत बूंद घन मेघ सर। तब सुमरै जद्दव कुँअरि ॥
नन हंस धीर धीरज सुनन। दूष फुट्टै मनमथ्थ करि ॥ छं० ॥ ३५ ॥

वर्षा वर्णन-राजा का विरह वर्णन।

छंद पद्धरी ॥ घन घटा बंधि नभ मेघ छाय। दामिनिय दमकि जामिनिय जाय ॥
बोलंत मोर गिर बर सुहाइ। चातिग्ग रटत चिहुं ओर नाइ ॥ छं० ॥ ३६ ॥
दादुरन सोर दस दिस डराइ। रह पंथ पथिक थकि पाइ साइ ॥
विरहिनी दूरि जिन[4] पंथ नाह। निहि बुंद लगत जनु ईष आह ॥ छं० ॥ ३७ ॥
दंपती करै क्रीला उमंग[5]। मनमथ्थ रहसि बढि अंग अंग ॥
बिरहनी रटत पप्पीह[6] नार। प्रफुल्लित लता लल्लरिय बार ॥ छं० ॥ ३८ ॥
घन हच्छ लता लग्गिपुफ्फ[7] नेत। सब रंग रंग पावसह कंत ॥
उभ्भरिय चल्लिय सल्लिता संपूर। चलि मिल्लिय संग सायरह नूर ॥ छं० ॥ ३९ ॥
रति करन क्रीलनह[8] राज थाह। नन हंस धीर नन सुष्ष ताह ॥
नहि सजे सुष्य लवि बिषम बाइ। नन होत तपनि शीतन सुहाइ ॥ छं० ॥ ४० ॥
नन प्रीत सुहथ गय नारि मांहि। अतिताप जंत तन रोम मांहि ॥
नन नींदसुष्ष[9] नन राज अंग। लग्गेतु बाग मन मथ्थ पंग ॥ छं० ॥ ४१ ॥

---

१ ए० कृ० को०--गयंद, गयँद। २ मो०--चातुक। ३ मो०--व्यद।
४ ए०--तिन। ५ मो०--कृ०--उतंग। ६ शा०--बप्पीह।
७ ए०--पुप्प। ८ ए० कृ०--कील। ९ मो०--सुषं।

भेदेव अंग अँग रोम राइ । जानै न कोइ बर अवर भाइ ॥
यों करत गई पावसी विषम्म । किय सुमन[1] दसा दरुन करंम ॥छं०॥४२॥

वर्षा बीत कर शरद का आगमन ।

दूहा ॥ गत पावस आगम शरद । गई गुडन नभ मान ॥
ज्यों सद गुरु मिलि अंदरद । [2]मिलि प्रगट्ट गुरु ग्यान ॥ छं० ॥ ४३ ॥

शरदागमन-शरद वर्णन ।

सुक्कि पंक उत्तरि सरित । गय बल्ली[3] कुमिलाइ ॥
जलधर बिन यों मेदिनी । ज्यों पति हीन तियाइ ॥ छं० ॥ ४४ ॥

छंद पद्धरी ॥ निम्मलिय[4] कला उग्गयो सोम । कंदर्प प्रगट उद्दित[5] व्योम ॥
सरिता सुनीर आए निवांन । पंगु रन चरै चिय द्रग लजान ॥
मल्लिका फूल सुगंध वाइ[6] । संजोगि कंत रहिं लपटाइ ॥
फल फूल सकल लूटंत अंब । जस प्रभा सुभ्भ सुनि राज थंब ॥
देवास पूजि न्रप रजि बिवेक[7] । सिर छत्र चौंर राजंत[8] नेक ॥
आगम्म शरद रितु चलन साज । आनंद उभ्भर उमगे सु राज ॥
अति प्रीति सूर सामंत काज । पति नाक सभा हेमंत लाग ॥
किय सुमन चलंन गिरि दर्चनेस । आनान राग लग्यो अदेस ॥ छं०॥४५॥

अरिल्ल ॥ पावस रितु कीलंत सु राजन । फिरि आइय दिन सरद समाजन ॥
करन राज कीला आषेटं । संक्रमि देस मद्धि मन भेटं ॥ छं० ॥ ४६ ॥

राजा का अपने सरदारों के साथ शिकार के लिये तय्यारी करना ।

कवित्त ॥ सम सिकार कजिराज । सबर चतुरंग सु सज्जिय ॥
सघन सूर सामंत । अप्प अप्पन भर गज्जिय ॥
रंजि राज प्रथिराज । राज कीलन मन लाइय[4] ॥
बर पट्टन जद्दवन । दूत राज पै पठाइय ॥

---

(१) मो०--दिसा । (२) मो०--मिले पगट । (३) मो०--बेली ।
(४) मो०--निर्म्मली । (५) मो० कृ० को०--उद्दित सु । (६) ए० कृ० को०--बाइ ।
(७) ए०--कृ०--को०--बिमेक । (८) मो०--राजत अनेक ।

आनन राग चहुआन हुअ । कथा जंगि सुनिवृत्त किय ॥
अब कथन कथ विस्तार किय । जो राजन दूतन करिय ॥ छं० ॥ ४७ ॥

राजा का शिकार के लिये सवार होना ।

गाथा ॥ कुछ दिन अन्तर कमियं । राजं[1] कीलंत अप्प धर मझं ॥
एक सुदिन राजानं । कीलन आखेट अस्व चढ़ि चलियं ॥ छं० ॥ ४८ ॥

दूहा ॥ कीन राज आखेट चढ़ि । अन्तर दिन कुछ आदि ॥
जिन जिन जोग विधि लिखियवर । करि सनद्ध चढ़ि सादि । छं० ॥ ४९ ॥

माघ बदी मङ्गलवार को शिकार के लिये निकलना ।

अरिल्ल ॥ कीलन राजं[2] चढ़े आखेटं । माघ बद्दि दुतिया दिन भेटं ॥
दिन सुभवार सु मंगल लहियं । कानन सिकार अस्व चढ़ि चलियं ॥ छं० ॥ ५० ॥

राजा की धूमधाम का वर्णन ।

कवित्त ॥ चढ़िय राज प्रथिराज । साज आखेट तिन सज्जि ॥
सथ्थ सुभट सामंत । संग सेना सु तुच्छ भज्जि ॥
जाम देव का कन्ह । अत्त तई निडर गुर ॥
मति मंत्री कैमास । राव चामंड जुभम्म[3] भर ॥
परमार सिंघ सूरन समथ । रघुवंसी राजन सुबर ॥
इतनें सहित भर भेंन चलि । उडी रेनु आकास पर ॥ छं० ॥ ५१ ॥

बन में जानवरों का वर्णन ।

बागुर जाल बयल्ल । हिरन चीते सु स्वान गन ॥
कालबूत, खग, विहंग । विवाह नहीय चलत बन ॥
सर नावक बंदूक । हरित जन बसन विरंज्जिय ॥
गै जिमि गिरि करि आग । अप्प बन संपति सज्जिय ॥
है भारि भईथ कानन सकल । मग अमंग दल संचरिय ॥
पिष्षन सिकार चढ़िय नृपति । प्रथियराज मंचि संभरिय ॥ छं० ॥ ५२ ॥

शिकार का वर्णन ।

(१) मो०--दलणेश । (२) मो०--भारय । (३) मो०--षट्टीन ।

सब सरदारों का भी वहां पहुंचना, एक वधिक का आकर सूकर का पता देकर राजा से पैदल चलने के लिये निवेदन करना ।

और सकल सामंत भर । आइ संपने तथ्य ॥
अरज राज प्रथिराज सम । कही बधिक इह[1] कथ्य ॥ छं० ॥ ५९ ॥
चय सु दिवस राजन क्रमिय । तीस कोस चै अग्ग ॥
जंगल धरतें बेद चय । सिल नालूर सुरंग ॥ छं० ॥ ६० ॥
बधिक कही इह राजप्रति । घात करै सुभ संच ॥
दल सम्मह तजि चल्लिये । तुबक गही तुर तंच ॥ छं० ॥ ६१ ॥

राजा का तुरंत घोड़ा छोड़ तुबक कन्धे पर रख बाराह की खोज में चलना ।

तब राजन्न तुरंग तजि । गहि दिढ़ तुबक सुकंध ॥
कोहर मध्य बराह दर । करिय चोट सुर सध ॥ छं० ॥ ६२ ॥

सूअर को राजा ने मार कर बधिक को इनाम दे कर सुन्दर बारी में विश्राम किया, समय होने पर भोजन की तय्यारी होना ।

कवित्त ॥ हनिग राज बाराह । अप्प बधिक इन्नाम दिय ॥
सुभर सकल सामंत । रंजि राजन्न[2] सुभंतिय ॥
बारी को सहुआन । तास धरा अह सुब्बर ॥
तहं विराम करि राज । अवर सामंत अप्प जुर ॥
जब भई गोठि तथ्यह सुवर । तब परिहार सु सह किय ॥
सामंत सुभर राजंन[3] अर । आहारे विंजन सुनिय[4] ॥ छं० ॥ ६३ ॥

चारों ओर राजा के शिकार की बड़ाई होना ।

दूहा ॥ दिल्ली वैहै वैगहन । खना* अषेटक राज ॥
चावदिसि सुर जंपई । धन चहुआन समाज ॥ छं० ॥ ६४ ॥

---

(१) मो० इक । (२) मो०--राजप्रति । (३) मो०--राजान ।
(१) मो०--धारौं । (२) मो०--राजान । (३) मो०--लय ।
* ए--क्ट०--को०--वैगहन बरन अखेटक राज ।

कवित्त ॥ उभय सत्त मृग मुदित । बंधि फै दैत रत्तति बर ॥
यों बंधे मृग बीय । कहै ओपमा चंद बर ॥
मन बंधि कुलटा विटप । ग्यान बधि मुकतिन आवै ॥
दिन बंधि आवै कुमति । काल नर बुद्धि डुलावै ॥
आनई लज्ज गुन जस पकरि । आंनि संचि आवै अजस ॥
आनई क्रोध धर कलह को । यौं आने मृग बीय गस ॥ छं० ॥ ६५ ॥
नाम स्वान गति सीह । पत्त पर भवन वाय पुर ॥
कल हढ़ अग्गि सु ज्वाल । जीव पुच्छौ न ।त्त सुर ॥
दीय नयन प्रज्जरै । कल्ल लंबे कंध डारै ॥
कहि ओपम कवि चंद । बीज चंचल गति हारै ॥
अति ज्वाल परिग्रह रोसभर । दुति नरंग क्रिति जल ग्रलिय ॥
पामर कपाट पंजर बिहर । राज पास दसदिसि चलिय ॥ छं० ॥ ६६ ॥

राजा का अकेले बधिक के साथ शिकार के पीछे चलना और सरदारों का राजा के पीछे पीछे चलना ।

कवित्त ॥ इक्क समय राजन्न । करन कीना धर अप्पं ॥
विपन मध्य संक्रमन । करन आपेट सु तप्पं[१] ॥
ग्रह करि नुपक सु राज । स्रग कती धर चल्लिय ॥
अवर सूर सामंत । फौज पच्छें धरि हल्लिय ॥
कर हथ्थ डार हक्कन सुपर । चले राज तुक्क बधिक सथ ॥
लग्यौ सुरंग आषेट कौ । कस्यौ राज पर भूमि पथ ॥ छं० ॥ ६७ ॥

शुकी का शुक से पूछना कि दिल्ली के राजा के गन्धर्व विवाह का समाचार कहो शुक ने कहा कि जादव राजा ने नारियल देकर ब्राह्मण को भेजा ।

पुच्छ कथा शुक कहे । समह गंध्रवी सुप्रमहि ॥
स्रवन लंमि संजोगि । रज सनधरी सुनेमहि ॥

(४) उपमा सु । (२) मो –सु ।
(१) आखेटक ।

... ... । इम चिंतिय मन मझ्भि ।
कै करो पति जुगगनि ईसह । ईस पुज्जै सु जग्गीसह ॥
शुक चिंति बाल अति लघु सुनन । ततविन विस उपजै तिहि ॥
देव सभा न अद्दुव न्रपति । नाल केर दुज अनुसरहि ॥ छं० ॥ ६८ ॥

ब्राह्मण का जैचन्द के यहां जाकर उसके भतीजे वीरचन्द से शशिव्रता की सगाई का संदेसा देना। एक गन्धर्व यह सुनता था वह तुरंत देवगिरि की ओर चला।

नाल केर दुज गहिय । द्वार जै चंद गयो वपु ॥
करी षबर हे जमह । अप्प अंदर बुलाइ न्रप ॥
नाल केर दुज आनि । कह्यो राजन अब धारी ॥
देव सु गिरि न्रिप भ्रात । पुंज ससि वृत्त कुमारी ॥
सो दइय बंध नृप वर कहु । लगन मास दिन पंच वर ॥
सुनि श्रवन एह गंध्रव कथ । चल्यौ सु दक्किन देव धर ॥ छं० ॥ ६९ ॥

गन्धर्व का शशिव्रता के पास आना, वह बन में विचर रही थी।

दूहा ॥ चल्यौ सु दक्खिन देव गिरि । जहां शशिवृत्त कुमारि ॥
विपन मद्धि क्रीड़ा करन । रमइ बाल चितचारि ॥ छं० ॥ ७० ॥

सोने के हंस का रूप धरकर गन्धर्व का दिखलाई देना, शशिव्रता का उसको पकड़ना और पूछना कि तुम कौन हो। हंस का कहना कि मैं गन्धर्व हूं देवराज के काम को आया हूँ।

कवित्त ॥ हेम हंस तन धरिय । विपन मद्ध विश्राम लिय ।
दिष्षि तास शशिव्रत्त । अनिहि अचरिज्ज मानि जिय ॥
बल कर गहिय सु तत्व । हत्थ लै करि तिहि पुच्छिय ॥
कवन देव तुम थान । कवन माया तन अच्छिय ॥
उच्चर्यौ हंस ससिवृत्त सम । मति प्रधान गन्धर्व हम ॥
सुरराज काज आए करन । तीन लोक हम बाल गम ॥ छं० ॥ ७१ ॥

शशिव्रता का पूछना कि हम पहिले कौन थीं और हमारा पति कौन होगा हंस का कहना कि तू चित्ररेषा नाम की अप्सरा थी, अपने रूप और गान के गर्व में इन्द्र से लड़ गई इससे दक्षिण के राजा की बेटी हुई।

कवित्त॥ कहै बाल सुनि हंस। कवन हम पुब्ब जम्म कह॥
कवन पत्ति हम लहैंहिं। लेष बिचार लहो इह॥
तबै हंस उच्चस्यौ। सुनहि शशिहत्ता नारी॥
चित्ररेष अपच्छरि। सगीन अति रूप धरारी॥
तिहि गरब इन्द्र सम कलह करि। क्रोध देवबंडी सुरम॥
दच्छिन नरेस न्त्रप तात बँधु। पुंज ग्रहे अवतार सुम॥ छं०॥ ७२॥

हंस ने कहा कि पङ्ग अर्थात् कान्यकुब्ज नरेश के भतीजा वीरचन्द्र के साथ तुम्हारे मा बाप ने सगाई की है पर वह तुम्हारे योग्य बर नहीं है।

चौपाई॥ कहै हंस सुनि बाल बिचारी। पंग बधुर बीर सु पुत्तारी॥
तिहि तु दई मातु पितु बंधं। सो तुम जोग नहीं बर कंधं॥ छं०॥ ७३॥

उसकी आयु एक ही वर्ष है, इस लिये दया करके राजा इन्द्र ने मुझको तुम्हारे पास भेजा है।

तेम रहै बर बरष इक्क महि। हय गय अनन भुभिक्ख है समतहि॥
तिहि चार करि तुमहि पै आयौ। करि करुना यह इन्द्र पठायौ॥ छं०॥ ७४॥

शशिव्रता ने कहा कि तुमने मा बाप के समान स्नेह किया सो तुम जिससे कहो उसी से मैं ब्याह करूं॥

तब उच्चरिय बाल सम तेहं। तुम माता सम पिता सनेहं॥
मुझ्झ सहाय अवरि को करिहौ। पानि ग्रहन तुम चित अनुचरिहौ॥
छं०॥ ७५॥

हंस का कहना कि दिल्लीपति चौहान तुम्हारे योग्य बर है।

चौपाई ॥ तब हेन्यो हुजराज विचारं । सुनि ससिव्रत्त कथ्य इक सारं ॥
दिल्ली वै चहुआन महा भर । सो तुम जोग चिन्तयौ छम बर ॥
छं० ॥ ७६ ॥

उसके सौ सरदार हैं, उसने गजनीपति को पकड़कर
दण्ड लेकर छोड़ दिया ।

सत सामंत सूर बलकारी । तिन सम जुद्ध सु देव विचारी ॥
जिन गहियौ सर बर गज्जन वै । दब गय मंडि छंडि फुनि थिय वै ।
छं० ॥ ७७ ॥

महा बली चालुक्य भीमदेव को जीता है । यह सुन शशि-
व्रता का प्रसन्न होकर कहना कि तुम जाओ और उन्हें
लाओ जो वह न आवेंगे तो मैं शरीर छोड़ दूंगी ।

गुज्जर वै चालुक भीमनर । ते दिन राति डरै जंगल धर ॥
बरन जोग तुम तेह विचारं । सुनि की सुंदरि हरष अपारं ॥ छं० ॥ ७८ ॥
तहां तुम किता छल करि जाउ । दिल्ली वै अनुराग उपाउ ॥
मांस पटह हों इत्तह मंडों । प्युना आवै तो तन छंडों ॥ छं० ॥ ७९ ॥

हंस वहां से उड़कर दिल्ली आया ।

तब उड़ि चल्यौ देह दिस उत्तरि । ढिग ससिव्रत रष्षि निज सुंदरि ॥
जुग्गिनि पुर आयो हुजराजं । सोवन देह नगं नग साजं ॥ छं० ॥ ८० ॥

बन में शिकार के समय हंस का आना उसे देखकर आश्चर्य
में आकर पृथ्वीराज का पकड़ लेना ।

कवित्त ॥ बय किसोर प्रथिराज । रम्य हा रम्य प्रकारं ॥
सेत पष्य बिय चंद । कला उहित तन मारं ॥
विपन मध्य चहुआन । हंस दिष्यौ ऋप अष्षिय ॥
चरन भाग दुति होन । हेम पक्की वियलष्षिय ॥
आचिज्ज देषि प्रथिराज बर । धाइ न्नपति बर कर गहिय ॥
आपुब्ब दुज्ज गति हून कथ । रहवि राज सों सब कहिय ॥ छं० ॥ ८१ ॥

दूहा ॥ विपन मध्य आचिज्ज इह । दिष्षि राज प्रथिराज ॥
भूत दूत कमज्जौन तन । हंस सरुप विराज ॥ छं० ॥ ८२ ॥

संध्या को हंस रूपी दूत का सबको हटाकर राजा को पत्र देना ।

संझ सपत्तौ न्रपनि पै । दून सु जहव राइ ॥
बर कग्गद न्रप हथ्थ दै । कहि श्रोतान बधाइ ॥ छं० । ८३ ॥

दूत का कहना कि एकान्त में कहने की बात है । इतना कहकर चुप हो जाना ।

कह्यो दून मन अप्पनै । जो व्रंनो विधि जोइ ॥
दोषु[1] जानि नन व्रंन वहि । न्रप श्रोतान न होइ ॥ छं० ॥ ८४ ॥

चौपाई ॥ अति सु मनह चिंते परि मांन । मानहु थके सिंध जल थांन ॥
दाहन अप्प एक सोइ जाइ । चिंतौ कथा सु अंनह पाइ ॥ छं० ॥ ८५ ॥

दूहा ॥ इह कहि बत्त ठठुक्कि रहि । उत्तर एक न आइ ॥
मानो उरग छछूंदरी । कंठ लगावहि धाई ॥ छं० ॥ ८६ ॥

गाथा ॥ मुष जंपी मन बत्तं । दूतं जे नवाइ सिर पुछं ॥
बर चहुआन कमानं । किम जहां नमों नम नाउं ॥ छं० ॥ ८७ ॥

हंस का कहना कि शशिव्रता का गुण कहने को शारदा भी समर्थ नहीं है ।

दूहा ॥ इह अष्षी चहुआन सों । नतो मार कहि आइ ॥
सुनिवेकों ससिहत्त गुन । सारदज लजचाइ ॥ छं० ॥ ८८ ॥

चन्द्र और सूर्य के बीच में शशिव्रता ऐसी सुशोभित है मानों शृङ्गार का सुमेर हो ।

राका अरु सूरज्ज विच । उदै अस्त दुहु बेर ॥
बर ससिहत्ता सोभई । मनों स्रृङ्गार सुमेर ॥ छं० ॥ ८९ ॥

शशिव्रता के रूप का वर्णन ।

इन वै मन रूपह तरुनि । बन गुन आवै मान ॥
सो बर बर कविचंद कहि । सुनहु तो कहूं प्रमान ॥ छं० ॥ ९० ॥

(१) मो०—देषु ।

छंद मोटक ॥ बय संधिह बाल प्रमान ब्रनं। कहि मोटक छंद प्रमान सुनं ॥
बय स्यांम5ह ग्रीषम अंकुरयं। अह अंत निसागम संकरयं ॥ छं० ॥ ९१ ॥
जल सैसव सुद्ध समान भयं। रवि बाल बचिक्रम लै अथयं[1] ॥
बरसै सब जोवन संधि अनी। सु मिलैं जनु पित्तह बाल जनी ॥ छं० ९२ ॥
कुर ज्यों लगि सै सब जुब्बनता*। सुमनों ससि रंतन राज[2] छिता ॥
जु चलै मुरि मारुत झंकुरिता। सु मनों सुरवेस मुरी मुरिता ॥ छं० ॥ ९३ ॥
कलकंठ सु कंठय पंच अली। गुन जंपि कवित्त सु चंद बली ॥ छं० ९४ ॥

कवित्त ॥ ससिर अंत आवन बसंत। बालह सैसव गम ॥
अलिन पंच कोकिल सुकंठ। सजि गुंड मिलत भ्रम ॥
सुर मारुत मुरि चले। मुरे मुरि बैस प्रमानं ॥
तुच्छ कौं परसिस फुट्टि। आन किस्सोर रँगानं ॥
लीनी न भ्रमि नक स्यांम तन। मधुप मधुर धुनि धुनि करिय ॥
जानी न बयन आवन बसत। अग्याता जोवन अरिय ॥ छं० ॥ ९५ ॥

कवित्त ॥ पत्त पुरातन झरिग। पत्त अंकुरिय उट्ठ तुच्छ ॥
ज्यों सैसव उत्तरिय। चढ़िय सैसव किसोर कुच्छ ॥
सीतल[3] मंद सुगंध। आइ रिति राज अचानं ॥
रोम राइ अंकुच नितंब। तुच्छं सरसानं ॥
बट्ठे न सीत कटि छीन हवै। लज्ज मांन टंकनि फिरै ॥
ढंकै न पत्त ढंकै कचै। बन बसंत मंत जु करै ॥ छं० ॥ ९६ ॥

पृथ्वीराज का शशिव्रता का रूप सुनकर उसके मिलने की चिन्ता में रात दिन लगे रहना। सबेरे उठते ही राजा के दूत से पूछना।

दूहा ॥ श्रवनन भव श्रोतान व्रप। मन बंछै पहुआन ॥
मनु ससिव्रत्त कुंआरि कौ। पत्थो उर द्वार बान ॥ छं० ॥ ९७ ॥

---

(१) मो०—पत्थमियं। * मो०—सु लगी जनु सैसव योबनता।
(२) मो०—राज। (३) मो०—सीत।

कवित्त ॥ निसि नरिंद चहुआन। चित्त मनोरत्थ विचारै ॥
भई दीह सब निसा। निसा सयनंतर धारै ॥
सयनंतर ससिवृत्त। चाटु चटु बैन उचारै[1] ॥
चाह चाह बर बयन। मान माननि संभारै ॥
दैवान मनोरथ चित्त बर। भव भव कम्मन कच्छ करै ॥
भौ प्रात दूत पुच्छै न्रपति। जहोवै चित्तै धरै ॥ छं० ॥ ९८ ॥

हंस का राजा देवगिरि का जैचन्द के यहां सगाई भेजने और शशिव्रता के पण ठानने का वृतान्त कहना।

दूहा ॥ बर बंध्यौ ससि वृत्त कौ। अरु न्रप भान कुंआर ॥
बंधी दिन कमधज्ज कै। नाम बीरबर भार ॥ छं० ॥ ९९ ॥
ससिवृता वृत आइ चै। बहु देख्यौ बर कीन ॥
न्रप वै भान स्वयंबरच। एक व्रत्त बल लीन ॥ छं० ॥ १०० ॥
जैत षंभ मंड्यौ नृपति। बान चनन वृत लीन ॥
ता काजै दिसि दिसि नृपति। धर धर कग्गर दीन ॥ छं० ॥ १०१ ॥
दूच अमंत[2] न्रप बर जितै। कियौ न मन्नै नाम ॥
दारुन वृत लीजै नचौं। दूच कहि पूरि सु ठाम ॥ छं० ॥ १०२ ॥
दूच सुनंत प्रस्थान दै। बर पंचमि रवि बार[3] ॥
पच्छ चलाइ मवन्न सुनि। कांनन बीरन[3] बार ॥ छं० ॥ १०३ ॥
दोऊ बाल पावक्क बनि। सुनि परि उट्ठच गात ॥
मानों चौय चतुर्द्दशी। कै शशि उट्ठिय प्रात ॥ छं० ॥ १०४ ॥
सुनि कै आसन उट्ठि बर। ढुंढत फिरत सु जोइ ॥
कंत कंत के करत ची। कान भनक कछु होई ॥ छं० ॥ १०५ ॥
बीर चंद जैचंद बंधु। देवह पुंज कुंआरि ॥
न्रप पठये चहुआन पै। दै शशिवृत्ता नारि ॥ छं० ॥ १०६ ॥

शशिव्रता की विरह जल्पना का वर्णन।

---

(१) ह०--क०--को०--उचारे। (२) मो०--अमूत।
(३) क०--बार।

आगम वीर बसंत कौ। शिशिर संपने अंत॥
ग्रीषम पतन सु ग्रीत कौ। दैन बांह हो कंत॥ छं०॥ १०७॥

कवित्त॥ शिशिर सु विधुरन बन। वियोग बिकुरत बन कंते॥
दुबन आस रहि मास। कंत आयो न बसंते॥
उपवन पत्त भंभरिय। बिरह पंजर संझंभरि॥
आस अनदिन हुलसि। बिपन हुलसै सु समंभरि॥
अनमेष अपत इच्छा रुघन। आनंद उर भूषन तजै॥
दोऊन होइ कवि चंद कहि। असु रष्पिह धज सम सजै॥ छं०॥ १०८॥

शशिव्रता का चित्ररेषा के अवतार होने तथा पृथ्वीराज के पाने के लिये रात दिन शिव जी की पूजा करने का वर्णन।

कवित्त॥ चित्र रेष बाला विचित्र। चंद्री चन्द्रानन॥
स्वर्ग मग्ग उत्तरी। चित्त पुत्तरि परमानन[1]॥
काम बान सुंजुरी। बाल अंजुरी सु लच्छिय॥
मार कलह उत्तरी। पुब्ब अच्छरी सु लच्छिय॥
लछिन बत्तीस लच्छी सहज। रति पति चित्त समंधरै॥
संग्रहै हत चहुआन कौ। गवरि पुज्ज दिन प्रति करै॥ छं०॥ १०९॥

दूहा॥ बरनी जोग बरन्न को। बर भुम्मै करतार॥
तिहि कारन ढुंढ़त फिरै। सत्त समुद्रह पार॥ छं०॥ ११०॥

वह आप अब मिल गए देर न कीजिए चलिए।

जा कारन ढुंढ़त फिरत। सो पायौ दीनीस॥
अब जहव ससिहत चढ़िय। दीनी ईस जगीस॥ छं०॥ १११॥

मैं महादेव जी की आज्ञा से तुम्हारे पास आया हूं।

शिवा बानि शिव बचन करि। हो येठयो प्रति तुम्झ॥
कारन कुंअरि हत्त कौ। मन कामन भय मुम्झ॥ छं०॥ ११२॥

शशिव्रता के रूप गुण का वर्णन।

(१) मो०—समानन।

सुभ लच्छ जइव प्रिया। कहियै का सु विवेक ॥
हंस कहै राजन सुनिय। उत्तिम लच्छिन केक ॥ छं० ॥ ११३ ॥

काव्य ॥ पीनो छपीन उरजा, सम शशि बदना, पद्म पत्रायताक्षी ॥
रक्तंबोष्टी तुंग नासा, गज गति गमना, दक्षना हस्त नाभी ॥
संस्निग्धा चारु केशी, मृदु प्रथु जघा, वाम मध्या सु वेसी ॥
हेमांगी कंति हेला, वर रुचि दसना, काम बाना कटाक्षी ॥ छं० ॥११४॥

पृथ्वीराज का पूछना कि तुम सब शास्त्र जानते हो सो चार प्रकार की स्त्रियों के गुणादि का वर्णन करो।

अरिल्ल ॥ सुनि प्रथिराज हंस फिरि पुच्छिय। तुम सब जान सु लच्छिन लच्छिय ॥
चारि जुगत्ति त्रिया परकारं। कहु दुजराज सु लच्छिन सारं ॥ छं० ॥११५॥

हंस को देर होने के भय से कोई बात अच्छी नहीं लगती।

दूहा ॥ कही हंस जहां सु कथ। लगि श्रोतान सुराज ॥
छिनन हंस धीरज धरै। लगै बान सम साज ॥ छं० ॥ ११६ ॥

हंस कहता है कि स्त्रियों की बहुत जाति हैं पर शशिव्रता पद्मिनी है।

कहै हंस बर राज सुनि। अति अनेक है जाति ॥
पदमनि है जद्दव कुंअरि। आंन तरुनि अनि भांति ॥ छं० ॥ ११७ ॥

राजा का उत्तम स्त्रियों का लक्षण पूछना।

राज कहै दुजराज सुनि। करि बरनन कथि सोइ ॥
को लच्छिन उत्तिम त्रिया। कहियै सो सब जोइ ॥ छं० ॥ ११८ ॥

हंस का पद्मिनी, हस्तिनी, चित्रणी, और संखिनी इन चारों का नाम गिनाना।

चारि जाति है त्रीय तन। पदमिनि हस्तिनि चित्र ॥
फुनि संषिनिय प्रमान इय। मन नह रंजिय मित्त ॥ छं० ॥ ११९ ॥

राजा का चारों के लक्षण पूछना।

छंद पद्धरी ॥ सुनि हंस बैनं उर लगी बत्त। विधिना लिषंत क्यों मिटै पत्त।
श्रोतान राग उर लगे राज। तन लगे बान समरत्थ सु साज ॥ छं० ॥ १२० ॥

वुझ्झस राज फिरि हंस बत्त । सुनि श्रवन बेंन मन भयौ रत्त ॥
पुच्छनह राज सब चिय विवेक । उच्चरयौ* हंस सो बत्त एक ॥ छं० ॥ १२१ ॥
तुम देव अंस जानौ सु भेउ । हम कहत परम दुज लहै केउ ॥
लच्छिन प्रकार चव चिय विवेक । करि बरन सुनावहु भांति नेक ॥ छं० ॥१२२॥

हंस का लक्षण वर्णन करना ।

गाथा ॥ कहै विवेक सुहंसं । चीय प्रकार चार लहि इंदं ॥
सुनि राजन सुभ बांनी । आनंदे श्रवन मझ्झनं ॥ छं० ॥ १२३ ॥
दूहा ॥ तब दुजराज सु उच्चरिय, रे संभरि पुर इंद ॥
पदमिनि हस्तिनी चित्रिनी, संषिनि संषन नंद ॥ छं० ॥ १२४ ॥

स्त्रियों के उत्तम गुणों का वर्णन ।

अरिल्ल ॥ रक्त जीभ मृग अंक सु लच्छिन बान इहि ॥
बचन सु अमृत धार रती रति जांनि जिहि ॥
इला[1] सील कुल वाल क्रती क्रामोदरी ॥
इन गुन नृप भय चारु सु चार जु सुंदरी ॥ छं० ॥ १२५ ॥

पद्मिनी का वर्णन ।

कवित्त ॥ कुटिल केस पदमिनी । चक्क चस्लन तन सोभा ॥
स्निग्ध दंत सोभा विसाल । गंध पद्म आलोभा ॥
सुर सम्रह हंसी प्रमांन । निंद्रा तुछ जंपै ॥
अलप वाद मित काम । रत्त अभया भै कंपै ॥
धीरज्ज छिमा लच्छिन सहज । असन बसन चतुरंग गति ॥
आनंक छोड़ लग्गै सहज । काम बांन भूलं[illegible] ॥ [illegible] १२६ ॥

[illegible]स्तिनी का वर्णन ।

उर्द्ध केस [illegible] । वक्र अस्तन दसनं दुति ॥
मधुर गंध [illegible]रनाट । भुक्ति भ्रम कांम बाम रति ॥
गूढ़ सवद मन जा । विधान रंगन क्रामोदरि ॥
चित्र नयन चंचल्ल । विसाल बरनी जंमोदरि ॥

मो०—करि हंस राज यों बत्त यक्क । (१) कृ० ह०—इली ।

छिन हृदय हसय बिहसय लहय। बसि चित्तह चित पुत्तलिय[1] ॥
नीत्रीय मान जानैं बहुन। कंत चित्त जाइ न कलिय ॥ छं० ॥ १२७ ॥

चित्रनी का वर्णन।

दीर्घ केस चित्रिनी। चित्त हरनी चंद्रानन ॥
गंध सग चिच निद्र। कोक शब्दन उच्चारन ॥
सील नील लज्जा प्रमांन। रत्ति ... रै ॥
आलस ... रस बलित। ... उचारै ॥
... रज्ज ... छबि लोक कारि। अवलोकन गुन औसरै ॥
विस्तीर्ण अंच मोहन पढै। चित्त वित्त कंतहु हरै ॥ छं० ॥ १२८ ॥

संषिनी का वर्णन।

अलप केस कुच स्थूल। थूल दंती उच्चारन ॥
थूल उद्र लंकीस। थूल क्रिस लंगध बारन ॥
घोर निद्र[2] तन तास। अलप रसना रस छंडै ॥
अलप सील गंभीर। प्रबद् कलहंतर मंडै ॥
आचार भ्रंन नहि सुद्ध मन। विधि बिचार बिभचार घन ॥
आसंष संष संषिनि गुननि। सुष्य नाह पावै न तन ॥ छं० ॥ १२९ ॥

शशिव्रता के रूप तथा नखशिख शोभा का वर्णन।

दूहा ॥ सुनौ श्रवन चहुआंन बर। देवगिरि न्रप भान ॥
रूप अनूप अनूप गति। कहि ओपम सुनि कान ॥ छं० ॥ १३० ॥

छंदनाराच ॥ चढंत बेस सामयं। अरंभ प्रेह कामयं ॥
उठंति पचि चल्लिता। बियह चंद्र चल्लिता ॥ छं० ॥ १३१ ॥
नषं सुरंग रंजनं। तरक्क दर्प्प कंजनं ॥
चलंत पेंड रुच्चयौ। अरुन्न नील कच्चयौ ॥ छं० ॥ १३२ ॥
रही सु कंति थावकं[3]। चलंत हंस सावकं ॥
दो हंस अंग अंगुरी। उपंम काक बिज्जुरी ॥ छं० ॥ १३३ ॥

---

(१) मो०—पुत्तरिय। (२) मो०—नीद।
(३) ए० कृ० को—तायकं।

मराल छोड़ मुक्कियं । चरंन चंपि लुक्कियं ॥
सुरेष पिंड सुभ्भियं । अनंग अंग लुभ्भियं ॥ छं० ॥ १३४ ॥
दीपंत जंघ पिंडुरी । भराइ काम सुंदरी ॥
दुती उपंम जंघ की । किधों उर्ल्टि रंभ की ॥ छं० ॥ १३५ ॥
त्रितिय उपंम जंघरी । धराद् काम की करी ॥
कनक्क थंभ रंभ सी । अनंग रंग रंग सी ॥ छं० १३६ ॥
नितंब तुंग मंडली । सयन्न काम की चली ॥
उतंग भाग अग्रता । मनों तुलाकि दंडिता ॥ छं० ॥ १३७ ॥
छछीन छीन लंकयं । कमांन काम अंकयं ॥
सरोम राइ राजई । उपंम कव्वि साजई ॥ छं० ॥ १३८ ॥
सुमेर शृंग कंदकै । चढ़ै पपील चंद कै ॥
उपंम कव्वि ठहई । धनक्क मुठ्ठि चड्ढई ॥ छं० ॥ १३९ ॥
थनं विपान थोरयौ । अनंग बान ओरयौ[१] ॥
सुरंग रोम बाल सी । जु केवलं प्रवाल सी ॥ छं० ॥ १४० ॥
उपंम चंद ग्रीव की । मनो अनंग सीव की ॥
दुती उपंम तं लचै । कपोत कंठ कंक चै ॥ छं० ॥ १४१ ॥
चिबुक्क चारु बिंद कौ । चच्यौ कलंक चंद कौ ॥
दसन्न जोति कामिनी । मनों दमक्कि दामिनी ॥ छं० ॥ १४२ ॥
हसंत छव्वि में कही । सु लच्छि रंक ढंकही ॥
सुरंग ओठ अद्ध सी । सु अद्ध रेष चंद्र सी ॥ छं० ॥ १४३ ॥
दसन्न चारु मानयं । प्रभात कै प्रमानयं ॥
दिपंत जोति नासिका । सु गत्ति कीर चासिका ॥ छं० ॥ १४४ ॥
षुभी जराइ राजई । उपंम कव्वि साजई ॥
मनों तरक्क बिक्कुरे । मिलंत चंद उक्कुरे ॥ छं० ॥ १४५ ॥
तटंक कन्न राजई । उपंम ता समाजई ॥
सुकांम बाम चाढ़िकै । धरे षरास बाढ़िकै ॥ छं० ॥ १४६ ॥

(१) ए० कृ० को०—आरयौ ।

सुमत्ति नास जीपकै । चुनंत कीर सीपकै ॥
सुभाइ बंक नैन की । हरंत चित्त मैंन की ॥ छं० ॥ १४७ ॥
चलंत नैंन भ्रूव ले । धरंत चंद ज्रुव ले ॥
लिलाट आड़ सोभई । अनंग थान लोभई ॥ छं० ॥ १४८ ॥
सुरंग केस पासयं । सु मुत्ति मंडि भासयं ॥
किरंन सूर साजकी । अहार दूध भार्स की ॥ छं ॥ १४९ ॥
चिपंड मंडयौ गुही । उपंम काक विज्जुही ॥
सोवन्न षंभ दुत्तरी । उरग्ग बीय उत्तरी ॥ छं० ॥ १५० ॥
श्रृंगार भार भारियं । विलोकि काम पारियं ॥
श्रवन्न मंडनं धरी । अनंग चित्त ज्यों हरो ॥ छं० ॥ छं० ॥ १५१ ॥
विसाल बाल विभ्भरी । कविंद बुद्धि विस्तरी ॥ छं० ॥ १५२ ॥

राजा का पूछना कि अप्सरा का अवतार क्यों हुआ ।

दूहा ॥ जंपि राज दुज राज सम । तुम मति रूप अलोइ ॥
कवन काज अवतार इत । सत्य कहौ तुम सोइ ॥ छं० ॥ १५३ ॥

हंस का विवरण कहना ।

हंस कहै राजन्नसुनि । [1]कहौं उतपत्ति चियेन ॥
सुनहु राज मन प्रसन होइ । विवरि कहौं सब बेंन ॥ छं० १५४ ॥

इन्द्र और चित्ररेषा के झगड़ा तथा शाप का वर्णन ।

कवित्त ॥ एक समै सुर ईस । अप्प पुर इन्द थान गय ॥
आगम देव सुनेव । नाग पति अति उछाह भय ॥
अरघ पाद करि धूप । करै मंगल अपुव्व सुर ॥
सुभ आसन रजि रुद्र । करैं घर सार बारि नर ॥
अस्तुत्ति करन लग्गौ सुरिंद । तब प्रसन्न भय ईस प्रति ॥
उच्चरिय कूट जट इंद सों । सुभ दिघ्यौ अच्छर नृपति ॥ छं ॥ १५५ ॥

पृथ्वी पर जन्म लेने का शाप इन्द्र का देना ।

रंभ घृताची मैन । मंजुघोषा सुरंग चिय ॥
उरबसि केसी नारि । तुरत तिल्लोत्तमानि पिय ॥

(१) मो०—कह उतपति तिय तैन ।

किय श्रृंगार सुंदरिय । आइ उभ्भी सुर बामं ॥
देषि त्रिया मन प्रमुदि । हुआ मन उद्दित कामं ॥
अब सरस नृत्य कारनह कजि । जंच मृदंग [1]उपन्न सजि
अस्तुति अनेक पढि घोष त्रिय । पहुपंजुलि सुर इंद्र कजि ॥छं०॥१५६॥

अनेक स्तुति करने पर शिव जी का प्रसन्न होना ।

तब सु कोप धरि ईस । दियौ सुर श्राप पतन धरि ॥
और रंभ किय नृत्य । सुबर अनेक विदि पर ॥
बहु बिबेक कल मान । ताल मंडै त्रिग्गन सुर ॥
रंजि राज सुर ईस । दीन बर बानि रंभगुर ॥
अति प्रमुदि चित्त कैलास पति । उभय देव आनंद हुअ ॥
सुभ सभा बिराजै राज सुर । सुबर प्रमोदिय मन सँभुअ ॥ छं० ॥ १५७ ॥

शिवजी का प्रसन्न होकर बर देना कि तेरा जन्म राजकुल में होगा और ब्याह भी छत्रधारी से होगा । पर तेरा हरन होगा और तेरे कारण घोर जुद्ध होगा ।

दूहा ॥ करि प्रसंन सुर राज त्रिय । मुष अस्तुति सुर कीन ॥
बर बानी पुर इंदकै । [2]यह सुवाक्य सिव दीन ॥ छं० ॥ १५८ ॥
परै तुम्भ उत्तिम घरनि । पुन्नी भूमि नरिंद ॥
हुअ पथ्थी सिर छत्रचै । करि सेवा बर इंद ॥ छं ॥ १५९ ॥
बचन ईस तें बर लहै । हरन होइ तुअ नारि ॥
कलह केलि भावन भवन । ह्वै है जुद्ध अपार ॥ छं० ॥ १६० ॥

शिव की उसी बानी के अनुसार वह अपने समान पति चाहती है ।

कही बांनि कैलास पति । मैनकेस सुनि नारि ॥
परस दोष भरतार सम । करत सु क्रीड अपार ॥ छं० ॥ १६१ ॥

(१) मो०--उपम्म । (२) किय वधाय दिवतीन ।

दिन पूरा होने पर उत्तम पति पाकर फिर अप्सरा योनि पावेगी ।

गाथा ॥ तुझ दिन अंतर क्रमियं । आगम भरतार पामि उड्ड लोकं ॥
फिरि अच्छरि अवतारं पामै तुभ्भ ईस बर बांनी ॥ छं० ॥ १६२ ॥

शाप के पीछे शिव जी कैलस गए अप्सरा मृत्युलोक में गिरी, वही जादव राज की कन्या शशिव्रता है और तुम्हें उसने पति बरन किया है ।

कवित्त ॥ दै सराय सुर नारि । अप्प करि ईस थान चलि ॥
घन अस्तुति कर इंद्र । प्रमुदि अति रुद्र बानि फलि ॥
चलै थान कैलास । परी अच्छरी [1]मृतं पुर ॥
जद्दव ग्रह चिय जाइ । उअर उप्पजी कुंअरि बर ॥
देवास थान तपि भान न्रप । तिहि पुची ससिव्रत कुंअरि ॥
सोई बाच रुद्र देवह सुचिय । तुअ कारन कायह उअरि ॥ छं० ॥ १६३ ॥

हंस कहता है कि इस अप्सरा का अवतार तुम्हारे ही लिये हुआ है ।

दूहा ॥ और सुबर संकेत [2]सुनि । हंस कहै नर राज ॥
मैंन केस अवतार इह । तुअ कारन [3]कहि साज ॥ छं० ॥ १६४ ॥

हंस कहता है कि राजा जादव ने शशिव्रता को कान्यकुब्जेश्वर को व्याहना बिचारा है पर शशिव्रता ने तुम्हें मन अर्पण कर शिव की आराधना की । शिव की आज्ञा से मैं हंस रूप धर तुम्हारे पास आया हूं । शीघ्र चलो । राजा का प्रस्तुत होना । दस सहस्र सेना सजना ।

(१) मो०—धारा । (२) मो०—कर । (३) मो०—करि ।

छंदगाघा॥ हंस कहै न्रप राज बिचारं। जो पुछै कारन कत्यारं॥
देव गिरि जद्दो न्रप भानं। ता पुत्री ससिहत्त सुजानं॥ छं०॥ १६५॥
सो मंगी कम धज्ज सुराजं। तिहि गुन सुनि चहुवानं सुताजं॥
छंडे नमि पित मात सुआनं। बरन हत्त कीनै चहुवानं॥ छं०॥ १६६॥
हर सेवा सुमंडय कलेसं। तप आचरन क्रम्म संदेसं॥
वैां गुन तास हंस भय रूपं। पुछि चिय कारन सुनिय सु भूपं॥छं०॥१६७॥
ढील्ली वै अच्छे हढ़ नेमं। हों पठयौ सु तुम्ह प्रति प्रेमं॥
प्रसन ईस अंबिका समेतं। बुल्यौ राज सैल संकेतं॥ छं०॥ १६८॥
चढ़न कहिय राजन सो हेसे। उड्डि चल्यो दक्षिण तुम देसं॥
सुनत श्रवन चल्यौ न्रप राजं। कहि कहि दूत दुजन सिरताजं॥छं०॥१६९॥
भय अनुराग राज ढिल्ली वै। दस सहस्र सज्जी न्रप छेवै॥ छं० ॥१७०॥

राजा का कहना कि जादव राजा के गुणों का वर्णन करो।

गाथा। जंपै दुज सम राजं। तव गुन व्रंन कीन अपारं॥
श्रम गुन किम संभरियं। लग्गे श्रोतान राग किम जद्दों॥ छं०॥ १७१॥

हंस का राजा भानु जादव के गुण प्रताप का वर्णन करना।

दूहा॥ हंस कहै राजन्न सुनि। इच्छ उतपति अनुराग॥
श्रवन सुनौ संभरि सु पहु। कहौं वृत्त संजाग॥ छं०॥ १७२॥

कवित्त॥ देवगिरि नृपभान। सोम वंसी सुतपै नृप॥
तिन अनंत बल तेज। बहुल है गै पैदल तप॥
नयर मध्य कोटीस। बसै बानिक्क अनंत लछि॥
धर्म तप्पनह पार। न कोऊ दास रहै इकु॥
सा एक लष्ष पयदल पुलत। बग्ग जोर [1]घूनं बहै॥
जद्दव नरिंद सब गुन कुसल। धन प्रताप दिन दिन लहै॥ छं०॥ १७३॥

उनके बेटे और बेटी के रूप गुण का वर्णन।

तास पुत्र नारेन। पुत्रि ससिवृत्ता प्रमानं॥
दुष्म अनंत सूरत्ति। रूप मकरंद सु जानं॥

(१) मो०--खूनी।

भगिनि भ्रात दुष प्रीत। पिता माता प्रिय मानं॥
अति उछाह रंग रमै। असन हुक ठाम प्रधानं॥
सबरिष्य भई सबहरु दुष। अति अभूत लच्छिन प्रबल॥
लालित सरूप पिय चंद सम। राजकुंअरि राजै अतुल॥ छं० ॥१७४॥

एक आनन्दचन्द खत्री था उसकी बहिन चन्द्रिका कोट में ब्याही थी, वह विधवा हो गई और भाई उसको अपने यहां ले आया।

तिन राजन कै मंच। नाम आनंद चंद भर॥
तिन भगिनी चंद्रिका। ब्याह ब्याही सु दूरि धरि॥
नैर कोट हिस्सार। तास पिचौय प्रमथ बर॥
अति सु प्रीति नर नारि। सुष्य अनुभवै दोह पर॥
कोइक्क दिवस भर तार वहि। तुच्छ दीह परलोक गत॥
आनई बहनि फिर अप्प ग्रह। अति सु दुष्य निसि दिन करत॥ छं० ॥१७५॥

वह गान आदि विद्या में बड़ी प्रवीणा थी।

दूहा॥ अति प्रवीन विद्या लहन। गान तान सुभ साज॥
केइक दिन अंतर वहिग। गइ अंते बर राज॥ छं० ॥ १७६॥

उसके पास शशिव्रता विद्या पढ़ती थी।

तिन संगह ससिव्रत्त सुअ। पठन विद्य सुभ काज॥
देवि कुंवरि अदभुत अवय। रंजित है अति लाज॥ छं० ॥ १७७॥

उसी के मुख से आपकी प्रशंसा सुन कर वह आप पर मोहित हो गई है।

कवित्त॥ जब पिचिन चंद्रिका। कहै गुन नित चहुवानं॥
जेस पराक्रम राज। तेइ बरने दिन मानं॥
राजकुंअरि जब सुनी। तबै उभभरै रोम तन॥
फिरि पुच्छै ससिव्रत्त। सदि एकंत मत्त गुन॥

जे जे सु पराक्रम राज किय। सोइ कहै षिचिन समय॥
श्रोतान राग लग्यौ उभर। तो हत्त लिनौ सुनौ सुकथ॥ छं०॥ १७८॥

यों ही दो वर्ष बीत गए, बाल्यावस्था बीतने पर काम की चटपटी लगी।

दूहा॥ यों वरष्ष दुअ विति गय। भइय वैस बर उंच॥
तब कामन सु कलेव सुर। करै सेव सुचि संच॥ छं०॥ १७९॥

तभी से नित्य शिव की पूजा कर के वह तुम्हें मिलने की प्रार्थना करती रही।

हर सेवा निस प्रति करै[1]। मन वचा क्रम वंध॥
बर चहुआन सुकामना। सेवा ईस सुगंध॥ १८०॥
कवित्त॥ कहै हंस सुनि राज। करौं ब्रंनन सु कह्यो गुर॥
दिवस च्यार प्रजंत। और मो सरन लहो पर॥
सेवत नित प्रति ईस। मास पंचह विति्तय वर॥
एक सुदिन सिव सिवा। वचन संपुट लग्गो कर॥
देवाधि देव सुनि ईस बर। करि सुचित्त कूंआरि सु व्रत॥
पारथ्थ रुंड माली सरस। पर संगा गवरी करत॥ छं०॥ १८१॥
दूहा॥ इह सुनि दस दिन गए बहि। सुनि रहि वचन सुईश॥
एक सुदिन ससिव्रत्त ने। किय द्रढ नेम जगीश॥ छं०॥ १८२॥
बर वरिहों संभरि सु पहु। वियौ पुरुष मुझ भ्रात॥
मिलन किया हर मास प्रति। भषिवै संनर घात॥ छं०॥ १८३॥

शिव पार्वती का प्रसन्न हो कर सपने में बर देना।

बचन सिवा सिव वाच दिया। पति पावै चहुआन॥
बर प्रमुदिय प्रथमाधि पति। हुअ सुपनंतर मान॥ छं०॥ १८४॥
कै जानै मन अप्पनौ। कै षिचिन कै ईस॥
और शिवा सुनि ईस प्रति। किय अस्तुति बर दीस॥ छं०॥ १८५॥

(१) मो.—करन।

प्रसन्न हो कर शिव पार्वती ने मुझे तुम्हारे पास भेजा है कि जयचन्द ब्याहने आवेगा सो तुम रुक्मिणी हरण की भांति इसे हरण करो।

कवित्त ॥ हुअ प्रसंन सिव सिवा। बोलि हूं पठय तुझ्झ प्रति ॥
इह बरनी तुम जोग। चंद जोसना वान हत ॥
ज्यों रुकमिनि हरि देव। प्रीति अति बढ़ै प्रेम भर ॥
इह गुन हंस सरूप। नाम दुजराज भनिय चर[1] ॥
बुल्लिय सु पिता कमधज्ज नर। व्याहन पठयौ सु गुर दुज ॥
आवै सु भ्रात जैचंद सुत। कमध पुंज व्याहन सुकज ॥ छं० ॥ १८६ ॥

राजा ने फिर पूछा कि उसके पिता ने क्यों व्याह रचा और क्यों प्रोहित भेजा।

दूहा ॥ फिरि राजन यों उच्चरिय। सुनि दुजराज सुजान ॥
पिता व्याह क्यों कर रचिय। क्यों प्रोहित पठवान ॥ छं० ॥ १८७ ॥

हंस का कहना कि राजा ने बहुत ढूंढ़ा पर दैव की इच्छा उसे जयचन्द ही जंचा। वहां श्रीफल ले प्रोहित को भेजा।

कवित्त ॥ कहै दुज सकल बांनि। अहो ढिल्ली नरेस सुनि ॥
देवगिरी जद्दव नरेस। रचि बहु भांति व्याह गुनि ॥
अति रचना विधि करिय। तासु गुन कहि न सकों बर ॥
संपपक दुज कही। सुनि रु राजंन वहै नर ॥
प्रोहित सुहत्थ जदुनाथ लै। पठइय श्रीफल सुदिन धरि ॥
कनवज्ज दिसा इकमास प्रति। चलि[2] राजन गुर मिल्लि सुजुरि ॥ छं० ॥ १८८ ॥

प्रोहित ने जयचन्द को जाकर श्रीफल और वस्त्राभूषण आदि अर्पण किया।

मिले राज जयचंद। सु गुर प्रोहित्त समत्थं ॥

(१) मो—वर। (२) मो.—चल्लि राजगुर।

पठए अदव सुनाय। वस्त श्रीफल सुभ सत्थं॥
हय साकति सजि पंच। सहस इक वस्त्र पटंबर॥
मुत्ति माल जुरि पंच। अवर जो वस्त ब्याह पर॥
हेमंग पंच सत लेइ दुज। सुर राजन अग्गै धरिय॥
ते बस्त अनेकं बिधि सुबर। रंजि राज अप्पन सु जिय॥ छं०॥ १८८।

टीका देकर प्रोहित ने कहा कि साहे को दिन थोड़ा है सो शीघ्र चलिए।

मिलि प्रोहित जैचंद। दियौ श्रीफल सुविंद कर॥
जे पठई बर वस्त। अग्ग लै धरिय राज बर॥
सोइ श्रीफल कमधज्ज। दियौ सुइ अवध पुंज नर॥
अति उछाह माननिय। मिले रस हास परसपर॥
बोलयौ तब प्रोहित सुबर। अहो राज पंगुरन सुनि॥
लै चलै बींद ननकरि [1]बिलंब। दिन तुच्छै साहौ सु पुनि॥ छं०॥१९०॥

प्रसन्न होकर जयचन्द का चलने की तयारी और उत्सव करने की आज्ञा देना।

दूहा॥ चढ़ै प्रसन्न बहु पंगुरै। दियौ हुकुम सुभ्र बंध॥
प्रेरि सथ्थ जब अप्प पर। अति पर घर सुभ्र नंघ॥ छं०॥ १९१॥
सज्जि सेन चतुरंग नर। देवग्गिरि कज ब्याह॥
अति अगनित सथ द्रव्य लिय। नर उछ्छव करनाह॥ छं० ॥१९२॥

हंस कहता है कि वह पचास सहस्र सेना और सात सहस्र हाथी लेकर आता है अब तुम भी चलो। पृथ्वीराज ने दस सहस्र सेना लेकर चलना विचारा।

छंद पद्धरी॥ चढि चलिय सब्ब रठ्ठौर सेन। उडि रैंन रथ्थ रुक्किय सुगेन॥
दस लष्ष सेन सज्जिय कमंध। वारुनिय गंध दै सजि मदंध॥छं०॥१९३॥
सा अद्ध लष्ष पै पुलिय नैर। हज्जार सात मैंगल सु भैर॥

(१) मो.- विरम।

दर कूच धरे बल बंस [1]बीर। ब्याहनह काज उच्छवे सु बीर ॥ छं०॥१९४॥
कह हंस राज राजन सु बत्त। चढ़ि चलौ कलू रष्षन सुकत्थ ॥
तुम योग नारि बरनी [2]कुमारि। हूं पठय ईस तुम्र हत्त नारि ॥ छं०॥१९५॥
उन लियौ हत्त तुम्र हद्द नेम। नन करि विरम्म राजन सु एम ॥
इक मास अवधि दुजकहै वत्त। व्याहन सु काज मन करौ [3]रत्त॥ छं०॥१९६॥
बर ईस भयौ अरु सिवा बानि। सुख लह्यौ बहुत हम दुज बषानि ॥
सुनि सुनि श्रवन अनुराग कीन। तन रोम अंग उब्भारि चीन्ह॥ छं०॥१९७॥
दस सहस सेन सजि पास राज। चढ़नैं सु चित्त करि बाज साज ॥ छं०॥१९८॥

पृथ्वीराज का शशिवृता से मिलने के लिये संकेतस्थान पूछना।

दूहा ॥ कह संभारि बर हंस सुनि। कह जहौं संकेत ॥
कोन थान हम मिलन है। कहन बीच संमेत ॥ छं० ॥१९९ ॥

ब्राह्मण का संकेतस्थान बतलाना।

गाथा ॥ कह यह दुज संकेतं। हो राज्यंद धीर ढिल्लेसं।
तेरसि उज्जल माघे। व्याहन बरनीय थान हर सिद्धिं ॥ छं०॥२००॥

राजा का कहना कि मैं अवश्य आऊंगा।

दूहा ॥ तब राजनं फिरि उच्चरै। हो देवस दुजराज ॥
जो संकेत सु हम कहिय। सो अप्पौ चिय काज॥ छं० ॥ २०१ ॥

हंस का कहना कि माघ सुदी १३ को आप वहां अवश्य पहुंचिए।

अरिल्ल॥ सो अप्पिय हम नेम सु दृढ्ढं। तुम अवस्य आवो प्रभु गढ्ढं ॥
सेत माघ त्रयोदसि सा वहि। हर सुकलेव थांन सुति भावहि॥ छं०॥२०२॥

इतनी वार्ता करके हंस का उड़ जाना।

दूहा ॥ इह कहि हंस सु उड़ि गयौ। लग्यौ राज ओतान ॥
छिन न हंम धीरज धरत। सुख जीवन दुख प्रान ॥ छं० ॥ २०३ ॥

---

(१) मो.-धरि। (२) मो.-कुंआरि। (३) मो.-सत्त।

दस हजार सेना सहित पथ्वीराज का तैयारी करना।

दस सहस हैंवर चढ़िय। न्रप दिल्ली चहुआन ॥
हुकम सहि साइन कियौ। दै ढूरन विसहान ॥ छं० ॥ २०४ ॥

राजा का सब सामंतों को हाथी घोड़े इत्यादि बाहन देना

छंद भुजंगी ॥ दियौ कन्ह चहुआन मानिक बाजी। जिनैं देषतें चित्त की गत्ति ला
मुषं मझ्झ पायं कढ़ै वाज राजं। मनो वग्ग भीषं सतं कढ़िढ पाजं ॥ छं० ॥
दियौ बाजि इंदं बरं जाम देवं। दिपै तेज ऐसैं चिरं पंष एवं ॥
धरै पाइ ऐसे इलं मझ्झि जेसे। मुनै जैन भ्रमं धरै पाइ तेसे ॥ छं० ॥
चढ्यौ राव कैमास चिन्तं तुरंगी। रहै तेज पासं उछद्दंत अंगी ॥
[1]चमक्कंत [2]नालं विसालं खुरंगी। मनो बीज छब्बी कि आभा अनंगी छं०॥
उड़ै झार झारं पयं नाल झारी। समं बूंद धावै मनौं वार तारी ॥
चढ़े राजहंसं सु चामंड [3]जोटं। मनो तेज बंधौ मुनी बाइ मोटं ॥ छं० ॥ २०
डुलै [4]कंन नांहीं सिल्लोका सुग्रीवं। मनों जोति बंधौ [5]सुनूवात दीवं ॥
चढ्यौ राज षीची प्रसंगं पहूपा। उड़ै वास ज्यों वाय [6]वग्गै अनूपा ॥ छं० २०
बंध चैंर चित्तं चमक्कंत चाहं। हरद्दार छुट्टै कि गंगा प्रवाहं ॥
चढ्यौ राज पट्टं अजानंत बाहं। कही कव्विराजं उपम्माति चाहं ॥ छं० ॥ २१
दिये [7]बीच तारी कोई नाहि पुज्जै। बलं ताहि दिप्पै सरित्ता अमुझ्झै
दियै म्रग्गराजं चढ्यौ देवराजी। उड़ै पंखि पाजी रही पच्छ लाजौ ॥ छं० ॥ २१
चढ्यौ निड्डुरं राइ अंगं अभंगं। छुटै जानि तारान के व्योम मग्गं
चढ्यौ हाहुली राइ जंबू नरिंदं। बढ्यौ बांन ज्यों तज कम्मान चंदं ॥ छं० ॥ २१
चढ्यौ लंगरी राव लंगा सुबीरं। किधौं वाय बढ्यौ बुझ्झं जानि धीरं ॥
चढ्यौ राज गोइंद आहुट्ठ राजं। किधौं वाय बुंदं स छुट्टीय साजं ॥ छं० ॥ २१
चढ्यौ राव लष्षं सु लष्षं पवारं। भ्रमें अंग ऐसे उपम्मा विचारं ॥
किधौं अग्गि दंडं भ्रजं बाल फेरैं। किधौं भोर हथ्थं किधौं चक्र हेरैं ॥ छं० ॥ २१

(१) मो.--चमक्कांति। (२) मो.--तालं।
(३) ए.--जोतं। (४) ए.--कैन। (५) ए.--मुनि बात।
(६) मो.-वेगै। (७) मो.--वाच।

किधों राति बोहिथ्थ भ्रमि भोर नारं। कही चंद कवी उपमाति चारं।
चढ्यौ चंद पुंडीर राजीव नामं। तिनं [१]ओपमा चंद देषी बिरामं॥छं०॥२१५॥
जिनें गत्ति जीती सयम्भं पगारं। चली अंषि के पंघ चित्तं बधारं॥
चढ्यौ अत्त ताई उतंगं तुरंगा। मनों बीज की गत्ति आभा अनंगा॥छं०॥२१६॥
चढ्यौ राव रामं [२]रघूवंस बीरं। गतिं सूर जित्ती मृगं चंद भीरं॥
चढ्यौ दाहिमं देव नर सिंघ कैसे। मनो चित्त की अर्थ की गत्ति जैसे॥छं०॥२१७
चढ्यौ भोज राजं पहारं चिनैतं। फुटै सद्द तेजं अवाजं [३]चितेतं॥
चढ्यौ बीर जोद्धं कनक्कं कुमारं। चली हत्य पूरब्ब आचार पारं॥छं०॥२१८॥
चढ्यौ राव पज्जून कूरंभ बीरं। बढ़े लोह अग्गं धनं जैतपूरं॥
चढ्यौ सामलौ सूर सारंग ताजी। गही होड़ बंधी वयं वाम पाजी॥छं०॥२१९॥
चढ्यौ अल्हनं बीर बंधव्व पानं। चढ्यौ दान ज्यों ग्रहनं जुद्ध वानं॥
चढ्यौ लष्य लष्षी सलष्षं बघेला। बढ्यौ नेत ज्यों देह देषै सु हेला॥छं०॥२२०॥
चढ़े सब्ब सामंत छल बलत बीरं। मनों भान छुट्टी [४]किरन्नी कि तीरं॥
चढ्यौ बाज राजं प्रथीराज राजं। तबै पष्षरयो बाज साकत्ति साजं॥छं०॥२२१
उडैं सूर ज्यों हंस तुट्टै कमंधं। बरं ओपमा चंद जंपी कविंदं॥
द्रुमं ज्यों मरोरै [५]शिरं स्वामि हेतं। मयूरं कला बाज रची बंधि नेतं॥छं०॥२२२॥
चढ़े सब्ब सामंत सामंत बीरं। तबै जग्गियं जानि जोगाधिधीरं॥
जगी जोग माया सु जग्गीय थानं। प्रलीनं प्रलै ज्यों प्रलीनं प्रमानं॥छं०॥२२३॥
जगें बीर बीराधि डोरू बजावैं। नचै नद्द नंदी चिघाई चिघावैं॥छं०॥२२४॥

माघ बदी पञ्चमी शुक्रवार को पृथ्वीराज का यात्रा करना।

दूहा॥ [६]आगम निगम जांनि कै। चलि न्रप [७]सुक्र वार॥
माह वद्दि पंचमि दिवस। चढ़ि चलिये तुर तार॥ छं० ॥ २२५ ॥

चन्द का सेना की शोभा वर्णन करना।

छंद चोटक॥ कवि चंद सु ब्रंनन राज करं। सोइ चोटक छंद प्रमान धरं॥

(१) मो.-उप्पम्म। (२) मो.-रघोबंस।
(३) मो.-त्रिनेतं। (४) मो.-किरन्नं।
(५) ए.-सिरं। (६) ए.-अगम निरागम।

जिहि च्यार परे सगना सगनं। सुभ अच्छिर लाइ तजै अगनं॥छं०॥२२६॥
विवहार धरै बरनं सु बरं। पढ़ि पिंगल बाहन कोन हरं॥
वर चोजन चारु सुरंग दूलं। तहां भौर न मोर सुरंग फुलं॥ छं०॥२२७॥
गज उप्पर ढाल ढलक्कि तरं। सुकहौं तहां केलि [1]अचिज्ज बरं॥
तहां पल्लव [2]लल्लित रत्त बचं। तहां जे धन दंतिय पंति रचं॥ छं०॥२२८॥
झमकैं बर नंग मयूष कसी। निकसी तहां केतक सी बिकसी॥
सु चलें बर मंद सुगंध प्रकार। बढ़ी दिसि दस्स सु उज्जल मार॥छं०॥२२९॥
बजै महु रंग सु गंधन भ्रंग। बजे सहनाइ न फेरि [3]उपंग॥
हलै बर लत्त पवन्न झकोर। घरघ्घर होहिं पिलप्पित जोर॥ छं० ॥२३०॥
बुलै कल कंठ सु कंठह सद्द। तहां चढ़ कब्बि वसीठ उवद्द॥
सकेस कुसंम रु अंकुस पानि। हने हर काम असो [4]गज जानि ॥छं०॥२३१॥
अतसी बर पुप्फ सु वाढ़हि भृंग। बजै गज पांनि सु इंदुब रंग॥
लता ललिताइ हलावन ढाल। उतह जम लग्गय रूपतिताल॥छं०॥२३२॥
विकासित केसर [5]कुंकुम कांम। सरोज [6]सुरंभ अनूपम नांम॥
उहां मिटि ताल तरंगिनि कांम। उहां चलितेनिय ना तिहि ठांम॥छं०॥२३३॥
उहां बरहा जनु उप्परि केल। किने तब ढीठ हिया छबि मेल॥
हलं जनु नेजे षजूर बसंत। ढलौ बन राइ सुढालह मंत॥छं०॥२३४॥
तजी बर बाल सुरंग सुभेस। चल्यौ प्रथिराज सु दष्षिन देस॥
विरदै चहु विप्र कहै कविचंद। सही चहुआन प्रथी पर इंद॥छं०॥२३५॥

दूहा॥ चढ्ढि चलिय प्रथिराज बर। देवग्गिरिधर राज।
ता सुकन्ह बरदाय बर। पुच्छिय बिगत सुकाज॥ छं० ॥ २३६॥
कहत कन्ह बरदाय बर। अहो राज सुभ मांनि॥
कहो पयांन सज्यौं कहां। सोहम कहों प्रमांन॥ छं० ॥ २३७॥

चलने के सयम राजा को भय दिलानेवाले सकुनों का होना।

(१) मो.--अचज्जि। (२) मो--ल्लित।
(३) ए.--उतंग। (४) मो.--गिन।
(५) ए.--कुसुम। (६) मो.--सरूप।

कवित्त ॥ चढ़त राज प्रथिराज। सगुन मैं भीत उपन्नौ ॥
स्यांम अंग तन छिद्र। कलस संमुहं सपन्नौ ॥
रत्त वस्त्र आरुह्य। रत्त तिलकावलि छुट्टिय ॥
मुकत माल छुट्टियं। केस छुट्टिय कस तुट्टिय ॥
लुट्टिय अनंग भय भीत गति। मन अलुभ्भ निद्रा [1]असति ॥
विभ्भाइ भाइ उनमोद पति। मंद मंद सक्रति हसति ॥ छं० ॥ २३८ ॥

राजा का इन शकुनों का फल चन्द से पूछना।

अरिल्ल ॥ सो भय भीत देषि कवि पुच्छिय। जंपि कह्यौ मति मोहि सु अच्छिय ॥
तुम सब जांन त्रिमान प्रमानं। जंपि कह्यौ कविराज सुजानं ॥ छं० ॥ २३९ ॥

चन्द का कहना कि इस शकुन का फल यह होगा कि या तो कोई भारी झगड़ा होगा या ग्रहविच्छेद।

दूहा ॥ पाछे बीर सगुन्न भय। ते कहंत कविचंद ॥
कै दंदग्गेनय उपजै। कै नवीन ग्रह दंद ॥ छं० ॥ २४० ॥

चन्द ने राजा को जैचन्द के पूर्व वैर का स्मरण दिलाकर कहा कि इस काम में हाथ देना मानों बैठे बैठाए भारी शत्रु को जगाना है।

कवित्त ॥ मोह डोलि कविचंद। चित्त अंदेह उपन्नौ ॥
पुब्ब बैर चहुआन। बैर कमधज्ज दिपन्नौ ॥
सबर जोर संग्राम। निबर अंगम्यौ न जाइय ॥
को जम हथ्थ पसारि। लेह [2]ग्रह अप्प बुलाइय ॥
[3]मंडाय पेट डंकिन सरसि। कोन बांह सायर तिरै ॥
[4]अपसगुन जानि चहुआन चलि। दै विधान त्रिम्मित करै ॥ छं० ॥ २४१ ॥

वय, पराक्रम, राज और काम मद से मत्त राजा ने कुछ ध्यान न दिया और दक्षिण की ओर शीघ्रता से वह चला।

(१) मो.-असित (२) मो.-सह। (३) ए. कृ. को.-मैंडाप। (४) ए. कृ. को.-अमग्भ।

कवित्त ॥ बेस मद्द बल मद्द । और बंध्यौ सुरतानौ ॥
राज मद्द उनमद्द । काम मद्दह परिमानौ ॥
अरु अवनी औतांन । तौन बंध्यौ चहुआनं ॥
दल बद्दल पावस्स । चल्यौ दछिन धर वानं ॥
[1]छतीस कुलौ बर वंस विय । चढ़ि प्रथिराज नरिंद चलि ॥
उपवन्न बंब बज्जी विषम । खान थान द्रिगपाल हलि ॥छं०॥२४२॥

पृथ्वीराज से पहिले जैचन्द का देवगिरि पहुंचना।

दूहा ॥ इन अग्गैं कमधज्ज लै । आइ संपतौ थान ॥
माघ नवमि चंवक बजै । चहुआना परिमान ॥ छं० ॥ २४३ ॥

जैचन्द के साथ की एक लाख दस हजार सेना का वर्णन। जैचन्द का आना सुन शशिवृता का दुखी होना।

कवित्त ॥ [2]एक लष्ष दस अग्ग । सेन सज्जे कमधज्जं ॥
बीय सहस बारुन्न । सत्त हज्जार फवज्जं ॥
अद्ध लष्ष पैदल्ल । अद्ध साइक वहंतं ॥
सजि समूह चतुरंग । दिसा दछिन [3]परजंतं ॥
सुनि श्रवन कुंअरि शशिवृत्त लिय । सुनि अवाज बर बीर घन ।
चहुआन वृत्त लीनौ अधम । प्रान हौन कढ्ढन सुमन ॥छं०॥२४४॥

शशिवृता मन ही मन देवताओं को मनाती है कि मेरा धर्म न जाय और उसका प्राण देने को प्रस्तुत होना।

दूहा ॥ मिलि पूजै बर बीर कौ । करी भगति घन भाइ ॥
बाला प्रान [4]सुकढ्ढनह । अंतर ध्रम्म न जाइ ॥ छं० ॥ २४५ ॥

सखी का समझाना कि व्यर्थ प्राण न दे, देख ईश्वर क्या करता है। ईश्वरी लीला कोई नहीं जानता। सखियों

(१) मो.-छत्रीस। (२) ए.कृ. को.-एह।
(३) ए. कृ. को.-फरजंतं। (४) मो.-फढ्ढतॉह।

का श्रीरामचन्द्र, पाण्डव आदि के प्राचीन इतिहास सुनाकर धीरज धराना ॥

[1]कहै सषी समझाइ कर। पुब्ब कथा कहुं मंडि ॥
धरी अद्ध जो सुनिहि तुम। प्रान बाल नन छंडि ॥ छं० ॥ २४६ ॥
छंद पद्धरी ॥ मिलि बाल ताहि रचि कहै बत्त। संग्रहन भवन क्यों मिटै पत्त॥
दैवान बत्त जानै न कोइ। लिष्षे जु अंक मिट्टय न सोइ ॥छं०२४७॥
बल बीर जुद्ध पंडव नरेश। बन ग्रह्यौ राज मुक्क्यौ सुदेश॥
[2]जिष्यनह सब्ब दृगपाल जोग। संध्यौ सुजोग तजि राज भोग ॥छं०॥२४८॥
बलि राइ जग्य आरंभ सत्य। जित्तनह इंद्र आरंभ पत्त ॥
मुक्किय सुथान तिन मान षंडि। सेवइ सुदेव पाताल मंडि ॥छं०॥२४९॥
कट्टन कलंक शशि जग्य कीन। का कुष्ट अंग छिन मान हीन ॥
नघु राइ कीन राज सु अनूप। का कुष्ट काल संहर्यौ कूप॥छं०॥२५०॥
श्रीराम हथ्थ पकर्यौ प्रवीन। आरन्य बहुत दुष सीय कीन ॥
गुरुदेव त्रिया तारा प्रमान। झकझोरि परी देवन समान॥छं०॥२५१॥
सिय लई निशाचर रूप चीन्ह। मिलि देव जुद्ध आरंभ कीन॥
आतम्म घात [3]मंडो विशाल। पावै न सुष्य व क्षमें काल॥छं०॥२५२॥
तिय मात तात बंधह सु देहि। बाला विचित्र ते [4]हत्त लेहि॥
कुलजाहि भ्रंम ग्रह राजनीति। जे मँडहि बाल गुर जनन जीति॥छं०॥२५३॥
शशिव्रत्त जु वत्तिय मत्ति मानि। हित काज मत्ति हम दै प्रमान॥
पंषी न पच्छि को लगै धाइ। आवै न हत्त पै जंम जाइ।।छं०॥२५४॥
आवै न मेह ग्रह लगै अग्गि। पावै न जीव को दान मग्गि॥
मानै न विनति तिन मंत सुझ्झ। जनु कान हीन गुर कही गुझ्झ॥२५५॥
मंनै न बाल उर मत्त मान। चिंत्यौ सुतात कढ्ढन परान॥छं०॥२५६॥
चौपाई ॥ मिलि मिलि बाल रचावैं बाले। तन मन मने न चित व्रत साले॥
बहुत करे सिंगार सार। मनो मृतक नन रंग न धारे॥छं०॥ २५७॥
छंद पद्धरी ॥ राजन अनक पुत्री त्ति व्याह। शशिव्रत्त देव कन्या सिवाह॥

(१) मो.-कही। (२) मो.-जिप्पतह।
(३) मो.-मंडै। (४) ए. कृ. को.-हृद।

चहुआन चिंत जुग्गिन [1]पुरेस। आहत्त बीर जिन करहु भेस॥ छं०॥२५८॥
निव्वरै बाद जौ करौ मंच। साभ्रम्म वीर कढ्ढै [2]जु कंत॥छं०॥२५९॥

राजा का पृथ्वीराज के आने और शशिवृता के प्रेम का समाचार जानकर हंमीर संमीर (?) से मत पूछने लगा।

दूहा॥ कंति कंति प्रति बढ्ढई। चढ़ै चाइ चहुआन॥
मो पुच्छै प्रति तान जो। बीर चंद दै दान॥ छं०॥ २६०॥

हंमीर संमीर का मत देना कि वीरचन्द को कन्यादान दीजिए।

गाथा॥ बीरं चंद सुदानं। पानं विधाय नित्तयौ गुरयं॥
बुल्लै न्रप हंम्मीरं। साइ संमीरं साइ मंगायं॥ छं॥ २६१॥
दूहा॥ ज हंमीर संमीर गति। समुह सु दुज्जन भेव॥
जिन बड़वानल कुप्पयौ। सार मत्ति प्रति सेव॥ छं०॥२६२॥
सार भार संसार कौ। नव निधि नव प्रति पान॥
व्याह वीर शशिव्रत्त कौं। अप दीजैं प्रति दानं॥ छं०॥ २६३॥

कन्या के प्राण देने के विचार और शकुन विचार से राजा भानु ने चुपचाप पृथ्वीराज के पास दूत भेजा।

बाल प्रान कढ्ढत सुपुनि। सगुन एक मन मान॥
बढि अवाज चहुआन की। अली सुन्यौ अप कान॥ छं०॥ २६४॥
यों सु सुनिय न्रप भांन नैं। पुचि प्रलय व्रत कौन॥
चर [3]पिष्पिय चहुआन पै। जद्दव [4]मोकल दीन॥ छं०॥ २६५॥

राजा ने पत्र में लिखा कि शिव पूजा के बहाने शिवाले में तुम को शशिव्रता मिलेगी।

मुक्कार मति वंतिनौ। न्रप कग्गद दै हथ्थ॥
पूजा मिसि बाला सुभर। संभु थान मिलि तथ्थ॥ छं०॥ २६६॥

---

(१) ए. कृ. को.- प्ररेस। (२) मो.-सु।
(३) ए. कृ. को.-छिप्पय। (४) मो.-कलि।

इधर पृथ्वीराज के सरदारों का उत्साहित होना।

कवित्त ॥ हय गय दल चतुरंग। कंक मंझौति कन्ह सिर ॥
राजद्व वग्गरी। रांम रघुवंस जुद्ध जुर ॥
निड्डुर रा रट्ठौर। सेन सज्जै ध्रत रज्जै ॥
एक एक संपज्ज। एक एकन गुन लज्जै ॥
जुग्गिनि डहकि बंबरि लसथ। जिम जिम शंकर सिर [1]धुनिय ॥
श्रत ताइ उत उत्तंग बर। बावारी सारह [2]सुनिय ॥ छं० ॥ २६७ ॥

कवि कहता है गन्धर्व व्याह शूरवीर ही करते हैं।

गाथा ॥ सार प्रहारति भेवो। देवो देवत्त जुद्धयौ बलयं
गंध्रव्वी प्रति व्याहं। सा व्याहं सूर कलयामं[3] ॥ छं० ॥ २६८ ॥

पृथ्वीराज का आना सुनकर मन ही मन राजा भान का प्रसन्न होना, परन्तु वीरचन्द का सशंकित होना।

कवित्त ॥ सेन [4]सद्धि संमुह्यि। भान आवाज राज सुनि ॥
प्रान लद्धि जो मद्धि। लाज लब्भी जु सूर धुनि ॥
प्रिय विरह्निनि रिधि रंक। कै ध्यांन लब्भै जोगिंदं ॥
बलह काम कलहंत। कि कह विश्ववासत इंदं ॥
संभरिय कान संभरि न्रपति। वीर चंद आगम विषम ॥
निह काल काल भंजन गढ़ै। बढ़ै सार सारह विभ्रम ॥छं०॥२६९॥

दूहा ॥ सार धार पूजै नहै। पिति सामंत न नाथ ॥
आवृत बीर क्यों पूजई। दैव दैवतह साथ ॥ छं० ॥ २७० ॥

गाथा ॥ दुश्र वंस श्रंस सारसं। बज्जं बाहु बलयो बलयं ॥
बज्जं दृष्टिति रिष्टं। मानिष्टं श्रष्टयो किलयं ॥ छं० ॥ २७१ ॥

अरिल्ल ॥ बर बरिष्ट बर लोभ प्रकार। लष्य लष्य सा मंतह सार ॥
तिन बर बरं श्रंगम प्रति जानिय। सो देवत देवत्तह मानिय ॥छं०॥२७२॥

कवित्त ॥ अति-प्रचंड बलवंड। बैर [5]बाहरू तत्ताइय।

(१) मो.-धुनय। (२) मो.-सुनय। (३) कलयामि। (४) मो.-मध्य।
(५) मो.-बाहरू तताइय।

माया हीन मसंद। दंद दारुन डर नाइय ॥
दल दंदन सिंधु रहि। बाहु दंतन उप्पारहि ॥
एक एक संग्रहै। एक शस्त्र करि डारहि ॥
दैवत्त वाह दैवत्त भर। दवग्गिरि संमुहौ चलिय ॥
बर बीर धीर साधन सकल। अकल महूरति मति कलिय ॥छं०॥२७३॥

दूहा ॥ अकल वीर रस अफल भुज। कलि न जाहि सामंत ॥
भीम भयानक बल सु हत। जे भंजे गज दंत ॥ छं० ॥२७४॥
[1]लभ्भै जस लिष्षीय बर। दैव जोग नह[2] हथ्थ ॥
पुब्ब दई प्रथिराज कौं। सोइ प्रन मन समरथ्थ ॥ छं० ॥ २७५ ॥
चाहुआन कै कृत सयन। मरन सरन प्रथिराज ॥
उभै सिंघ दुअ बीच पल। उभै सिंघ सिर ताज ॥ छं० ॥२७६॥

गाथा ॥ घटिका उभय सु देवो। रहियं निकट राजनं ग्रामं ॥
जानिज्जै न्रप नैरं। दिष्ष न काजैव सोभियं नैनं ॥ छं० ॥ २७७॥

दूहा ॥ रंभ गवष्यनि नैर मधि। जारि न चिंत प्रमान ॥
मानहु न्रप प्रथिराज कौ। रंभ नैन [3]प्रत प्रान ॥ छं० २७८ ॥

पृथ्वीराज का नगर में होकर निकलना, स्त्रियों का झरोखों से देखना। शशिव्रता का प्रसन्न होना।

कवित्त ॥ दुहूं पास न्रप नयर। राज दिप्पै प्रति राजं ॥
मनों हथ्थ बर नयर। राज संमुह प्रति साजं ॥
कोट कठिन मेखल सु। कटि दि्ग पलक उघारिय ॥
राज कित्ति संभरन। गोष श्रवनन संभारिय ॥
किंकिनि सुपाइ घुंघर सु गज। राज निसान सबद्द प्रति ॥
चहुआन राव आगम सुव्रत। कमल हीय बढ्ढिय मुरति॥छं०॥२७९॥

राजा भान के हृदय में पृथ्वीराज का आना सुनकर हर्ष शोक साथ ही उदय हुआ।

(१) मो. लभै सुजन लिक्खंत बर (२) मो.-नन।
(३) मो.--तजि।

दूहा ॥ काम कलह रत बढ्ढि प्रति। सुनिय भान न्रप कान ॥
आनंदह दुष उप्पज्यौ। मरन सु निश्चय मान ॥ छं २८० ॥

श्लोक ॥ मंगलस्य सदा व्याहं। अव्याहं सु मंगलं ॥
ब्रह्मा चकितं समो दृष्टे। [1]जेक कंज सु कंजभिः ॥ छं० २८१ ॥

पृथ्वीराज की सेना का उमङ्ग के साथ नगर में घूमना।

कवित्त ॥ फिरिग पंति चिहु पास। सूर उभ्भौ चाव हिसि ॥
चतित जुद्ध आवद्ध। मत्त[2] बरषंत बीर असि ॥
और व्याह मंगलह। व्याह मंगल अधिकारिय ॥
परि पिशाच दानव। सु बुधि मग्गह विच्चारिय ॥
नन करहु तात दुष पुत्त कौ। घर लीनौ जम सद्दकैं ॥
प्रथिराज राज राजन बलिय। को पुज्जै रन बद्दिकैं॥ छं० ॥ २८२ ॥

दूहा ॥ को पुज्जै बद्दत [3]सुरन। बयन सयन प्रथिराज ॥
अद्दत जित्ति जित्तिय सयल। [4]को मंडै कृत काज ॥ छं० ॥ २८३ ॥

गाथा ॥ को मंडै कृत काजं। साजं जाह्नय सूर योवनं ॥
तारिज्जैं सजि राजं। बंकिम भूमायं विषमयं होई ॥ छं० ॥ २८४ ॥

देवालय में शिव पूजा के लिये शशिवृता का जाना। पृथ्वीराज का वहां पहुंचना।

देवालय भगवती। पूजैवं पूजयो बालं ॥
सुबर पुछ्यौ प्रथिराजं। कुज संसा बीरयो हथ्थं ॥ छं० ॥ २८५ ॥

पृथ्वीराज की प्रशंसा।

दूहा ॥ विषम ठौर बंकम विषम। कल [5]सोभित हत कंद ॥
जो प्रथिराजह अंग में। मनों प्रथी पुर इंद ॥ छं० ॥ २८६ ॥
मनों राज पृथ्वी पुरह। धनि सुध्रम्म लवलेश ॥
मानहु बीर नरिंद कौ। रति आयौ अविशेष ॥ २८७ ॥

---

(१) मो.-कंजे कंज सुकं कंजसि। (२) ए. कृ. को.-बरषन्न।
(३) ए. कृ. को.-नर। (४) मो.-मंडै को। (५) मो.-सोभत।

सखी का शशिव्रता से कहना कि तू जिसका ध्यान करती थी वह आ गया, देख।

यों करंत [1]दुत्तिय बियौ। कथा श्रवन सुनि मंत॥
जाकौ तें पतिव्रत्त [2]लिय। सो आयौ अलि कंत॥ छं०॥ २८८॥

शशिव्रता का आँख उठाकर देखना। दोनों की आँखे मिलना।

श्रवन नयन का मेल कै। भय चंचल चल चित्त॥
श्रोताने दिष्टांन अरु। मिलि पुच्छै [3]दोइ मित्त॥ छं०॥ २८९॥

मारे लाज के कुछ बोल न सकी पर नैन की सैन से ही बात हो गई।

चंद्रायना॥ कर्न प्रयंत कटाछ सुरंग विराजही।
कछु पुच्छन कौं जाहिपै पुच्छत लाजही॥
नैंन सैंन में बात स्रवनन सों कहै॥
काम किधौं प्रथिराज भेद करिना लहै॥ छं०॥ २९०॥

नैन श्रवण का संवाद।

दूहा॥ नैंन श्रवन्नन पूछई। तुम जानैं वह भंत॥
मेरे जीय अंदेस है। कही न मैं पिय जंत॥ छं०॥ २९१॥
श्रवनन सन नैंना कही। [4]तुम जानौ चहुआन॥
काम न्टपति कौ रूप धरि। आवत है इन थान॥ छं०॥ २९२॥

हंस ने पहुँचकर शशिव्रता से कहा कि ले पृथ्वीराज शिवालय मे तुझ से मिलने आ गया।

ताम हंस आयौ समषि। कह्यो अहो शशिव्रत्त॥
चाहुआन आयौ प्रछन। मिलन थांन हर सित्त॥ छं०॥ २९३॥
कवित्त॥ [5]घरि गांम जद्दव नरिंद। उभ्भे चिहु पासं॥

---

(१) मो.-दुद्दिय। (२) मो.-लियौ।
(३) मो.-दोय। (४) ए. कृ.--जिन। (५) ए.-घोरि

पल नंषिय रंभा सु। करन आरंभ प्रवासं॥
एक एक गुन करहि। सब्ब फूले सत पत्रं॥
तिन मध्यह शशिवृत्त। भई कम्मोदनि मंत्रं॥
[1]पित पुच्छि पुच्छि परिवार सब। पुच्छि बंध रज्जन सकल॥
आवृत्त तात अग्या सुग्रहि। भईय बाल बुध्या विकल॥ छं०॥ २९४॥
दूहा॥ विकल बाल जहं सकल हुअ। बुद्धि विकल प्रति साज॥
[2]भान वचन सच्चै सुकरि। जिन अप्पौ प्रथिराज॥ छं०॥ २९५॥
गाथा॥ वीरं चंद सुव्याहं। सो व्याहं जोगिनीपुरयं॥
संभरि क्रन शशिवृतं। अगम वीराइमं जनंत तयौ॥ छं०॥ २९६॥

माता पिता की आज्ञा ले शशिवृता का देवालय में जाना।

कवित्त॥ पुच्छि मात पित पुच्छि। पुच्छि परिवार ग्रेह सब॥
में व्रत लियौ निवद्ध। गवरि पुज्जनं बाल जब॥
तिन थानक सब देव। नौति आरंभ व्रत लीनौ॥
तव प्रसाद उप्पनौ। मोहि इच्छा व्रत दीनौ॥
तिन काल व्रत्त लीनौ सुमैं। गवरि प्रसाद सु पुज्ज फल॥
बारंज वात तुअ मोह हुअ। कहै और अब लहि [3]अफल॥ छं०॥ २९७॥
दूहा॥ दुप दैवल को छंडनह। उर सिंचन अंकूर॥
दौह काल बल वीचि बदि। लिय समान संपूर॥ छं०॥ २९८॥

शशिवृता के रूप का वर्णन।

बाला बेनी छोरि करि। छुट्टै चिहुर सुभाइ॥
कनक थंभ तें ऊतरी। उरग सुता दरसाइ॥ छं०॥ २९९॥
कवित्त॥ तजि भूखन बर बाल। एक आचिज्ज उपन्नौ॥
लता हेम पर चंद। उभै षंजन ढिग चिन्नौ॥
श्रीफल उरज विसाल। बाववर अंग सुपन्नौ॥
सुकि सुत रंग अरन्नि। करी भग्गावल वन्नौ॥
सोभंत उरगपति भुअ भरन। हंस मुक्ति चर [4]बर करी॥
सुध काज चढ़ै पप्पील सुत। काम पत्तिनी दुख डरी॥ छं०॥ ३००॥

(१) मो.-पति। (२) मो.-तान। (३) मो.-नवल। (४) मो.-चर।

दस दासियों के साथ शशिवृता का शिवालय में आना।

दूहा ॥ ते दासी दस बाल ढिग। तिर बरने कवि चंद ॥
तिन में बाल सुसोभियै। मनों प्रथीपुर इंद ॥ छं० ॥ ३०१ ॥

शशिवृता का रूप वर्णन।

छंद चोटक ॥ मय मंजन मंडित बाल तनं। घनसार सुगंध सुघोरि घनं ॥
नव लोइन अंजित मंजि चली। कि मनो कस कुंदन थंभ इली ॥ छं० ॥ ३०२ ॥
सुभ वस्त्र सुअंग सुरंगनसी। सुहली मनु साष लदन्न कसी ॥
जरि जेहरि पाइ जराइ जरी। सजि भूषन नभ्भ मनो उतरी ॥ छं० ॥ ३०३ ॥
सिगरी लट यों बिथरी बिगसैं। शशि के मुख तें अहि सें निकसैं ॥
रँग रत्त उवट्टन उज्जल के। तिन में कछु सेत सुधा चलि के ॥ छं० ॥ ३०४ ॥
नव राजियरोम बिराज इसी। जमना पर गंग सरस्वति सी ॥
परि पान सु कुंकम मज्जन कै। नव नीरज अंजन नैननि कै ॥ छं० ॥ ३०५ ॥

दूहा ॥ छुटि मृग मद कै कांम छुटि। छुटि सुगंध की बास ॥
तुंग मनों दो तन दियौ। कंचन थंभ प्रकास ॥ छं० ॥ ३०६ ॥

कुंडलिया ॥ धर उप्पर कुच कनि परी। राजस तामस रंग ॥
तीजौ तिहि सत काम मिलि। सो ओपम कवि अंग ॥
सो ओपम कवि अंग। नदिन मिलि काम पतंगी ॥
चढ़त घरं संमूह। करी भइ फेरि पतंगी ॥
*बरं सिर दार बिमार। संभु चहुआन नाह नर ॥
गंग यमुन भारथ्थ। हथ्थ जोरंत सु अद्धर ॥ छं० ॥ ३०७ ॥

दूहा ॥ तिमिर बीर गवनं कुवट। चिगुन तेज रवि बास ॥
चवनित विक्रम परिस की। [1]काम ज्वाल बल हास ॥ छं० ॥ ३०८ ॥

कुंडलिया ॥ करि मज्जन सज्जन सुक्रम। आभूषन न समान ॥
कोहं काके कोहि दिसि। सजि सषि नैन कमान ॥
सजि सषि नैन कमान। केश वागुरि विस्तारिय ॥

---

* छंद ३०७ के दोनों अंतिम पद अशुद्ध हैं। पाठ चारों प्रतियों में समान है।

(१) मो.-हूल।

हावभाव कटाच्छ । ठुंकि पुट्टी दिय भारिय ॥
बेठि नैन न्रप मूल । पेम [1]देषन गइ सज्जन ॥
मन म्रग पिय हत काज । ताकि बंधन किय मज्जन॥ छं०॥ ३०९॥

छंद नाराच ॥ सुगंध केस पासयं । सुलग्गि मुत्ति छंडियं॥
अनेक पुप्प बीचि गुंथि । भासिता बिषंडियं ॥
मनों सनाग पुप्फ जाति । तीन पंथि मंडियं॥
दुती कि नाग चंदनं । चढ़ंत दुञ्च पंडियं॥ छं० ॥ ३१० ॥
सिंदूर मध्य गुच्छता । म्रगंमदं बिराजयं॥
मनो कि सूर उग्गतें । [2]गहे सु पुब लाजयं॥
सु सुच्छ सुच्छ पाट आट । पेम बाट सोभियं॥
मनो कि चंद राह बान । बे प्रमान लोभयं॥ छं० ॥ ३११ ॥
कनक काम कुंडिलं । झलंत तेज उभ्भरे ॥
ससी सहाइ मान भाइ । सज्जि सूर दो करे ॥
दुती उपम्म बिंद की । किरन्न चंद दिठ्ठयं ॥
मनों कि सुर इंद गोदि । अप्प आनि बिठ्ठयं॥ छं० ॥ ३१२ ॥
भुवन्न बंक संक जूअ । नैन म्रग्ग जूवयं ॥
उरद्धता चपल्ल गत्ति । [3]अच्छ आनि ऊवयं ॥
कटाक्ष नैन बंक संक । चित्त मान बंकयं ॥
सुछंडि वै सु कुंचितं । श्रवन्न बान नंघयं॥ छं० ॥ ३१३ ॥
सुगंधता अनेक भांति । चीर चारु मंडियं ॥
सु केहरी कटिं प्रमान । बीच बंधि छंडियं ॥
सुरंग [4]अंग कंचुकी । सुभंत गात ता जरी ॥
बनाइ काम पंच बांन । ओट जोट लै धरी ॥ छं० ॥ ३१४ ॥
सुरंग [5]माल्ल लाल बाल । ता बिसाल छंडयं ॥
सु पुब्ब बैर जानि काम । अग्गि संभ मंडयं ॥
[6]दुती उपम्म मुत्ति माल । यों बिसाल ता कही ॥

(१) मो.-पेदन ।　(२) मो.-गहंत रहे लाजयं ।　(३) ए. कृ. को.-अर्च्छ ।
(४) ए. कृ कां.-रंग ।　(५) मो.-लाल माल　(६) ए.-उदी

जु भारथी सु [1]गंग लै। सुमेर शृंग तें बही ॥ छं० ॥ ३१५ ॥
जराइ चौकि स्याम पाट। रत्ति पत्ति तें घुली ॥
सुरंग तिथ्थ थान मंडि। ईस शीश तें चली ॥
सुवर्न छुद्रघंटिकादि। षोडसं बषानयं ॥
सु मुत्ति तात मोर तन्न। [2]गोदरं बषानयं ॥ छं० ॥ ३१६ ॥
सुगंध गोप चिन्ह मंडि। पीत रत्त जावकं ॥
अभूषनं धरंत चित्त। मित्त हित्त श्रावकं ॥
बनाइ कें चौंडोल लोल। चढ्ढिता सु सुंदरी ॥
सुदोपिता सुरंग थान। अस्तु तास उच्चरी ॥ छं ॥ ३१७ ॥

शशिवृता का चंडोल पर चढ़ कर देवी की पूजा को आना।

दूहा ॥ सजि शृंगार शशिव्रत्त तन। चढ़ि चौंडोल सुरंग ॥
पूजन कौं बर अंबिका। आई बाल सु अंग ॥ छं० ॥ ३१८ ॥

तेरह चंडोलों को चारों ओर से घेरकर राजा भानु की सेना का चलना।

सज्जि सेन जद्दव न्रपति। दसत तीन चौंडोल ॥
लकरि लाल से पंच अग। दस दिसि [3]लष्षन लोल ॥ छं० ॥ ३१९ ॥

सूर्योदय के समय पूजा के लिये आना। राजा की सेना का वर्णन।

कवित्त ॥ अरुनोदय उद्यमह। सुच्छि लिन्नै सु बंध भर ॥
उभय सहस बाजित्त। ढोल च'बकी सुमत गुर ॥
अद्ध सहस नप्फेरि। सहस सहनाइ सुरंगी ॥
सुवर बीर पूजा प्रमांन। कीनी मति चंगी ॥
बिन पुंज सग सेना सकल। अकल अपूरब बत्त लर ॥
चर सकल विकल अलि कुलन कौं। सुचित मित्त इकह सु थिर। ॥ छं० ॥ ३२० ॥

---

(१) मो.-मग (२) ए.-सादरं
(३) मा. टिप्पन।

गाथा ॥ गुज्जर वै गुज्जर धनी। सथ्थं सेनाइ सब्बयौ वीरं ॥
जांनैनि सबर अद्दं। उग्ग वा तिमिर तप हरनं ॥ छं० ॥ ३२१ ॥

मन्दिर के पास पहुंचकर शशिव्रता का पैदल चलना।

हरनंत पति तुरंगं। साहस मंचाय गिद्धयो रनयं ॥
देवालेयं पासं। सा पासं बालयं चालं ॥ छं० ॥ ३२२ ॥

शशिव्रता के उस समय की शोभा का वर्णन।

छंद नाराच ॥ चली अली घनं बनं। सुभंत सथ्थ संघनं ॥
विहंग भंगयो पुरं। चलंत सोभ नोपुरं ॥ छं० ॥ ३२३ ॥
अलीन जुथ्थ आवरं। मनो विहंग सावरं ॥
चुवंत पत्त रत्त जा। उवंत जानि अंबजा ॥ ३२४ ॥
कलिंद सोभ केसयं। अनंग अंग लोभयं ॥
उठंत कुंभ कुच्चयं। उपंम कब्बि सुच्चयं ॥ छं० ॥ ३२५ ॥
मनों अरंत आल की। धरी सु आनि लालकी ॥
सुभंत रोमराजयं। [1]प्रपील पंति छाजयं ॥ छं० ॥ ३२६ ॥
मनोज कूप नाभिका। चलंत लोभ आलिका ॥
सुरंग सोभ पिंडुरी। धरादि काम पिंडुरी ॥ छं० ॥ ३२७ ॥
नितंब तुंग सोभए। अनंग अंग लोभए ॥
मनौ कि रथ्थ रंभ के। सुरंभ चक्क संभके ॥ छं० ॥ ३२८ ॥
नषादि आदि अच्छनं। मनों कि इंद्र [2]दृप्पनं ॥
ढरंत रत्त एड़ियं। उपम्म कब्बि टेरियं ॥ छं ॥ ३२९ ॥
मनौ कि रत्त रत्तजा। चिकंत पत्त अंबुजा ॥ छं० ॥ ३३० ॥
गाथा ॥ [3]मढ़ मे रष्षत बाले। लग्गा सेनाय पास चिहु वीरं ॥
धरि धीरं तन दुरयं। रोमं राज रोमयं अंचं ॥ छं० ॥ ३३१ ॥

कान्यकुब्जेश्वर को देख कर शशिवृता का दुखी होना और मन में चिन्ता करना।

दूहा ॥ बाल धरक्कति वचनि गति। ग्यान मोह विष पान ॥
त्यों कमधज्जै देषि कै। बर चिंतै चहुआन ॥ छं० ॥ ३३२ ॥

(१) मो.-पपील। (२) मो.-दर्प्पनं। (३) को.-पढ़।

एक ओर कान्यकुब्जेश्वर की सेना का जमाव होना और दूसरी ओर पृथ्वीराज की सेना का घेरना।

कवित्त ॥ देषि सुभर [1]लच्छिनति। फौज चतुरंग रिंगावै ॥
अरी सेन सम भार। धार भंजत मग पावै ॥
बहु गिरष्टता रिष्ट। इक्कि अप्पन पर धावहु ॥
सुबर म्यंघ आलस्य। स्याल सूधौ करि पावहु ॥
उट्ठै न बीर बोरहु उठत। सुबर मंच फुनि करिय बर ॥
अभ्भंग सेन भद्दव सरिस। अभँग अंग [2] सज्जे कहर ॥छं०॥३३३॥

पृथ्वीराज की सेना का चारों ओर से घेरना।

दूहा ॥ चाहुआन सब सेन जुरि। भिरि रूंधे चहुंपास।
देव दुतिय देवह दरस। बल बढ्ढिय आयास ॥ छं० ॥ ३३४ ॥

जैचन्द और पृथ्वीराज की सेना की तुलना।

कवित्त ॥ असुर सेन कमधज्ज। सु सुर प्रथिराज सेन बर ॥
अम्रत किति संग्रह्यौ। मदह भौ क्रोध बीर [3]तर ॥
मदन मोह रंभनी। तहां शशिव्रता समानं ॥
दुहुन बीच सिभ्भयै। इत चहुआन सुजानं ॥
अकित्त राह पच्छै फिरग। चक्र तेग सज्जिय सुबुधि ॥
अलि सकति सेन माया विषम। सुबर बीर बढ्ढिय सु सुधि ॥छं०॥३३५॥

दोनों सेनाएं तलवार लिए तैयार हैं। जिसने द्रोपती का पण रक्खा वही शशिवृता का पण रक्खेगा।

दूहा ॥ दुहूं तेग तारुन्य तन। सयन सुक्रति प्रतिकाल ॥
जिन रष्यो द्रोपत्त पन। सो [4]रष्षै प्रति बाल ॥ छं० ॥ ३३६ ॥
देह कंचुकि दह दून अलि। बिच सुंदरी अमूल०।
डोल तौस संयोग भति। भौ भारथ्थ समूल ॥ छं० ॥ ३३७ ॥

(१) मो.-लष्षिन सु। (२) मो.-सज्जै।
(३) ए. कृ. को.-त्रासि। (४) ए. कृ. को-रष्षै।

गाथा ॥ भारथ्थं प्रति राजं। सज्जे सेनाब वीर वीरयं ॥
धीरं धीर सधीरं। अधीरं (१)सब्ब सेनायं ॥ छं० ॥ ३३८ ॥

दूहा ॥ देषि बाल पारस फिरिय। मेर भान प्रति मान ॥
ज्यों शशि पछ पारस सुभति। शंकर सोभत थान ॥ छं० ॥ ३३९ ॥

मठ को देख कर शशिव्रता के मन में काम उत्पन्न हुआ और उसने मनही मन शिव को प्रणाम किया।

शंकर रस आचार किय। मद्द दिष्षिय प्रति जोइ ॥
मन लग्गिय बंधत सु पय। मन कंद्रप रस भोइ ॥ छं० ॥ ३४० ॥

तीस डोलियों के बीच में शशिव्रता का चौंडोल था जिसको ५०० दासी घेरे हुई थीं। ५००० सवार और ५०००० पैदल सिपाही साथ में थे।

कवित्त ॥ (२)दहति तीन चौंडोल। मध्य चौंडोल बाल भय ॥
भमर टोल झंकार। दासि विंटिय सु पंच सय ॥
सित्त पंच असवार। पंति मंडिय चावद्दिसि ॥
अड लष्ष पैदल्ल। सथ्थ आयो सुअंग कसि ॥
मंगल विवेक विधि उच्चरे। बंधी बंदन मार करि ॥
उत्तरी बाल देवल सुढिग। लग्गि पाइ परदच्छि फिरि॥ छं० ॥ ३४१ ॥

शशिव्रता ने चौंडोल से उतर कर पृथ्वीराज के कुशल की प्रार्थना की।

दूहा ॥ उतरि बाल चौंडोल तें। प्रीति हेत प्रथिराज ॥
जिन देवत्त जु संपज्जौ। सो मंडन प्रथिराज ॥ छं० ॥ ३४२ ॥

बाजों का शब्द सुनकर सामंतों का चित्त पलट जाना।

मंडन रन छंडन कलह। दल देवत्त सु जुद्ध ॥
बर वज्जं बाजिच सुनि। भौ सामंत विरुद्ध ॥ छं० ॥ ३४३ ॥

(१) मो.-सर्व, सरब। (२) ए. कृ. को.-दसत।

विरुध जुद्ध बंधन सुदल। स्वामि भ्रंम्म चित पान॥
दुतिय भ्रंम जानै नही। धनि सामंत बषान॥ छं०॥ ३४४॥
गाथा॥ बद्ध दलं समूरं। लष्षं सेनाय अद्दतं बलयं॥
ते जग्गे रस बीरं। जानिज्जै जोग जोगायं॥ छं०॥ ३४५॥

सेना में बीर रस का जागृत होना।

छंद भुजंगी॥ जग्यौ बीर बीरं सु डौंरू बजावै।
महा चित्त चित्तं सुमंतं निपावै॥
जग्यौ बीर बीराधि बिराधि रूपं।
मनो ईश शीशं नचै बीर [1]रूपं॥ छं०॥ ३४६॥
दूहा॥ भयौ बीर बीरह तिगुन। नच्यौ रुद्र बहु भेद॥
सो दिष्यौ दिष्यौ [2]नहै। सो देषन गुन छेद॥ छं०॥ ३४७॥
नह तारकि सु जुद्ध बर। नह देवा सुर मान॥
सो दिष्यौ कमधज्ज सौ। चाहुआन बलवान॥ छं०॥ ३४८॥
चाहुआन कमधज्ज बर। बरै षटक सुबद्द॥
देवग्गिरि [3]उग्गाहिये। करि भारथ्थ न सद्द॥ छं०॥ ३४९॥

देवालय के पास सब लोगों का चित्रलिखे से खड़े रह जाना।

छंद भुजंगी॥ सुसद्दे विसद्दे विसद्दे निसानं।
[4]रह देव थांनं [5]बटे देव थानं॥
रहे सब्ब योंही टगी टग्गा लग्गे।
मनो चित्रलिष्षि विचित्तं ठग्गे॥ छं०॥ ३५०॥
गाथा॥ जो दुज्जै मन चरियं। हरियं एक कग्गयौ सबदं॥
सब सेना कमधज्जं। विंटे वा बाल सर सायं॥ छं०॥ ३५१॥

सखियों का जैचंद के भाई को शशिवृता का बर कहना जो उसे बिष सा लगा।

(१) ए. कृ. को.-सूपं। (२) मो.-नहीं।
(३) मो.-सु उगाहिए। (४) मो.-रह (५) कृ. को.-वद्दे, ए.-वद्दे

बर जैचंद सुबंधं। प्रोहित पंग रक्खियं ¹आइवं ॥
सहचर चारु सुपढ़ियं। बालाइलं बालवं मनयं ॥ छं० ॥ ३५२ ॥

अपनी सेना सहित वह भी शिवपूजन के लिये वहाँ आया।

दूहा ॥ चढ्यौ पुंज नव साज बर। भरु भर लिन्ने सत्थ ॥
शंभु थान पूजन मिसह। चलि बर आयौ तत्थ ॥ छं० ॥ ३५३ ॥

तब तक पृथ्वीराज के भी ७००० सैनिक हथियारबंद कपट भेष धारण किए हुए भीड़ में धँस पड़े।

तब लगि दल चहुआन के। ग्रह गुपंति कर आइ ॥
रुक्कि सकै नन मध्थ लिय। बोलै संमुह धाइ ॥ छं० ॥ ३५४ ॥

कवित्त ॥ सहस सत्त कप्परिय। भेष कीनौ तिन बारं ॥
गोप तेग गहि गुपत। कपट कावरि सब भारं ॥
किहुन फरस किहुं छुरी। चक्र किन हाथन माही ॥
किन त्रिसूल किन डंड। सिंगि सब सथ्थ समाही ॥
सा अंग सिद्ध चहुआन लै। दूतन दूत बताइ हरि ॥
सा अंग बाल उतकंठ करि। पै लग्गी परदच्छि फिरि ॥ छं० ॥ ३५५ ॥

शशिव्रता ने चौंडोल से उतर कर शिव की परिक्रमा की और पृथ्वीराज से मिलन होने की प्रार्थना की।

अरिल्ल ॥ फिरि परदच्छि बाल अपु लग्गी।
सुमन काम कामना सुभग्गी ॥
मन मन बंधि ²कियौ इथ लेवं।
सुमन मंच प्रारंभ सुदेवं ॥ छं० ॥ ३५६ ॥

दोहा ॥ उतरि बाल चौंडोल तें। प्रीत प्रात छुटि लाज ॥
शिवहिं पूजि अस्तुति करी। मिलन करै प्रथुराज ॥ छं० ॥ ३५७ ॥

शशिव्रता का शिव जी की स्तुति करना।

(१) ए. कृ. को.-आहि।
(२) कृ.-किए, कियउ, कियत्र।
* यह दोहा मो. प्रति में नहीं है।

छंद हनूफाल ॥ प्रारभं मंच सु राम । तिहि जपौ अजपा नाम ॥
हरि हरी बरुन विरत्ति । कवि कही चंद किरत्ति ॥ छं० ॥ ३५८ ॥
स्रुत कह्यौ बेद पुरान । ज्यौं सुन्यौ श्रवन निधान ॥
तन स्याम अम्मर पीत । रघुबंस राजस रीत ॥ छं० ॥ ३५९ ॥
दृग कमल कमला पान । मधु मधुर मिष्टत बान ॥
जिन नाम [1]अनमह [2]कोट । कंद्रप्प लावन मोट ॥ छं० ॥ ३६० ॥
गंभीर साइर मान । आदिष्टवान प्रमान ॥
नह बाल वृद्ध किशोर । उर वरन स्याम न गौर ॥ छं० ॥ ३६१ ॥
अरि दहन उग्रस कोट । पीवै कि गोपिन [3]पोटि ॥
भ्रम भूलि ब्रह्म भुलाइ । सुरनाथ नाथ नचाइ ॥ छं० ॥ ३६२ ॥
निज पानि पद्म कटाच्छ । जिन भ्रमिय भूतल लाछ ॥
आदित्य कोटि प्रकास । सय सक्र कोटि विलास ॥ छं० ॥ ३६३ ॥
आराम कलप निधान । सुर तीन कोट प्रमान ॥
नव रूप रेष अनंग । परकार गर्व विभंग ॥ छं० ॥ ३६४ ॥
पर पाप लिपत इहै न । भुअ भुक्ति मुक्ति सु दैन ॥
काकुस्थ करुना कार । गुन निद्धि सुभ्भर भार ॥ छं० ॥ ३६५ ॥
रन रंग धीर सधीर । भव पार कढ्ढन तीर ॥
सुर सुरी नाथ नचाइ । भ्रम भूल ब्रह्म भ्रमाइ ॥ छं०॥ ३६६ ॥
चतुरान घट्ट सु घूमि । सुरपत्ति फनपति तूमि ॥
तारुन्य रूप प्रकास । सहभूत अंग निवास ॥ छं० ॥ ३६७ ॥
जय मंच जंपित वार । हर दीन तँह हंकार ॥ छं० ॥ ३६८ ॥
अरिल्ल ॥ बाले त्रित्त विषम्म प्रमानं । हय गय दल रुंध्यौ चहुआनं ॥
कुंकुम कलस सलेवर हेमं । देव दैव साधारन नेमं ॥ छं० ३६९ ॥
पंगी पय सतह परिमानं । संमुह दलन रुंध्या चहुआनं ॥
गहह गहह कित्ती अविसेशं । सुवर चित्त चिंत जु नरेशं ॥छं०॥३७०॥
गाथा ॥ वर छित्ती छिति धारी । सारं संग्राम नेहयो बलयं ॥
अग्गैई म्रग जूथं । ना भुक्कै [4]म्रग्गयं राजं ॥ छं० ॥ ३७१ ॥

(१) ए. कृ. को.-जनमाहि । (२) ए. कृ. को.-जोट । (३) मो.-फोटि ।
(४) ए. कृ. को. मृग्गयो ।

उद्धरे सेन सनो। [1]संग्रामं वीर सुभट्टायं ॥
कालिंदीय सुरंगे। सो अंगो सुद्ध [2]भूतायं ॥ छं० ॥ ३७२ ॥

पृथ्वीराज सात हजार कपट वेषधारी कामरथी वीरों के साथ देवी के मन्दिर में धँस पड़े।

कवित्त ॥ सहस सत्त कप्परिय। भेष कीनो तिन वारं ॥
कपट कंध कावरिय। धसिय देवी दरबारं ॥
सर्व शस्त्र आरंभ। हस्त आरंभ सुरी सल ॥
धसिय भीर सम्भूह। जूह पाई समंडि कल ॥
दल प्रबल उदधि ज्यों मथन कज। भुज सुकिल्ल चहुआन किय ॥
शशिव्रत्त बाल रंभह समह। मिलिय गंठि बंधन सुहिय ॥ छं० ॥ ३७३ ॥

पृथ्वीराज और शशिवृता की चार आंखें होते ही लज्जा से शशिवृता की नज़र नीची हो गई और पृथ्वीराज ने हाथ पकड़ लिया।

दिट्ठ दिट्ठ लग्गी समूह। उतकंठ सु भग्गिय ॥
निष लज्जानिय नयन। मयन माया रस पग्गिय ॥
छल बल कल चहुआन। बाल कुअंरप्पन भंजे ॥
दोषचौय मिट्टयौ। उभय भारी मन रंजे ॥
चौहान हथ्थ बाला गहिय। सो ओपम कविचंद कहि ॥
मानों कि लता कंचन लहरि। मत्त बीर गजराज गहि ॥ छं० ॥ ३७४ ॥

पृथ्वीराज के हाथ पकड़ते ही शशिवृता को अपने गुरुजनों की खबर आगई और इससे आंख में आंसू आने लगे पर उन्हें अशुभ जानकर उसने छिपा लिया।

चंद्रायना ॥ गहत बाल पिय पानि। सु गुर जन संभरे ॥
लोचन [3]मोचि सुरंग। सु अंसु बहे परे ॥

(१) ए. कृ. को.-संग्रामे। (२) ए. कृ. को.-भूताय। (३) मो.-कामचि।

अपमंगल जिय जानि । सु नैंन मुष बही ॥
मनौं षंजन मुष मुत्ति । भरक्कत नंषही ॥ छं० ॥ ३७५ ॥

दुहु कपोल कल भेद । सुरंग ढरक्कही ।
सज्जन बाल बिसाल । सु उरज परक्कही ॥
सो ओपम कवि चंद । चित में बस रही ।
मनु कनक कसौटी मंडि । म्रग्ग मद [1]कसरही ॥ छं० ॥ ३७६ ॥

गाथा ॥ म्रग मद कसयति चित्ते । मित्तं पुनरोपि चित्तयं बसयं ॥
अजहूं कन्ह वियोगे । कालिंदी कन्हयो नीरं ॥ छं० ॥ ३७७ ॥

गहियं गह गैह कंठो । बचनं संजनाइ निठ्ठयो कहियं ॥
जानिज्जै सत [2]पच्चं । बंधे [3]सदाइ भवरयं गहियं ॥ छं० ॥ ३७८ ॥

तप तंदिल में रहियं । अंगं तपताइ उप्परं होइ ॥
जानिज्जै कसु लालं । घटनो अंग एकयौ सरिसौ ॥ छं० ॥ ३७९ ॥

अपमंगल अल बाले । नैनं नषाइ नष किं सलयौ ॥
जानिज्जै धन क्रपनं । सपनंतरो दत्तयं धनयं ॥ छं० ३८० ॥

जिस समय पृथ्वीराज ने शशिवृता का हाथ पकड़ा पृथ्वीराज के हृदय में रुद्र, शशिवृता के हृदय में करुणा और उन शशि के शत्रुओं के हृदय में वीभत्स रस का संचार हुआ।

कवित्त ॥ गहि शशिव्रत नरिंद । सिढी लंघत ढहि थोरी ॥
काम लता कलहरी । पेम मारुत झकझोरी ॥
बर लीनी करि साहि । चंपि उर पुट्ठि लगाई ॥
मन सुरंग सोइ [4]बत्त । कंत लगि कान सुनाई ॥
न्रप भयौ रुद्र करुना सुचिय । बीर भोग बर सुभर गति ।
सगपन सुहास बीभच्छरिन । भय भयान कामधज्ज दुति ॥छं०॥३८१॥

---

(१) मो.- फरसही । (२) ए. पत्तं । (३) ए. कृ. को. शब्दाय ।
(४) ए. कृ. को.-बात ।

वरिवृत्त से एक घरी ठहर कर पृथ्वीराज शशिवृता को साथ ले कर चल दिए ।

दोहा ॥ बीर गत्ति संधिय सुमति । इत्त अहत्त न जाइ ॥
　　घरी एक आहत्त रषि । सुबर बाल अनुराइ ॥ छं० ॥ ३८२ ॥

शशिवृता के पिता ने कन्या के बैर से और कमधज्ज ने स्त्री के बैर से लड़ाई का विचार किया और सेना सजी ।

　　बाल सु बैर स बैर त्रिय । भान विरुद्ध न कौन ॥
　　सकल सेन साधन घरी । कलहंछत गति [1]चौन ॥ छं० ३८३ ॥
अरिल्ल ॥ आहत्त इत्त गुन निग्रह राज । देव जुद्ध देवत्तह साज ॥
　　है गै दल सज्जै तिहि बीर । हरौ बाल बहुआन सधीर ॥छं०॥३८४॥

शशिवृता के पिता का कमधज्ज के साथ मिलकर पांच घरी दिन रहे सकट व्यूह रचना ।

कवित्त ॥ घरिय पंच दिन रह्यौ । मंत जद्दव प्रारंभिय ॥
　　मिलि कमधज्ज नरिंद । सकट व्यूह आरंभिय ॥
　　अर्द्ध सथ्थं अप्पनौ । चरन मंडिय बाम दिसि ॥
　　व्यूह चक्र बिय पाइ । सथ्थ उभभौ नरिंद कसि ॥
　　उडवन भार अंगत सकट । सबर पुंज अप्पन सजिय ॥
　　रघुनाथ साथ बलियं बिहसि । हंकि सु लछिमन तहँ रजिय ॥
　　　　　　　　　　　　　　　　छं० ॥ ३८५ ॥

कमधज्ज की सेना का वर्णन ।

छंद रसावला ॥ भगं भीर भाजी । कहं क्रूह वाजी ॥
　　सुने पुंज राजी । मनो मेघ गाजी ॥ छं० ॥ ३८६ ॥
　　सनाहं सु साजी । चढ़्यो बीर बाजी ॥
　　बगं मेल्ल ताजी । सबं सेन साजी ॥ छं० ॥ ३८७ ॥
　　करौं काम आजी । मिरं मोहि लाजी ॥

(१) ए.-चिन्ह ।

उठी मुच्छि एनं । सिरं लग्गि गेनं ॥ छं० ॥ ३८८ ॥
कमंद्धं निहारी । सयंनं विहारी ॥
कमानै निहारी । तरकस्स झारी ॥ छं० ३८९ ॥
अरी तुंग तारी । फिरै [1]गज्ज भारी ॥
सरोसं विहारी । मया मोह जारी ॥ छं० ॥ ३९० ॥
महंतं विडारी । ....॥
किए नैन रत्तं । रसं रोस पत्तं ॥ छं० ॥ ३९१ ॥
मुरं बीन बीरं । करौ आज तीरं ॥
परै मोहि गत्तं । हरै शशिव्रत्तं ॥ छं० ॥ ३९२ ॥
असी जा पहारं । चढ्यौ धार धारं ॥
लियौ छत भारी । पगं सीस डारी ॥ छं० ॥ ३९३ ॥
पर्यौ मद्ध धाई । असीजा पुलाई ॥
बजी कूह कूहं । अवाजं सजूहं ॥ छं० ॥ ३९४ ॥

घरियाल के बजते ही सब सेना जुट गई।

कवित्त ॥ सुनि वज्जी [2]घरियाल । लाग [3]नीसानन बाजिय ॥
इक दिन दोऊ सेंन । चंपि चावद्दिसि साजिय ॥
महन रंभ सा जग्य । मध्य मोहन शशिव्रत्तं ॥
असुर सु सुर मिलि मथहि । सूर बंसी रजपूतं ॥
आरंभ पच मंड्यौ कपट । कपट मुक्कि कढ्ढिय लपट ॥
दुहूं बीच जद्दों कुंअरि । उभय सिंह सारह झपट ॥ छं० ॥ ३९५ ॥

चहुआन और कमधज्ज शस्त्र लेकर मिले।

दूहा ॥ चाहुआन कमधज्ज बर । मिले लोह अल छोह ॥
भर भर टट्टर बज्जही । बंसह लग्गिय कोह ॥ छं० ॥ ३९६ ॥

शत्रुता का भाव उच्चारण करके दोनों ने अपने अपने हथियार कसे।

---

(१) मो.-गत्र। (२) ए. कृ. को.-घरि, घरी पंच।
(३) मो.-नीसानत।

गाथा ॥ उच्चरियं अरि भायं । सायक कस्सेव अप्प अप्पायं ॥
कढ्ढे लोह करारं । मार मारं जंपि जो हाईं ॥ छं० ॥ ३९७ ॥
दूहा ॥ अहत घाइ घट भंग कौ । करन मतह बर बीर ॥
मनहु काल कपि दल निरति । लेन [1]लंक मति धीर ॥ छं० ॥३९८॥
[2]धर धीरत्तन बीर बर । करिय न पंग प्रवाह ॥
चच्चर सौचव रंग गति । विधि बंधन रिन चाह ॥ छं० ॥ ३९९ ॥

दोनों सेनाओं के युद्ध का वर्णन ।

छंद भुजंगी ॥ मिले घाइ [3]न्विघाइ सा पुंज राजै । लगे अंग अंगं सुरंगति छाजै ॥
मिले हथ्थ बथ्थं सु सथ्थं निनारै । मनो वारुनी मत्त [4]मय मत्त भारै ॥
छं० ॥ ४०० ॥
किधों जुद्ध लग्गे कि मल्लं सवारे ॥ . ... ॥
उरै लोह पंती परै श्रोन रुद्रं । मनों रत्त धारा बरष्षै समुद्रं ॥
छं० ॥ ४०१ ॥
उड़ै छिंछि इछं सनाहं सुभिज्जै । मनो पुफ्फरत्तं नभं देव पुज्जै ॥
सुनै ईस सद्दं निसानं गहारं । बजै धार धारं घनं कै प्रहारं ॥
छं० ॥ ४०२ ॥
मनो पट्टनं मंझि कंसी डकारं । दुती [5]ओपमा चंद जंपै विचारं ॥
बज झल्लरी देवलं द्वार मारं । उड़ै सार किंची कि रचै प्रहारं ॥
छं० ॥ ४०३ ॥
मनो भिंगनं भद्दवं रैनि भारं । . . . . ॥
*सबै सस्त्र मंचं भरं जम वाहे । षिभ्भै षग्ग कढ्ढै बिहथ्थै समाहे ॥
छं० ॥ ४०४ ॥
करं कंस मत्तं पलं धारि छंडै । रुधं धार हल्लै प्रसादेति मंडै ॥
सिवा लीति सोभै [6]प्रनाली अनेकं । फिरै अच्छरी पंति बिय बार वेकं ॥
छं० ॥ ४०५ ॥

(१) ए. कृ. को.-फलक । (२) मो.-धन ।
(३) मा.-निध्धाम । (४) मैं.-मै ।
(५) मो.-उप्पमा । (६) ए. कृ. को. गूनाली ।
* ए. कृ. को.-सबै शास्त्र मंत्रं भमैरं समाह । बिजै खग्ग कढै बिबी हथ्थ बाह ॥

बहे नाग मुष्षी सु सोडे बिकंतं। फटै हस्ति कुंभं ठनंकंत घंटं ॥
बियं बांह षंचै गिरै गज्जराजं। मनो द्रोन षंचे कपी काज पाजं ॥
छं० ॥ ४०६ ॥

घिजै दंत दंती भरं कंध डारै ॥ मनो कोपियं भीम हथ्थी उच्छारै ॥
भरं लोहि गिद्धौ भ्रमै भंति छुट्टै। मनो देवलं इष्ट चलि डोरि तुट्टै ॥
छं ॥ ४०७ ॥

लगी लोह हथ्थी सिरं बंबिभ्रारै। तिनं गात तिंदू जरै अग्गि लारै ॥
परै षोपरी तुट्टि भेजी सुभावै। दधी [1]भाजनं जानि वायस्स आवै ॥
छं० ॥ ४०८ ॥

फटै बीर बीरं सुबीरं सुघट्टं। मनो कर्क करवत्त बिहरंत कट्टं ॥
नचैजा कमंधं करै हाक शीशं। परंमं सुभज्जै हसै देषि ईशं ॥
छं० ॥ ४०९ ॥

युद्ध के समय शूरबीरों की शोभा वर्णन।

गाथा ॥ मानिक्कं प्रति ताजं। हेमं हेमेल्ल विद्द साधरियं ॥
आनिज्जै निसि मद्धं। निरमल तारक सोभियं गैनं॥ छं० ॥ ४१० ॥

मुच्छी उच्चस बंकी। बाल चंद सुभियं [2]नभ्भं ॥
[3]गज गुर घन नीसानं। रीसानं षंग षल याई ॥ छं० ॥ ४११ ॥

अरिल्ल ॥ दहाक बज्जि नीसानति [4]नद्दं। सबै सेन संग्राम बिवद्दं ॥
इक अंग चावद्दिसि सेनं। जरै राज रत्ते [5]रस नेनं ॥ छं० ॥ ४१२ ॥

छंद रसावला ॥ लगी कर कोह। लगें घन लोह ॥
छकै अति छोह। महा तजि मोह ॥ छं० ॥ ४१३ ॥
भरा भर भार। तुटै तरवार ॥
मची घन मार। परंत प्रहार ॥ छं० ॥ ४१४ ॥
धुकंत धरन्नि। सरोस मरन्नि ॥
निफूटत हन्नि। बरै सु बरन्नि ॥ छं० ॥ ४१५ ॥

---

(१) मो.- भोजनं। (२) मो.-गेनं।
(३) मो. को.-गात, गत। (४) ए. कृ. को.-नदै, बिघदै। ५ मो.-रन।

करै घन घत्त । मद्दा हुत मित्त ॥
लरै वर लत्त । फटै रिन पत्त ॥ छं० ॥ ४१६ ॥
कटारिय एक । लगंत अनेक ॥
सु चंदन साष । संजोइय भाष ॥ छं० ॥ ४१७ ॥
धषै अति धीर । मनों बर बीर ॥ छं० ॥ ४१८ ॥

कमधज्ज की शोभा वर्णन ।

कवित्त ॥ [1]सबर बीर कमधज्ज । अरघ अप्पिय षग मग्गं ॥
दुष [1]अच्छित उच्छरहि । जानि परिमानन मग्गं ॥
सार धार पुंधियै । बीर मंगल उच्चारै ॥
सबै साथ बंदियहि । सकल पूजा संभारै ॥
बर मुक्ति बरन बरनी सुबर । इह अपुब्ब पिष्यौ नयन ॥
उप्पनी बीर सिंगार सँग । रुद्र बीर चौरों नयन ॥ छं० ॥ ४१९ ॥

दूहा ॥ सिर सोहत बर सेहरौ । टोप ओप अति अंग ॥
बगतर बागे केसरं । रुधि भीजत विषमंग ॥ छं० ॥ ४२० ॥
[2]सकट भग्ग लइ बग्ग बर । कमधज बीर विसेज ॥
[3]मिले बीर बीरत्त बर । दोऊ दैवत तज ॥ छं० ॥ ४२१ ॥

शशिवृता का चहुआन प्रति सच्चा अनुराग था।

देव तेज दैवत्त गुन । अहत मत्ति गुन कंति ॥
शशिव्रत्ता चहुआन सैं । सुहत मंत गुन पंति ॥ छं० ॥ ४२२ ॥
सांइ सूर सांई सु गति । दल दुंदुभि दैवत्त ॥
विधरं कार वीरह करइ । सुबर बीर मारुत्त ॥ छं० ॥ ४२३ ॥
कालकूट कीनौ विषम । कोलाहल्ल घन कीन ॥
अहत हत्त अंतह भषै । सो भारथ्थ प्रवीन ॥ छं० ॥ ४२४ ॥
भारथ दिष्षिय तत्त मति । अहत चिंत बल छीन ॥
जिन गुन प्रगटित पिंड किय । सो भारथ्थ प्रवीन ॥ छं० ॥ ४२५ ॥

(१) मो.-अच्छित । (२) मो.-संगट ।
(३) मो.-मिलें ।

कंठ कील कीली सुहत। हतत जुद्ध सम पाइ ॥
सुवर वीर भारथ्थ गुन। उठे बीर विरुझाइ ॥ छं० ॥ ४२६ ॥
घल संकुल अंकुल प्रक्रित। चतुर चित्त विरुझाइ ॥
मनु बड़वानल मध्य तें। समुद सत्त गुन भाइ ॥ छं० ॥ ४२७ ॥
वीर थान विभ्रम भइय। नयन रत्त सम सार ॥
मानहु बर धरि अब्ब में। नाकपत्ति गिरि भार ॥ छं० ॥ ४२८ ॥

पृथ्वीराज की श्री शेषजी से उपमा वर्णन।

कवित्त ॥ नाक पत्ति संभरिय। उभै काया अधिकारिय ॥
वह जित्यौ बलि राइ। यहन दुज्जन मम सारिय ॥
छिति पत्ति अति अभ्भ। दुहुन आभा पति बुद्धं ॥
वह गोरी सुरतान। इहति दानवति विरुद्धं ॥
षग षुल्लै दुहुन पुज्जै न को। दोऊ बाउ बर बीर रन ॥
लै चल्यौ हरिव शशिहत्त को। पहु पंजलि पुज्जै तरुन ॥ छं० ॥ ४२९ ॥
दूहा ॥ तरुन तेज तम हरन बर। बाल वहिक्रम उच्छि ॥
मानों रति आरुढ़ करि। बर बारधि मति लच्छि ॥ छं० ॥ ४३० ॥
लच्छि सु लच्छिह लीन हरि। इह लीनी संग्राम ॥
घटि बढ़ि मंचह समन बरि। दोऊ बीर बढ़ि [1]वाम ॥ छं० ॥ ४३१ ॥
गाथा ॥ चावद्दिसि न्रप [2]विंथौ। पुंजं सेनायं सेनयौ बीरं ॥
धर धरनी आधारं। सा धारं डुलियं शीशं ॥ छं० ॥ ४३२ ॥

उस युद्ध में वीरों को आनन्द होता और कायर डरते थे।

[3]मुरिल्ल ॥ बढ़ि सत्त दुहाइय वीर रसं। दुहु सेन सुधावत अंग कसं ॥
मुष वीर विगस्सिय रेन ससी। भय कायर चंद प्रभात दिसी ॥
छं० ॥ ४३३ ॥
छंद विराज ॥ लगे लोह सारं। दोऊ बीर भारं ॥
महा तेज तारं। बरं कंज भारं ॥ छं० ॥ ४३४ ॥

(१) मो.-काम। (२) मो.-विटं।
(३) मो.-प्रति में यह छन्द त्रोटक नाम से लिखा है।

घरी यार सारं । परें कै प्रहारं ॥
भए पार पारं । मनों प्रात तारं ॥ छं० ॥ ४३५ ॥
करै मार मारं । बबक्कै बकारं ॥
चलैं रुद्धि धारं । पलं मच्चि गारं ॥ छं० ॥ ४३६ ॥
चर मंम चारं । दिषै प्रेत द्वारं ॥
धपै धार धारं । टरैं जे न टारं ॥ छं० ॥ ४३७ ॥
डकै भूत डारं । ढरैं सीस ढारं ॥
उड़ी बीर रैंनी । भ्रमै भैंर सेंनी ॥ छं० ॥ ४३८ ॥
अवध्यं न गोपं । इसे बीर कोपं ॥ छं० ॥ ४३९ ॥

दूहा ॥ कोपि बीर कायर धरकि । परषि पयंपन जोग ॥
यह गति छंडै बीर बर । परै परत्तर भोग ॥ छं० ॥ ४४० ॥

कवित्त ॥ बांन पथ्थ बलभीम । सत्त [1]सिवरी अधिकारी ॥
[2]गंभीरां गुर सिंघ । नेह करनह क्रत [3]धारी ॥
बल सुजग्य सक्रह बिसाल । पुरषारथ सारी ॥
सुर सिधि बुद्धि गनेश । क्रम्मन घुन घू अधिकारी ॥
सामंत सूर सूरह विरुध । बीर बीर पारस फिरिय ॥
बर सिंघ सिंघ रष्षै मरन । बर कोबिद कोबिद डरिय ॥ छं० ॥ ४४१ ॥

कवि का पृथ्वीराज को कलि में वीरों का सिरताज कहना ।

दुहा ॥ सु रिधि बुद्धि बुध्यां तरन । मिरन सूर दुति राज ॥
चाहुआन प्रथिराज कल । मंडि बीर सिर ताज ॥ छं० ॥ ४४२ ॥

पृथ्वीराज और कमधज्ज का मुकाबला होना ।

चाहुआन कमधज्ज बर । मिले लोह छुटि छोह ॥
धार मुरै मुष ना मुरै । मरट [4]मुच्छ क्रत जोह ॥ छं० ॥ ४४३ ॥
चाहुआन कमधज्ज दुति । रति नाइक प्रति धीर ॥
सारंगी सारंग बल । इह लग्गी अति बीर ॥ छं० ॥ ४४४ ॥

---

(१) मो.-सिवर । (२) मो.-गंभीरं ।
(३) मो.-भारी । (४) मो.-मूल ।

धन्य है उन शूरवीरों को जो स्वामिकार्य्य के लिये प्राणों का मोह नहीं करते।

अरिल्ल ॥ द्रव्य [1]वस्य नन छोड़ प्रमानं। अप्पन [2]प्रान स्वांम हत दानं॥
जिन जग जित्ति कित्ति बसि कीनी। मरन सूर सस्त्रह बर लीनी॥
छं० ॥ ४४५ ॥

दूहा ॥ कहां पंच पंचौ बसत। कहां प्रकृति प्रति अंग॥
कहां हंस हंसह बसै। कौन करै रन जंग॥ छं० ॥ ४४६ ॥

पृथ्वीराज और कमधज्ज का युद्ध।

इह कहि कढ्ढिय सार कर। षोलि षग्ग दोउ पानि॥
मानहु मत्त अनंग है। भूत छुट्टे [3]जम जांनि॥ छं० ॥ ४४७ ॥

घोर युद्ध वर्णन।

छंद भुजंगी॥ मिले हथ्थ वथ्थं न सथ्थं स धारे। मनौ बारुनी मत्त गज दंत न्यारे॥
उड़ै लोह पंती परै स्रोन [4]रुंदं। मनौ रुद्धि धारा बरष्षंत बुंदं॥
छं० ॥ ४४८ ॥

घुमे घाय घायं अघायं अघायं। भ्रुमै झार झारं झनंकै झकायं॥
करैं जोगनी जोग काली कराली। फिर पैट धाये महा विक्राली॥
छं० ॥ ४४९ ॥

परै सूर वाहै बहथ्थी क्रपानं। कढ़ी तांत बाढ़ी मलं चारि जानं॥
धमां धम्म मत्ती महो माहि [5]धानों। पिंजारे सतं रुव पीजंत मानों॥
छं० ॥ ४५० ॥

महादेव मालानि में गूथि मथ्थं। [6]कहैं वाह वाहं वहै सुर हथ्थं॥
छं० ॥ ४५१ ॥

मुरिल्ल ॥ [7]हाहरे रूप कायर प्रकार। [8]छंडीति लज्ज अरु बीर मार॥
अभ्यसै सूर जिन सूर रूप। दैवत्त भूप दिष्षै अनूप॥छं०॥ ४५२॥

---

(१) मो.-बसें। (२) ए. कृ. को.-काम। (३) मो.-यम।
(४) ए. कृ. को.-रुदं। (५) मो.-घानों। (६) मो.-वहै।
(७) मो.-हारे। (८) मो.-छंडी लज्ज भये बासि मार।

युद्ध की यज्ञ से उपमा वर्णन।

कवित्त ॥ विषम जग्य आरंभ। वेद प्रारंभ शस्त्र बल ॥
है गै नर होमियै। शीश आहुत्ति [1]स्वस्ति कल ॥
क्रोध कुंड वित्तरिय। कित्ति मंडप करि मंडिय ॥
गिद्धि सिद्धि वेताल। पेषि पल साकृत छंडिय ॥
तुंबर सु नाग किंनर सु चर। अच्छरि अच्छ सु गावहीं ॥
मिलि दान अस्स अप्पन जुगति। भुगति मुगति तत पावहीं ॥
छं० ॥ ४५३ ॥

दूहा ॥ करि सुचार आचार सब। समद कित्ति फल दीन ॥
गुरुजन मिसि करुना करिय। कायर हाहर कीन ॥ छं० ॥ ४५४ ॥

कमधज्ज का सर्पव्यूह रचना।

कवित्त ॥ मिलि जद्दव कमधज्ज। अहिर व्यूहं आरंभिय ॥
पुच्छ सु लषि.लनि बंध। पांडु गुज्जर पारंभिय ॥
सुधर मंडि वर बीर। पंग बंधह रचि गढ्ढै ॥
फन अप्पन भय पुंज। जीभ कूरंभ सु ठढ्ढै ॥
हथनारि जोरि जंबूर घन। दसन हट्ठ हग मुष्ष करि ॥
मनि भयौ मेर मारूफ़ षां। [2]चच्चर सीचौ रंग परि ॥ छं० ॥ ४५५ ॥

गाथा ॥ अप्प' व्यूह अरंभो। प्रारंभो बीर भद्रायं ॥
जानिज्जै चव रंगं। चतुरंग इक घंटायं ॥ छं० ॥ ४५६ ॥

दूहा ॥ घटिय घट्ट अघटन घटिय। पढ़िय सार दुअ सैन ॥
पंगराइ बंध्यौ सु हत। किये रत्त बर नैन ॥ छं० ॥ ४५७ ॥
रत्ते नैन विषम्म गति। दावानल प्रथिराज ॥
बीर चंद घन उन्नयौ। सार सु बुट्ठन आज ॥ छं० ॥ ४५८ ॥

पृथ्वीराज का मयूरव्यूह रचना।

कवित्त ॥ मोर व्यूह प्रथिराज। सथ्थ [3]सज अप्पन कीनौ ॥
चुंच केश मंडली। कन्ह चहुआन सु दीनौ ॥

(१) ए.-सुस्ति। (२) को.-चचर। (३) मो.-जल।

पांइ पिंड विधि पंष । गरुत्र गहिलोत बीर सजि ॥
पुच्छ राज रघुबंश । चरन पुंडीर चंद रजि ॥
दुह लोह कढ्ढि परियार तें । सारधार में अग्गि भर ॥
पल पंच तरंगनि रुक्कि जल । आंनि कमोदनि नंचि सर ॥छं०॥४५८॥
दिषि बर [1]लष्षिन फवज । चंपि चतुरंग रिँगावहु ॥
अरि सयन्न संभार । धोर भंजै मग पावहु ॥
बहु गरिष्ट तारिष्ट । रुक्कि अप्पन पर धावहिं ॥
सु बर सिंघ आलसैं । स्याल छूधौ करि ध्यावहिं ॥
उट्ठै न बीर बीरह उठत । सुबर [2]मंत फुनि फुनि करै ॥
बरसै न अंब सर मेघ कौ । जो न [3]समर सरवर भरै ॥ छं० ॥ ४६० ॥
गाथा ॥ समर सु मथ्यौ सेनं । तारं झंकार बीर भद्रायं ॥
केवल गति काल रूपं । भूयं बीर जुद्दयो समरं ॥ छं० ॥ ४६१ ॥

वीररस में श्रृंगाररस का वर्णन ।

दूहा ॥ समर जुद्द मच्चिय समर । हालाहल बर [4]मंत्ति ॥
कोलाहल पंषिन कियौ । कांम रूप बर जित्त ॥ छं० ॥ ४६२ ॥
छंद नाराच ॥ बरंत काम रूपयं । असी वहै अनूपयं ॥
लगै सु गौरि पासयं । परक्रिया कटाछयं ॥ छं० ॥ ४६३ ॥
सरंत तीर सोहयं । उरंद मुट्ठि छोहयं ॥
हला हलं हलं मलं । भिलंत अंग संभिलं ॥ छं० ॥ ४६४ ॥
[5]कडा कडी कडक्कयं । दडा दडी दडक्कयं ॥
पडै सिरं पडक्कयं । डकंत बीर डक्कयं ॥ छं० ॥ ४६५ ॥
घिसै न ज्यों घडक्कयं । तुटंत तजि डक्कयं ॥
हडा हडी हडक्कयं । .... ॥ छं० ॥ ४६६ ॥
निरष्षि पत्ति नाकयं । परंत हीय धाकयं ॥
बरंत अच्छरी बरं । भषंत गिद्धनी भरं ॥ छं० ॥ ४६७ ॥
लगंत लोह [6]सो लरं । अरिंम मत्त संमरं ॥ छं० ॥ ४६८ ॥

(१) ए. कृ. को.-लच्छन । (२) ए कृ. को.-मंत्र । (३) मो.-समूर ।
(४) को.-सत्ति । (५) ए. कृ. को-कटा कटी । (६) मो.-सोलरं ।

अरिल्ल ॥ आरिष्टन सम दिष्टम दिष्षिय । बीर चंद गह गह मुष भष्षिय ॥
यद भरि होंव न परम सुबंधं । बर भारथ बीर रस संधं ॥
छं० ॥ ४६९ ॥

गाथा ॥ उट्ठहि एक प्रमानो । धावंताय पंचयो सयनं ॥
[1]वाहंतं बर लोहं । साइनं देषयौ बीरं ॥ छं० ॥ ४७० ॥
रुधिरं पच तसतयौ । हो मझ्झ [2]काय इकयौ सिरयं ॥
अति गज्जि दुह मकारं । अगिमत होइ बीर सम सेनं ॥ छं ॥ ४७१ ॥
अगनित गने न जानं । ई कोइ कोपि रुक्कयो सहसं ॥
बर बीरार सुभट्टं । दावानलं पंगयौ बीरं ॥ छं० ॥ ४७२ ॥

पृथ्वीराज की आज्ञा पाकर कन्ह का क्रुद्ध होकर झपटना।

दूहा ॥ तव चहुआन सु कन्ह वर । ठड्डौ करि गुरराज ॥
हुकम नृपति छुट्टौति इम । [3]जनु तीतर पर बाज ॥ छं० ॥ ४७३ ॥

कवित्त ॥ मुष छुट्टत नृप बैन । नैन दिट्ठौ धावंतौ ॥
क्रम बंध बल मोह । छोह बंध्यौ सु बरत्तौ ॥
सु बर सेन चहुआन.। सिंग जद्दूनं [4]नवाई ॥
जनु मंदिर बिय बार । ढंकि इक बार बनाई ॥
तकतीर करन दोउ अंस बर । किति मग्ग करतव्य कर ॥
अथवंत रविह आदित्य दिन । अगनि सार बुट्टिय कहर ॥
छं० ॥ ४७४ ॥

गाथा ॥ मुष छुट्टा नृप बैनं । कै दिट्ठाय धावता नैनं ॥
बज्जी बाहु सुबारं । धारं ढारि [5]मत्तयौ धरयं ॥ छं० ॥ ४७५ ॥

कन्ह का युद्ध वर्णन ।

दूहा ॥ मत्त ढरहि संमुष भिरहि । स्वामि सनाह सहूर ॥
आज मुष्य चहुआन कन्ह । सिंधु सत्त कौ नूर ॥ छं० ॥ ४७६ ॥

गाथा ॥ सद्दं सिद्धत नूरं । कारूरं करनयो नथ्थी ॥
एको अंग सुरंगो । दिब्बे वा बीरयं बीरं॥ छं० ॥ ४७७ ॥

---

(१) को.-व्याहंतं ।　(२) मो.-काम ।　(३) मो. मनु
(४) मो.-नमाई ।　(५) ए. कृ. को-मत्तवो ।

धनयं लहि नरिंदं। तिहि संचिय सायरो नथ्यौ॥
कलहंतं बल विषमं। अुषमं देहीय लज्जती सूरं॥ छं०॥ ४७८॥
कहूं लोह दुहथ्थं। सत्तं घरियाय बज्जयौ अंगं॥
चावद्दिसि चतुरंगी। अनुरंगी सेन सब्बाइं॥ छं०॥ ४७९॥
दूहा॥ अनुरंगी सेना [1]सकल। सह सुरह विरुद्ध॥
अबुध बुद्ध भारथ्थ में। दान मान सु [2]प्रवद्ध॥ छं०॥ ४८०॥
गाथा॥ वर अथवंत सु दीहं। भुम्भं विन जोतयं कलयं॥
घरिघट अघट नरिंदं। सा बुद्धं बीर भद्रायं॥ छं०॥ ४८१॥

पृथ्वीराज के बीर सामंतों का प्रशंसा।

मुरिल्ल॥ बीरभद्र अरु रुद्र जलप्पिय। कहौ मत्त संकरषन थप्पिय॥
तुम सकल कलित भारथ फिरि दिष्यौ। इन समान कोइ बीर विसष्यौ॥
छं०॥ ४८२॥
गाथा॥ को [3]दिठौ सम बीरं। सामंतं स्वामयौ [4]क्रमयं॥
इक्कं करन प्रमानं। अंगद कामेय रावनो [5]भिरयं॥ छं०॥ ४८३॥
चौपाई॥ राम कांम अंगद अधिकारी। स्वांमि कांम सामंतव धारी॥
जिन हय गय तन तिन वर जान्यौ। सुमत भ्रंम स्वामित्त पिछान्यौ॥
छं०॥ ४८४॥
[6]सुपति भ्रम्म जिन तंत प्रमानिय। मुकति सुर्ग केवल सुनि बानिय॥
घट्टिय घट्ट विघट्ट सुषंध्यौ। सुपथ साथि आपथं सु मंध्यौ॥छं०॥४८५॥
जिन छंडिय मंडिय क्रत धारिय। सार कट्टि हय तज्जि सु धारिय॥
[7]परनि प्रहार सार तजि सारं। जड़ता तज्ज लगत तम तारं॥ छं०॥४८६॥
छंद विराज॥ लगे बीर सारं। किए मत्त पारं॥
बहथ्थंत धारं। अनुज्जा प्रहारं॥ छं०॥ ४८७॥
तुटै धार धारं। मनों स्रुत्त तारं॥
अवित्तं विहारं। कलिंदी कहारं॥ छं०॥ ४८८॥

(१) ए. कृ. को.-सुबल। (२) ए. कृ. को.-प्रबुद्ध।
(३) मो.-नट्ठौ। (४) को मो.-कृतयं।
(५) मो.-भरयं। (६) ए.-सुमति। (७) मो.-पराति।

मनौं नभ्भ धारं । सु भारथ्थ सारं ॥ छं० ॥ ४८९ ॥
चौपाई ॥ सार धार भारथ प्रहारं । मानहु दुत्तिय अंग बिहारं ॥
धार तिथ्थ कै तिथ्थह राजं । जनक काम कामनि सिरताजं ॥
छं० ॥ ४९० ॥

कवित्त ॥ बर अथवंत सु दीह । झुझ्झि [1]लष्षिन जद्दव भर ॥
लोह धार लगि विषम । ईस लीनौं जु शीश कर ॥
रह्यौ न तन दझ्झन सु मंस । पल चरन न पाइय ॥
अश्व शस्त्र पष्षर [2]पलान । ढुढंत नन पाइय ॥
बरि लियन बीर अंतर मिल्यौ । [3]अच्छर [4]सुच्छर ना लियौ ॥
मिलि गय सु भान सुत भान कौ। दिव दुंदुभि बज्जत वियौ ॥ छं० ॥ ४९१ ॥
अगनि झार धर धार । सार वज्जी प्रहार असि ॥
कंक दिष्ट सिंघा सुरारि । भग्गौ नल गंभरि ॥
शस्त्र घात आघात । बथ्थ अन बथ्थ सु लग्गा ॥
सुरत अंतरित सेत । मिले दूती मन भग्गा ॥
सिरदार सैन नृप है करिय । दोउ घाव घन घुम्मि घट ॥
उबर्‌यौ कन्ह प्रथिराज क्रम । झुझ्झि पुंज बंध्यौ सुभट ॥ छं० ॥ ४९२ ॥

इस युद्ध को देख कर देवताओं का प्रसन्न हो कर पुष्पवृष्टि करना ।

छंद भुजंगी ॥ बजी दुंदुभी आज आयास थानं । करे लोह लोहं [5]सुलोकंति गानं ॥
कहै चंद सूरं महावीर पाई । परै पुप्फ बर विष्ट बज्जै बिघाई ॥ छं० ॥ ४९३ ॥

सांझ हो गई परंतु कमधज्ज की अनी न मुड़ी ।

कवित्त ॥ जीति लियौ जै पत्ति । चारु चतुरंग म मोरी ॥
बर बंध्यौ नृप पुंज । ढाल जद्दव न ढँढोरी ॥
बर [6]लच्छिन परि षेत । कन्ह चहुआन उपारिय ॥

* मो.-प्रति में अतिरिक्त । (१) मो. लन ।
(२) मो.-प्रमान । (३) मो.-अच्छर । (४) मो.-सुच्छर ।
(५) ए. कृ. को.-लोकेमु । (६) मो०—लच्छिन ।

चेत ढूंढ़ि प्रथिराज। सुभ्रत झोरी करि डारिय ॥
इतनें सु भान अस्तमित भये। दोऊ सेन बर उत्तरिय ॥
मुकी न बग्ग कमधज्ज की। रोस राह विसरन भरिय ॥छं०॥४९४॥
बजी संझ घरियार। सार बज्यौ तन झंझर ॥
जनु कि बज्जि झननंक। ठनकि घन टोप स [1]उब्बर ॥
अनल अग्गि सम जग्गि। जेन धज बंधि सलग्गा ॥
मनु द्रुप्पन में बैठि। नेत बडवा नल जग्गा ॥
घन स्यांम पीत रत रंग बर। विविध बीर गुन बर भरिय ॥
हर हार गंठि रुठि उमां। किम उतारि पच्छो धरिय ॥ छं० ॥ ४९५॥

कमधज्ज का अपने वीरों को उत्साहित करना।

छंद भुजंगी ॥ भिर्यौ राम रन बीर कमधज्ज बीरं।
करो आज सर्वं [2]सुन्निब्बीर धीरं ॥
गुहै माल ईशं नचैं जोग बीरं।
भिरं तंत प्रेतं धरं धीर हीरं ॥ छं० ॥ ४९६ ॥

सब रन भूमि में तीन हाथ ऊँची लाशें पड़ गईं।

दूहा ॥ परि पथ्थर सथ्थर सुरन। गनक गनें नहिं जाइ ॥
हथ्थ तीन लुथ्थह चढ़ी। मुरबी [3]मझ न माइ ॥ छं० ॥ ४९७ ॥
संझ सपत्त न्रपति बर। नव नव रस अरपंत ॥
बर प्रथिराज नरिंद दुति। सो ओपम कविकंत ॥ छं० ॥ ४९८ ॥

तीन घड़ी रात्रि होजाने पर युद्ध बंद हुआ।

कवित्त ॥ घरिय तीन निसि गइय। बार बर सुक्र सु आगम ॥
पंति परी अरिजूह। बीर विंझौ अरि जागम ॥
कोट पलन सोभै। विसाल सामंत सूर थंभ ॥
जस देवल उप्पनौ। बीय गय गिरी सेत रंभ ॥
प्रथिराज देव दानव दलन। लच्छि रूप जद्दव कुंअरि ॥
नव रस विलास पूजा करहि। बर अच्छरि भइ पहुप सरि ॥छं०॥४९९॥

(१) ए.—उब्बर। (२) ए०—सन्निवीरे। (३) ए०-मद्ध।

पृथ्वीराज की सेना की समुद्र से उपमा वर्णन।

स्रम सु अंग बिंटयौ। सुधा [1]बिंटयौ जु बाल रस ॥
अमिय चंद बिंटयौ। समुद बिंटयौ बडवा तस ॥
अरि कैं दिल विष उरग। मंच ससि वृत्त प्रेम झर ॥
लहि न सुद्धि मव बसन। आइ लग्गेति रोस भर ॥
बजि बीर बार दुज दल सघन। लाग निसानन नृत्य पर ॥
प्रथिराज सेन बंधौ स अति। सु कविचंद उच्चारि बर॥ छं०॥५००॥

युद्ध में नव रस वर्णन करना॥

भान कुंअरि शशिव्रत। नैन शृंगार सुराजै ॥
बीर रूप सामंत। रुद्र प्रथिराज बिराजै ॥
चंद अदभ्भुत जानि। भए कातर करुना मय ॥
बीभछ अरिन समूह। सात उप्पनौ मरन भय ॥
उप्पज्यौ हास अपछरि अमर। भौ भयान भावौ बिगति ॥
कूरंभराव प्रथिराज [2]बरं। लरन लोह चिंते तरनि ॥ छं० ॥ ५०१ ॥

राम रघुवंश का कहना कि जिस बीर ने युद्धरूपी काशी क्षेत्र में शरीर त्याग करके इस लोक में यश और अंत में ब्रह्म पद न पाया उसका जीवन वृथा है।

कहै राम रघुवंस। सुनौ सामंत सूर तुम ॥
अमर नरन बंछहि सु। जुद्ध किन कथ्थ नरिंद भ्रम ॥
धार तिथ्थ बर आदि। तिथ्थ काशी सम भज्जै ॥
असि वरुना तिन मध्य। लोह तज सम गज्जै ॥
सिव सिद्ध जोग सज्जै सकल। अकल अपूरब बत्त इह ॥
लभ्यौ न बीर जिन ब्रह्म पद। छिनक मद्धि गति लभ्भि इह॥छं०॥५०२॥

गुरुराम का पृथ्वीराज को विष्णु पंजर कवच देना।

पढ़ि सुमंत्र गुर राम। विष्णु पंजर सनाह दिय ॥

(१) मो.-बींध्यौ। (२) ए. कृ. को.-छर।

केस कंस मरदन्न । नंद नंदन खिलाट किय ॥
भोह भुअह्वर धरि समुह । नैंन निज्जिय नाराइन ॥
बदन दिह्व औक्षप्प । हृदय थप्पौ मथुराइन ॥
कटि जंघ गुविंद रक्षा करन । चरन थप्पि असरन सरन ॥
गुर इष्ट समरि प्रथिराज कौ । इष्ट सुदिह्व रक्षा करन ॥ छं० ॥ ५०३ ॥

कमधज्ज और जद्दव की मृत फौज की शोभा वर्णन ।

दूहा ॥ परि पारस अह्व सयन । मिलि कमधज्ज प्रमान ॥
षट बिय ग्रह मनु नछित लै । [1]पंति सु मंडिय भान ॥ छं० ॥ ५०४ ॥

किन किन बीरों का मुकाबला हुआ ।

छंद चोटक ॥ परि पारस पंग नरिंद घनं । मनो भान सुमेर कि पंति बनं ॥
घन सद्द सुरंग निसान धुनं । मनौं बज्जत दुंदुभि[2] देव तनं ॥ ५०५ ॥
चव दून निसान सु कन्ह धनी । जु कियौ सिरदार सु पंग अनी ॥
दिसि पच्छिम बालुकराय अर्‌यौ । तिनके मुख कन्ह पजून लर्‌यौ ॥
छं० ॥ ५०६ ॥
हुअ ईस दिसान दिसा नृप माम । तिन कें मुष भौ रन भाटिय भांन ॥
दिसि पूरब भो षुरसान षँधार । तिन कै मुष मंडि सलष्ष पवार ॥
छं० ॥ ५०७ ॥
अगिनेव दिसा वन सिंघ अचाइ । तिन के मुष मंडिय निढ्ढुर राय ॥
दिसा जम लच्छिन बंधिय फौज । तिन के मुष चामंड दाहर कौज ॥
छं० ॥ ५०८ ॥
सुनै रति छच उब्यौ कर बीर । तिन कें मुष मंडिय चंद पुंडीर ॥
जु बायु दिशा दिशि इंद्रयपाल । [3]तिनें मुष भौम भिरं रिनमाल ॥
छं० ॥ ५०९ ॥
[3]सु उत्तर दै प्रभु पंग कुंआर । तिनें रघुवंस बजावत सार ॥
बढै गुर जंबुर [4]हथ्यह नार । मनौं गज भद्दव कौ उनिहार ॥
छं० ॥ ५१० ॥

(१) ए.०--पति ।
(२, ३) पंक्ति मो.-प्रति में नहीं है । (४) ए. कृ.०को.-हथं हय ।

छुट्टे गुरजं बवियानन सें । पह तें पलटे मनों तारक सें ॥
पति बंधि सनाह सयान करैं । अरि के मुष सामँत सूर लरैं ॥
छं० ॥ ५११ ॥

रात्रि व्यतीत हुई और प्रातःकाल हुआ ।

भयें प्रात जगंतय सूर घरे । तिन कें लरतें ब्रह्मण्ड डरे ॥
गय सञ्च निशा पहु फट्टि ननं । दोउ संगम अंग बिहंग घनं ॥
छं० ॥ ५१२ ॥

प्रिय प्रातक सीत चलै मधुरं । निशि षोय उसास निसास डरं ॥
बर तोरत तारक भूषन सो । मुष मूंदि कमोदनि ना बिगसो ॥
छं० ॥ ५१३ ॥

पहु फट्टिय बीर प्रमांन नषै । रवि [1]रत्त सुतत्त वियोग लषै ॥
जु भई गति सिथ्थल ता सगरी । सर छिप्पन केलि कला निसरी ॥
छं० ॥ ५१४ ॥

[2]बजि दुंदुभि देव निसान धुअं । प्रगटे सत पत्त सुरंग हुअं ॥
बर रंग [3]जवा सन ओति फिरी । घन देहि असीस चकी चतुरी ॥
छं० ॥ ५१५ ॥

घन रोर चकोर कमोद भगे । जु गए दुरि चोर सु देव जगे ॥
जमुना हुलसी अमराज हंस्यौ । जु गयौ तिमरं भजि तेज सज्यौ ॥
छं० ॥ ५१६ ॥

बर इंद अनंदिय चंद कह्यौ । जु सज्यौ रथ उंच अरुन गह्यौ ॥
सु चल्यौ चक्र एकहु चक्र कह्यौ । सु गयौ कमलं कर को अकरयौ ॥
छं० ॥ ५१७ ॥

बर उड्डग नीर पवन्न उछं । जु चले सब क्रमज अग्गि गछं ॥
जु भयौ धन ध्रंम मिटी बनिता । बल आप अआप न सो अपता ॥
छं० ॥ ५१८ ॥

गाथा ॥ गई सर्ब्बरी सु सबं । फट्टी पहुवं नट्ठयौ तिमिरं ॥
तम चूरन प्रति किरनं । तरुनं बिराइ तरुनयो रचयं ॥ छं० ॥ ५१९ ॥

---

(१) को.-वृत्त ।　　(२) को.-वट्टि ।　　(३) ए.-जवासनि ।

प्रातःकाल होते ही घोड़ों ने ठीं लगाई, शूरबीरों ने तयारी की और दोनों तरफ के फौजी निशान उठे।

कवित्त ॥ [1]सुफट किरनि पहु बीर। परिय आरन्नि निसा गय ॥
उभय षट्ट प्रगटीय। हक्क बोलंत हयनि हय ॥
तिमिर तेज भंजन। प्रमान कमधज्ज नरिंदह ॥
मांन तुंग चहुआन। जग्य जंपिय कवि चंदह ॥
नव ग्रेह नवम्मिय नव निसा। नव निसान दिशि मान धुरि ॥
सामंत सूर भुज उप्परै। रहसि राज प्रथिराज फिरि ॥ छं० ॥ ५२० ॥

शूरबीरों के पराक्रम से और सूर्य्य से उपमा वर्णन।

गाथा ॥ सुघटं किरनं बीरं। पारस मिसह सेन कमधज्जं ॥
उदयं अस्तमि भानो। मेर पच्छि दच्छिनो फिरयं ॥ छं० ॥ ५२१ ॥
दूहा ॥ दष्षिन पत्त सुमेर फिरि। यों पारस पहु पंग ॥
सार धार धारह मिले। सुबर बीर प्रति अंग॥ छं० ॥ ५२२ ॥
चौपाई ॥ सार धार प्राहार प्रकार। मनौं मत्त घन पंति विभार ॥
उठे बीर सत्तों विरझाइ। भान पयान न मत्त सुचाइ॥ छं०॥५२३॥

पृथ्वीराज का शुद्ध हो कर विष्णु पंजर कवच को धारण करना।

गाथा ॥ ग्रह सुद्धा प्रथिराजं। अष्ट ग्रहं बंकमो विषयं ॥
एक भार मीर उरभारि [6]झर । करि सुमेर परि अरि सु फिरि ॥
चवसट्ठि षान गोरी परै । तिन [7]रावव इक राज परि ॥ छं० ॥ ११७॥

मानि लोह मारूफ । रोस बिड्डुर गाहक्के ॥
मनु पंचानन बाहि । सद्द [8]सिरहद्द हक्के ॥
दुहूं मीर बर तेज । सीस इक सिंघह बाही ॥
टोप टुट्टि बहकरी । चंद [9]ओपमता पाई ॥
मनु सीस बीय श्रृंग विज्जुलह । रही हेत तुटि भान हति ॥
उतमंग सुहै बिब टूक ह्वै । मनु उड़गन न्रप तेज मति ॥ छं० ॥ ११८॥

चौसठ खान मारे गए और तेरह हिन्दू सरदार मारे गए। हिन्दू सरदारों के नाम तथा उनका किससे युद्ध हुआ इसका वर्णन।

(१) कृ.-फेरि उपम। (२) मो.-तत्थ। (३) मो.-परैं।
(४) ए.-कृ.-को.-तिन (५) ए. उच्चार।
(६) ए.-कर। (७) ए. कृ. को.-राइ। (८) मो.-सिरहस, सिरहसु।
(९) ए. कृ. को.-उपमा मु. उपमा सुइ।

भुजंगी ॥ परे षांन चौसट्ठि गोरी नरिंद । परे सुभर तेरह कहैं नाम चंदं ॥
परे लुथ्थिलुथ्थी जु सेना अलुभ्भं । लिषे कंक अंकं बिना कौन बुझ्झै॥
छं० ॥ ११९ ॥

पऱ्यौ गोर जैतं मधिं सेस ढारी । जिनं राषियं रेह अजमेर सारी
पऱ्यौ कनक आहुट्ठ गोविंद बंधं । जिने मेछकी पारसं सञ्ज षद्धं ॥
छं० ॥ १२० ॥

पऱ्यौ प्रथ्थ बीरं रघूवंस राई । जिनें संधि षंधार गोरी गिराई ॥
पऱ्यौ जैत बंधं सु पावार भानं । जिनें भंजियं मीर बानेति बानं ॥
छं० ॥ १२१ ॥

पऱ्यौ जोध संग्राम सो हंक मोरी । जिनें कट्टियं वैर गोदंत गोरी ॥
पऱ्यौ दाहिमो देव नरसिंघ अंसी । जिनें साहि गोरी मिल्यौ षान गंसी॥
छं० ॥ १२२ ॥

पऱ्यौ बीर बानेत नादंत नादं । जिने साहि गोरी [1]गिल्यौ साहि आदं॥
पऱ्यौ जावलौ जाल्हते सैन भष्षं । हय सार मुष्षं [2]निकस्संत नष्षं ॥
छं० ॥ १२३ ॥

पऱ्यौ पाल्हनं बंध मल्हन राजी । जिनें अंग गोरी क्रमं सत्त भाजी ॥
पऱ्यौ बीर चहुआन सारंग सोरं । बजे दोइ ग्रैहं अ आकास तोरं ॥
छं० ॥ १२४ ॥

पऱ्यौ राव भट्टी बरं पंच पंचं । जिनें मुक्ति के पंथ चल्लाइ संचं ॥
पऱ्यौ भान पुंडीर ते सोम कंमं । [3]भिल्लै जुझ्झयं बज्जयौ पंच जंमं ॥
छं० ॥ १२५ ॥

पऱ्यौ राउ परसंग लहु बंध भाई । तिनं मुक्ति अंसं छिनं मंझि पाई ॥
पऱ्यौ साहि गोरी भिरै चाहुआनं । कुसादे कुसादे चवैं मुष्ष षानं ॥
छं० ॥ १२६ ॥

दूसरे दिन तत्तार खाँ का शहाबुद्दीन को त्रिकट व्यूह के मध्य में रख कर युद्ध करना और सामंतों का क्रोध कर के शाह की तरफ बढ़ना।

(१) ए.-मिल्यौ। (२) मो.-तिमकंत। (३) ए.-जिनें जुझ्झतें बज्जयो पंच जंमं।

कवित्त ॥ दस हथ्थी सु विहान । साहि गोरी मुष किन्नौं ॥
कर अकाम बादी । ततार षवकोद स दिन्नौं ॥
नारि गोरि जंबूर । कुहक बर बान अघातं ॥
गज्जि भग्ग प्रथिराज । चित्त करयो अकुलातं ॥
सो मोह कोह बर बज्जि कें । क्रज उन धारय धमसि कें ॥
सामंत सूर बर बीर बर । उठे बीर बर हर्मसि कें ॥ छं० ॥ १२७ ॥
अद्ध अद्ध जोजनह । मीर उड़ि संगा केरी ॥
तब गोरी सुरतान । रोस सामंतह घेरी ॥
चक्र अवन चौंडोल । अग्ग [1]सेषन पंचासौ ॥
सूर कोट सूँ जोट । सार मारनह हुलासौ ॥
बर अगनि बगी [2]हल्लौ नहीं । पहर कोट सुजोट हुअ ॥
बर बीर रास समरह परिय । सार [3]धार बर कोट [4]हुअ । छं०॥१२८॥
रसावला ॥ मेलि साइं भरं, षग्ग षेले करं । हिंदु मेछं जुरं, मंत जा जंभरं ॥
छं० ॥ १२९ ॥
दंत कड्ढे करं, उप्पमा उप्परं । केद भीलं जुरं, कोपि कड्ढे करं ॥
छं० ॥ १३० ॥
कंध ननं धरं, पंघ जष्पं फिरं । तीर नंषे करं, मेघ बुट्ठं बरं ॥छं०॥१३१॥
आवधं संभरं, बंक तेगं करं । चंद बीजं बरं, अद्ध अद्धं धरं ॥
छं० ॥ १३२ ॥
बीय बंधं धरं, कित्ति जपै सरं । अस्स ढुंढै फिरं, रंभ बंछै बरं ॥
छं० ॥ १३३ ॥
थान थानं नरं, धारधारं तुटं । धंम वासं छुटं, ... ॥
छं० ॥ १३४ ॥
साह गोरी बरं, षग्ग षेले करं । .... ॥ छं० ॥ १३५ ॥

खुरासान खां का सुलतान के बचन पर तैश में आकर घोर युद्ध मचाना ।

(१) ए.-नेषन । (२) मो.-हसी, हस्यौ । (३) ए.कृ को.-धरि ।
(४) ए.-तुव ।

कवित्त ॥ षाँ षुरसान ततार । षिभिक्ष दुज्जन दल भष्षै ॥
बचन स्वामि उर षटकि । झटकि तसबी कर मंषै ॥
कज्जल पंति गज विथुरि । मध्य सैनं चहुआनी ॥
अजै मानि जै रारि । वियस तेरह चपि प्रानौ ॥
धामंत फिरस्तन कढ़ि असी । दहति पिंड सामंत भजि ॥
बर बीर भीर बाहन [1]कहर । परे धाइ चतुरंग सजि ॥छं० ॥१३६॥

रघुवंसी के घोर युद्ध का वर्णन ।

भुजंगी ॥ पऱ्यौ रघ्घुबंसी अरी सेन जाड़ी। हुतौ बाल बेसं संषं लज्ज डाढ़ी ॥
बिना लज्ज प्रषे सची ढुंढि पिष्षौ। मनों डिंभरू जानि कै मीन कष्षौ ॥
छं० ॥ १३७ ॥

पऱ्यौ रूक रिनवट्ट अरि सेन माही । मनो एक तेगं झरी नीर दाही ॥
फिरैं अड्डवट्टं उपम्मान बट्टं । विश्वंकम्म बंसी कि दारुन्न गट्टं ॥
छं० ॥ १३८ ॥

[2]परे हिंदु मेच्छं [2]उलथ्थी पलथ्थी । करैं रंभ भैरं ततथ्यें ततथ्थी ॥
गहे अंत गिद्धं बरं जे कराली । मनों [3]नाल कट्टें कि सोभै म्नाली ॥
छं० ॥ १३९ ॥

तुटे एकटं गाढ़ि कै षग्ग धायो । मनों विक्रमं राइ गोबिंद पायो ॥
गहै हिंदु हथ्थं मलेच्छं भ्रमायो । जनों भीम हथ्थीन उप्पम्म पायो ॥
छं० ॥ १४० ॥

ननं मानवं जुद्ध दानव्व ऐसौ । ननं इंद तारक्क भारथ्थ कैसो ॥
भकं बज्जि झंकारयं झंपि उट्ठं । बरं लाइ पंचं बधं पंच छुट्टै ॥
छं० ॥ १४१ ।

मनो सिंघ उभभ्भै अलंभभंत छुट्टै । रनं देव सांई सए आव घुट्टै ॥
घनं घोर ढुंढं उतक्कंठ फेरी । लगे झग्गरैं हंस हज्जार एरी ॥छं० ॥१४२॥
तुटै रुंड मुंडं बरं जो करेरी । बरद्दाइ रिझ्झें दुहूं दिन्न मेरी ॥छं० ॥१४३॥

---

(१) ए.-करह । (२) मो.-उलथ्थी । (३) ए. को.-माल ।

लड़ाई के पीछे स्वर्ग में रम्भा ने मेनका से पूछा तू उदास क्यों है ? उसने उत्तर दिया कि आज किसी को वरन करने का अवसर नहीं मिला।

कवित्त ॥ पच्छै भौ संग्राम । अग्ग अच्छर बिचारिय ॥
पुच्छै रंभ मेनिका । अज्ज चित्तं किम भारिय ॥
तब उत्तर दिय फेरि । अज्ज पहुनाई आइय ॥
रथ्थ बैठि औथांन । सोअतह कंत न पाइय ॥
भर सुभर परें भारथ्थ भिरि । ठाम ठाम चुप जीत सथ ॥
उथकीय पंथ हलै चल्यौ । सुथिर सभौ देषीय [1]तय ॥छं० ॥ १४४ ॥

रम्भा ने कहा कि इन वीरों ने या तो विष्णु लोक पाया या ये सूर्य में जा समाए।

कुंडलिया ॥ कहैं रंभ सुनि मेनकनि । ए रहु जिन मत जुथ्थ ॥
अरिय अनंमति जानि करि । जुति आवें ग्रह रथ्थ ॥
जुति आवें ग्रह रथ्थ । ब्रह्म शिव लोकंह छंडी ॥
विश्न लोक ग्रह करै । भान तन सों तन मंडी ॥
रोमंचि तिलकं बसि वरी । इंद्र बधू पूजन जही ॥
ओपम्म जोग नन हुअ बहुरि । अब तारन बरहै कही ॥छं०॥१४५॥

हुसैन खां घोड़े से गिर पड़ा, उजबक खां खेत रहा, मारूफ खां, तातार खां सब पस्त हो गए, तब दूसरे दिन सबेर सुलतान स्वयं तलवार निकाल कर लड़ने लगा।

कवित्त ॥ षां हुसेन ढरि पर्यौ । अस्व फुनि पर्यौ सार बहि ॥
झुझझ फेरि सति सीव । षान उजबक षेत रहि ॥
षां ततार मारूफ । षान षाना घट घुम्मैं ॥
तब गोरी सु बिहान । आइ दुज्जन मुष झुम्मैं ॥

(१) ए.कृ.को.-नथ।

कर तेग झल्लि [1]मुक्तिय सुबर। नहि सुलतानह पन करी ॥
अदि हूर दौह पलटे सुबर। तबहि साहि फिरि पुकरी ॥छं०॥१४६॥

सुलतान ने एक बान से रघुवंस गुसाईं को मारा दूसरे से भीम भट्टी को तीसरा बान हाथ का हाथ ही में रहा कि पृथ्वीराज ने उसे कमान डालकर पकड़ लिया।

तब साहिब गोरी नरिंद। सतबान समाहिय ॥
पहिल बान बर बीर। हने रघुवंस गुसांइय ॥
दूजै बानत कंट। भीम भट्टी बर भंजिय ॥
चाहुआन तिय बान। षान अद्ध धरि रज्जिय ॥
चहुआन कमान सु संधि करि। तीय बान हथ हथ रहिय ॥
तब लगि चंपि प्रथिराज नें। गोरी वै गुज्जर गहिय ॥छं० ॥१४७॥

सुलतान को पकड़ कर और हुसैन खां तातार खां आदि को विजय करके पृथ्वीराज दिल्ली गए। चारों ओर जैजैकार हो गया।

गहि गोरी सुरतान। षान हुस्सैन उपाऱ्यौ ॥
षां ततार निसुरत्ति। साहि झारी करि डाऱ्यौ ॥
चामर छच रषत्त। बषत लुट्टे सुलतानी ॥
जै जै जै चहुआन। बजी रन जुग जुग बानी ॥
गज बंधि बंधि सुरतान कों। गय ढिल्ली ढिल्लीन्द्रपति ॥
नर नाग देव अस्तुति करैं। दिपति दीप दिव लोकपति ॥
छं० ॥ १४८ ॥

एक समय प्रसन्न होकर पृथ्वीराज ने सुलतान को छोड़ दिया।

दूहा ॥ समै एक बत्ती न्टपति। बर छंड्यौ सुरतान ॥
तपै राज चहुआन यौ। ज्यों ग्रीषम मध्यान ॥ छं० ॥ १४९ ॥

(१) मो.-पट्टिय।

एक महीना तीन दिन क़ैद रखकर नौ हज़ार घोड़े और
बहुत से माणिक्य मोती आदि लेकर
सुलतान को गज़नी भेज दिया।

मास एक दिन तीन। साह संकट में रंड्डौ॥
करिय अरज उमराउ। दंड हय मंगिय सुड्डौं॥
हय अमोल नव सहस। सत्त सै दिन ऐराकी॥
उज्जल दंतिय अट्ठ। बीस मुर ढाल सु जक्की॥
नग मोतिय मानिक नवल। करि सलाह संमेल करि॥
परि राइ राज मनुहार करि। गज्जन वै पठयौ सुघरि॥छं०॥१५०॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके रेवातट
पातिसाह ग्रहनं नांम सत्तवीसमो प्रस्ताव
संपूरणम्॥ २७॥

अथ अनंगपाल समयौ लिख्यते ।

(अट्ठाइसवां समय ।)

अनंगपाल दिल्ली का राज्य पृथ्वीराज को देकर तप करने चला गया था परंतु उसने पृथ्वीराज से फिर विग्रह क्यों किया, इस कथा का वर्णन ।

दूहा ॥ दिय दिल्ली चहुआन कौं । तूंअर बद्री जाइ ॥
कहौ दंद क्यों पुक्करिय । फिरि दिल्ली पुर आइ ॥ छं० ॥ १ ॥

अनंगपाल क बद्रिकाश्रम जाने पर पृथ्वीराज का दिल्ली का निर्द्वन्द शासन करना ।

रष्पि बीर प्रथिराज कौं । गै तीरथ्थह राज ॥
व्यास बचन आनंद सजि । तिहँ पुर बज्जन बाज ॥ छं० ॥ २ ॥
जुग्गिनिपुर प्रथिराज लिय । वज्जि त्रिघोष सुदंद ॥
अनगपाल तूंअर बरन । किय तीरथ्थ अनंद ॥ छं० ॥ ३ ॥

यह समाचार देश देशान्तर में फैल गया कि पृथ्वीराज दिल्ली में निर्द्वन्द राज्य करता हुआ स्वजनों को मान देता है और उपकार को न मान कर अनङ्गपाल की प्रजा को बड़ा दुःख देता है ।

पद्धरी ॥ तूंअर नरिंद तप तेज जानि । प्रथिराज व्यास बचनह प्रमानि ॥
त्रिमान ग्यान मेटै न कोइ । इंद्रादि अंत कलपंत होइ ॥ छं० ॥४॥
दस दिसा अमिट धरती अकास । [1]चंद्रादि सूर ग्रह ग्रह प्रकास ॥
ब्रह्मा टरंत टारंत काल । रहंत पंच भूते बिचाल ॥ छं० ॥ ५ ॥
विष्यात बात दस दिसि कहंत । विथ्थुरी देस देसन तुरंत ॥
अप अप्प आनि दीनें निवास । तूंअर नरिंद परजा निकास ॥ छं० ॥ ६ ॥

---

(१) ए.कृ.को.-चंद्रमा सूर दिब दिन प्रकास ।

निरद्दै नरिंद इन विधि विसास। आनंग लोक हिरद्दै निरास॥
उपगार को न मानै विवेक। संसार माहिं ऐसे अनेक॥ छं० ॥ ७॥

अग्नि, पाहुना, विप्र, तस्कर आदि परदुःख नहीं जानते पृथ्वीराज दिल्ली का राज्य करता है और अनङ्गपाल पराए की भांति तप करता है।

कवित्त ॥ तसकर चुक्कुक विप्प। बैद [1]दुरजन अति लोभी॥
प्राहुन अहि जल ज्वाल। काल न्रिप इन में मोभी॥
इन पर चिंता नाहिं। बहुत करि जौपै कहिये॥
[2]अप्प सहज चालंत। चित्त की बात न लहिये॥
प्रथिराज लोक तूंअर घरह। अरुचि दिष्ट मंडै तनह॥
भोगवै धरा जीवत धनिय। संक न कोइ मानै मनह॥ छं० ॥ ८॥

सोमेश्वर अजमेर में राज्य करता है और पृथ्वीराज को दिल्ली मिली यह सुनकर मालवापति महिपाल को बड़ा बुरा लगा।

दूहा ॥ संभरि वै सोमेस न्रप। अति उतंग आचार॥
ढिल्ली प्रथि तूंअर दइय। सुन्यौ पिज्यौ महिपार॥ छं० ॥ ९॥

मालवापति ने चारों ओर के राजाओं को पत्र लिख कर बुलाया। गक्खर, गुण्ड, भदौड़ और सोरपुर के राजा आए। सलाह हुई कि पहिले सोमेश्वर को जीत कर तब दिल्ली पर चढ़ाई की जाय।

कवित्त ॥ चंदेरी चतुरंग। सैन हय गय पल्लानं॥
ठौर ठौर कग्गदह। दए मालव धरवानं॥
गष्षड़ गुंड भदौड़। सोरपुर ह्वर समाहे॥

(१) ए.-को. जुरजन।

मिलि आए महिपाल। अप्प बल सेन उमाहे ॥
एकंत मत्त सोमेस पर। धुर संभरि वै लिज्जिये ॥
प्रथिराज तुँअर ढिल्ली दिसा। फिरि कलहंतर किज्जिये ॥
छं० ॥ १० ॥

मालवपति का अजमेर पर चढ़ाई करने के लिये सेना सहित चंबल नदी पार होना।

बर मालव महिपाल। चढ्यौ चहुआन सु उप्पर ॥
सेन सजी चतुरंग। दियौ मेलानह सो पुर ॥
हय गय थट्ट अघट्ट। घाट चंबिल परि आइय ॥
घुरि निसान घमसान। थान थानह हल्लाइय ॥
जादव नरिंद हरिबंस कुल। अति आतुर अजमेर पर ॥
उत्तर्यौ सरित संमित सकल। धुंस धरा रावत्त धर ॥ छं० ॥ ११ ॥

शत्रुओं के आने का समाचार सुन कर सोमेश्वर अपने सामंतों को इकट्ठा करके बोला कि पृथ्वीराज को तो अनंगपाल ने बुला लिया इधर शत्रु चढ़े हैं, ऐसा न हो कि कायरता का धब्बा लगे और नाम हँसा जाय।

सुनि सोमेसर सूर। चिंति मन मंत उपाइय ॥
बर प्रथिराज नरिंद। अनंगपालह बुल्लाइय ॥
रज रजवट रष्षियै। राव रावत्तन कीजै ॥
रहै गल्ह संसार। आव जल अंजुल छीजै ॥
मो बंस अंस आनल अटल। कोइ न कहो काइर कहिय ॥
अप्पान सुभ्भ संबोधि न्रप। जुद्ध घात पुव्वत लइय ॥ छं० ॥ १२ ॥

सामंतों ने सलाह दी कि शत्रु प्रबल हैं इससे इनको रात के समय छल करके जीतना चाहिए।

सिंघ पँवार असिंघ। गौड़ संजम चहुआनं॥
बाहन बीर सधीर। राज गुर राम सुजानं॥
मंत मंति भर अवर। करे समचित्त अनेकं॥
तुम लज्जा धर धीर। बीर बीराधि [1]बिवेकं॥
संभरिय सोम पुच्छत बयन। कहिय बत्त सम तत्तकल॥
छल बल अनेक छचिय करन। तुच्छ सत्य पुज्जै न [2]षल॥छं०॥१३॥

दूहा॥ चंद चंद निसि दंद मति। [3]रतु सरइ गुरवार॥
तेरसि तकि सज्यौ सयन। रचि [4]रति बाह विचार॥ छं०॥ १४॥

सोमेश्वर ने कहा कि तुम ने नीति ठीक कहा पर रात को छापा मारना अधर्म है इसमें बड़ी निन्दा होगी।

कवित्त॥ रत्ति वाह छल जुड। अधम [5]षिची परिमानं॥
[6]कूड़ कपट मारियै। अधम निद्रा गति आनं॥
मल मोचन रति रवन। सेन पूजन जल न्हानं॥
मंच जाप जप्पंत। करै नह घात सुजानं॥
तुम मंत तंत संचौ कहिय। इह अध्म्म भ्रम हारिये॥
जो गिनइ पुरुष निंदा अपर। लछ रति वाह विचारिये॥
छं०॥ १५॥

सामंतों ने कहा कि सेतु बांधने में श्रीराम ने, सुग्रीव ने बालि को मारने में, नृसिंह ने हिरण्यकश्यप के मारने में और श्रीकृष्ण ने कंस के मारने में छल किया, इस में कोई दूषण नहीं है।

छल तक्यौ श्री राम। सेत साइर तब बंध्यौ॥
छल तक्यौ सुग्रीव। बालि जिउ ताड़इ संध्यौ॥
छल तक्यौ लछिमना। सूर मंडल अरि बेध्यौ॥
छल तक्यौ नरसिंघ। हृग्गकुस नष उर छेद्यौ॥

---

(१) ए.कृ.को.-बिमेकं। (२) ए.कृ.को.-पल। (३) ए.कृ.को.-रित, रति।
(४) मो.-रवि। (५) ए.कृ.को.-छात्रि। (६) ए.कृ.को.-कूड कूड।

छल बल करंत दूषन न कोइ। किम्न कलह कं सइ करिय ॥
सोमेस राज तकि अप्प विधि। रत्तिवाह छल मन धरिय
छं० ॥ १६ ॥

दूहा ॥ ससि निम्मल ससि सूर अप। दिय अस अस्त्र उतान ॥
प्रथुक जोग जिन साल [1]धर। संजोजन सव्वान ॥ छं० ॥ १७ ॥

सोमेश्वर के सामंतों का युद्ध के लिये तयारी करना।

भुजंगी ॥ ग्रहे सूर सोमेस सा आयुधेसं। इकं सोभई राज जोगिंद भेसं ॥
तजे मोह माया ग्रहन्नौ कहन्नौ। तजे बंध पुत्तं हरिं चित्त मन्नौ ॥
॥ छं० ॥ १८ ॥

इकं सामि धम्मं ग्रहे अंग लाजं। * तिनं सस्त्र झल्ले जुधं किप्ति काजं ॥
न काया न कामं धरे रामराजं। हवैं हाक सूरां कपै काइराजं ॥
छं० ॥ १९ ॥

पचं विस्नुकान्ता जलं जान्हवीयं। वपुं उद्धरे कोटि सौ पाप कीयं ॥
बरै रंभ वामं दुती साम कामं। मनों दाहिनाहत्त पीरंभ रामं ॥
छं० ॥ २० ॥

तिनं सस्त्र हल्लै जुधं कित्य काजं। हुवै हाक सूरं कपै काइराजं ॥
मुरं हाक्सं आयुधं दंड धारै। तिनं नाम चंदं मु छंदं उच्चारै ॥
छं० ॥ २१ ॥

नमो तन्न चंसं ग्रहे सूल पासं। परस्सं असन्नी सकत्तौ विकासं ॥
ग्रहे तूंन तोमार भल्ली कपानं। जुधं काज नालीक नाराज जानं ॥
छं० ॥ २२ ॥

सरं चक्र सारंग वज्रं गदायं। दंड मुद्गरं भिंडिमालं सघायं ॥
हलं मूसलं सेल सावल्ल षग्गं। ग्रहे सूरता अप्प अपपन्न बग्गं ॥
छं० ॥ २३ ॥

छुरिका कती कुद्ध बक्की कुंतायं। [2]फलक्कं कनीका भुसुंडी बतायं ॥
लियं संकं [3]दुस्फोटकं पारिघायं। पटीसं छतीसं ग्रहे आयुधायं ॥
छं० ॥ २४ ॥

(१) मो. जर।
(२) ए. कृ. को.-पलक्कं।
* यह पंक्ति मो. प्रति में नहीं है।
(३) मो.-दुस्पोटं।

पट्टन के यादव राजा ने आकर डेरा डाला। अजमेर जीतने का उत्साह जी में भरा था।

दूहा ॥ पट्टन जादव आय नृप। किय डेरा बरबान ॥
सुनि सोमेसर दौरि करि। ज्यों निधि रंक प्रमान ॥ छं० ॥ २५ ॥
अति आतुर अजमेर पहु। आइ कुलिंगन बाज ॥
यों रस रत्ता सूर भर। मुकति चिया धरि साज ॥ छं० ॥ २६ ॥

चारों ओर खलबली मच गई। रुद्रगण तथा नारद आनन्द से नाचने लगे।

कवित्त ॥ अप्प अप्प मुष अरिन। सूर संमुह झल्लारिय ॥
हाइ हाइ उच्चार। धरनि अंबर तुटि डारिय ॥
चमकि चित्त चिपुरारि। अष्ट गन नारद नंचिय ॥
सेस सटप्पटि सलकि। दिसा दंतिन तन अंचिय ॥
मानों कि जलद तुट्टिय तड़ित। बर पट्टन आहुट्ट भर ॥
रति वाह प्रात हूं ते दियो। अगनि सार बुझ्यो कहर ॥ छं० ॥२७॥

योद्धाओं की तयारी तथा उनके उत्साह का वर्णन।

रसावला ॥ कट्टि षग्गं लगं, आइ जुट्टे अगं। जानि सूरं उगं, लग्गि षग्गं बगं ॥
छं० ॥ २८ ॥
जानि प्रब्बै जगं, सामि ध्रम्मं मगं। षंड षंडं अगं, श्रोन [1]तुट्टे रगं ॥
छं० ॥ २९ ॥
पानि वाहै षगं, सूर साधें सगं। देवि [2]ताली ठगं, ठाम ठामं ठगं ॥
छं० ॥ ३० ॥
डंकनीयं डगं, एक एकं दिगं। सूर रोपे पगं, नग्ग मानों नगं ॥
छं० ॥ ३१ ॥
सार धारं तमं, जानि ऊकं अगं। बसं जालंदगं, फुट्टि [3]षोपं षगं ॥
छं० ॥ ३२ ॥

(१) ए. कृ. बुट्टे। (२) ए. कृ. को.-लागी।

दट्टि मट्टं भगं, हंस उड्डे मगं। मार मारं रगं, मुष्ष बोले दगं ॥
छं० ॥ ३३ ॥

लट्ट चट्टं परं, लथ्थ वथ्थं भरं। श्रंत श्रोनं झरं, आनि पछ्छे सरं ॥
छं० ॥ ३४ ॥

कट्टि षंडं गुरं, हथ्थ अंगं जुरं। आनि षिप्ति षलं, चंच गिद्धी पलं ॥
छं० ॥ ३५ ॥

ईस सीसं झलं, माल मध्धे [1]घलं। सूर जद्दो बलं, अभ्भ तुट्यौ कलं ॥
छं० ॥ ३६ ॥

भूर भूपं मिलं, आयुधं अत्तुलं। .... ॥ छं० ॥ ३७ ॥

दूहा ॥ मार मार मच्चौ कहर। दोउ दलनि सिर मंधि ॥
प्रौढ़ा नायक छयल रमि। प्रात न बंछै संधि ॥ छं० ॥ ३८ ॥

सोमेश्वर ने पिछली रात धावा कर दिया शत्रु के पैर उखड़ गए।

कवित्त ॥ सोमेश्वर भजि सूर। सूर उभ्भारिग भरि भरि ॥
मार फुट्टि चहुआन। भिरिय जद्दो भरि लरि लरि ॥
घरी एक तिन रत्त। सार मैगल सिर बुट्टिय ॥
संभर वैर सु आनि। सार भग्गि जु सिर तुट्टिय ॥
भग्गइय सूरमा दुहूं मयन। [2]किहि न कोई वर चंपयौ ॥
उप्पारि लियौ अजमेर पहु। [3]दागन किहूं दीयौ गयौ ॥ छं० ॥ ३९ ॥
हथ्थिय ढाल ढलक्कि। घालि लीनौ अजमेरी ॥
परि लंगा लंगरी। सेन दुज्जन दल फेरी ॥
भाग बीर प्रथिराज। अरिन उप्पारि स लीनौ ॥
इन सोमेसर राव। सत्त हथ्थिन बर कीनौ ॥
जिम तिमर सूर भंजे सुभर। गुरु गल्हान न कवि टरै ॥
जब लगै भूमि साइर [3]सुथ्थित। तव लगि कवित सु[4] उब्बरै ॥
छं० ॥ ४० ॥

(१) ए.-घलं, वलं। (२) मो.-किन। (३) मो.-सुप्राति। (४) मो.-विस्तरै।

संसार में एक मात्र कविकथित यश के अतिरिक्त और कुछ अमर नहीं है ।

दूहा ॥ रह्यो न को रवि मंडलह । रहि कवि मुष्ष सु भल्लह ॥
जीरन जुग पाषान ज्यों । पूर रहंदी गल्लह ॥ छं० ॥ ४१ ॥

यादव राज ऐसा घायल होकर गिरा कि मुंह से बोल न सकता था ।

फिरि जद्दव भर देस दिसि । समर घाइ ली सैन ॥
अवर चित्त तें अवर परि । कहि न सकै बैन ॥ छं० ॥ ४२ ॥

सोमेश्वर उसे घर उठा लाया बड़ा यत्न किया । एक महीना बीस दिन में अच्छे होकर राजा ने आरोग्य स्नान किया । सोमेश्वर ने बहुत दान दिया ।

ग्रिह सोमेसर आनि तिन । मास एक दिन बीस ॥
रष्षि जतन किय न्हान जब । दियौ दान सु जगीस ॥ छं० ॥ ४३ ॥

पृथ्वीराज ने यह समाचार सुना । उसने प्रतिज्ञा की कि जब घात पाऊंगा शत्रुओं को मजा चखाऊंगा ।

सुनिय [1]बत्त प्रथिराज न्रप । चिंति भविष्षत बत्त ॥
अरियन तौ आछोड़ियै । जो लब्भीजै घत्त ॥ छं० ॥ ४४ ॥

इधर दिल्ली की प्रजा ने बद्रिकाश्रम में अनङ्गपाल के पास जाकर पुकारा कि महाराज चौहान के अन्याय से हम लोगों को बचाइए ।

कवित्त ॥ अनँगपाल प्रज लोक । जाइ बद्री [2]पुकारिय ॥
हम तुम सेवक सामि । छंडि ग्रह राज निकारिय ॥
नहि अदब्ब मन्नयौ । क्रूर मच्यौ चहुआनं ॥

(१) मो.-षबर । (२) मो.-पुकारय, निकारय।

हो अनगेस नरेस । गई ढिल्ली धर जानं ॥
जा जियत राज धर पर बसिय । नीति न्याय न प्रकासियै ॥
नर नाग देव निंदैं सकल । न्रिप करंत तहँ बासियै ॥ छं० ॥ ४५ ॥

अनङ्गपाल ने क्रुद्ध होकर अपने मंत्री को बुलाकर समाचार कहा । मंत्री ने कहा कि पृथ्वी के विषय में बाप बेटे का विश्वास न करना चाहिए ।

सुनिय तेज जाजुल्य । दूत परधान पठाइय ॥
हम भंडार धर धान । द्रब्ब सब्बह भरि लाइय ॥
व्यास बचन संभारि । कहै तब मंत्री पुच्छह ॥
देस भ्रमी धन आदि । राज ग्रहयो गढ़ सब्बह ॥
न्रिप सेव देव दुज्जन उरग । इन ढिल्लै नन मुक्कियै ॥
बर बंध पुत्र अरु तात न्रप । इन बिसास धर चुक्कियै ॥ छं० ॥ ४६ ॥

राज्य प्राप्त करने के लिये गत ऐतहासिक घटनाओं का वर्णन ।

धर काजैं कौरवन । पुंड आनिय न [1]बंध गति ॥
धर काजैं [2]दसग्रीव । बंध बंध्यो भभिषन मति ॥
धर काजैं नल राइ । बंधवन षेत न अप्पौ ॥
धर काजैं बलि राइ । देव देवाधि उथप्पौ ॥
धर काज मुंज त्रिय के कहै । भोज प्रहारन मत कियौ ॥
धर काज कन्ह तूंअर अधम । पुत्तह सै मुष [3]बिष दियौ ॥ छं० ॥ ४७ ॥

तूंअर वंश ने सर्वदा भूल की, पहिले किल्ली को उखाड़ा फिर आपने पृथ्वीराज को राज्य दिया ।

दूहा ॥ तुम तूंअर मति चूकना । करि किल्ली ढिल्लीय ॥
फुनि मत अप्पन ही करिय । प्रथीराज धर दीय ॥ छं० ॥ ४८ ॥

राजा हाथी घोड़ा स्वर्ण इत्यादि सब दे दे परंतु राज्य की सर्प मणि के समान रक्षा करे ।

(१) मो.-बंध ।　　(२) मो.-दशशीश ।　　(३) मो. बसि ।

राज दान गज तुरिय [1]द्रव। देत न लग्गे वार ॥
धरतिय रष्षन यौ सुहद। अहि मनि रष्षन हार ॥ छं० ॥ ४९ ॥

अनङ्गपाल के आग्रह करने पर मंत्री लाचार होकर दिल्ली की ओर चला।

मंत्रि सु मंतह सीष लै। चलि दिल्लिय चहुआन ॥
आइस कौं जोइस का हा। [2]इह श्रत भम्म प्रमान ॥ छं० ॥ ५० ॥

पृथ्वीराज से मिलकर मंत्री ने कहा कि अनङ्गपाल आप पर अप्रसन्न हैं उन्होंने आज्ञा दी है कि हमारा राज्य हमें लौटा दो या हम से आकर मिलो।

चंद्रायना ॥ मिल्यो न्रिपह सोमंत बसीठ जु मुक्कल्यौ ॥
सा चहुआनह पास नरिंद सु इक्कल्यौ ॥
षिज्यो अनंग नरिंद भूमि हमह्वीं तजौ ॥
कै मिलौ आइ चहुआन सुबुद्धिय मंत जौ ॥ छं० ॥ ५१ ॥

इस पर पृथ्वीराज का क्रोधित होना।

बोल्यो हंकि नरिंद बसीठ जु दुब्बर्‍यौ।
तब कमधज्ज नरिंद न उत्तर संभर्‍यौ ॥
बात अनंगन कौन हीन हुइ उट्ठयौ।
चंपि लुहट्ठिय हथ्थ बीर बर टुट्टयौ ॥ छं० ॥ ५२ ॥

वसीठ का कहना कि जिस का राज्य लिया आप उसी पर क्रोध करते हैं।

दूहा ॥ उठौ बीर बसीठ बल। करि जुहार चहुआन ॥
धनी उभै धर लुट्टियै। इह अचिज्ज परिमान ॥ छं० ॥ ५३ ॥

पृथ्वीराज का कहना कि पाई हुई पृथ्वी कायर छोड़ते हैं।

(१) मो.-बर। (२) मो.-भूत्त ध्रम्म सुप्रमान।

कवित्त ॥ रं बसीठ मति [1]ढोठ । बोल बोलै मलिहीना ॥
सनेपात उप्पनं । किनें सकर [2]पय दीना ॥
[3]धर कर छुट्टी संगि । हथ्य चाहूं मरदाना ॥
फिरि बंछै जो मुद्ध । होइ ताही जिय ग्याना ॥
सट्ठीय बुद्धि नट्ठिय न्रपति । तुम [4]बिमत्ति दिन लहि कहिय ॥
उग्गमै सूर पच्छिम [5]परक । तौ दिल्ली धर तुम नहिय ॥छं०॥५४॥

मंत्री का यह सुनकर उदास मन हो चला आना ।

दूहा ॥ सुनि यह बत्त सो दूत चलि । बिन आदर मन मंद ॥
हीन दीन दिष्षत इसौ । मनौं कि [6]बासर चंद ॥ छं० ॥ ५५ ॥

मंत्री ने अनङ्गपाल से आकर कहा कि मैंने तो पहिले ही कहा था, यह दैत्यवंशी चौहान कभी राज्य न लौटावेगा । पृथ्वी तो आप दे चुके अब बात न खोइए ।

कवित्त ॥ [7]तूंअर बीर बसीठ । सामि संदेस सु अष्षिय ॥
तुम हक्कत्तन कुसल । बत्त पहिलैं हम भष्षिय ॥
वह बलिष्ठ दैवान । दैत्यबंसी चहुआनं ॥
सूज अग्र उप्परै । देय नह तास प्रमानं ॥
तुम दई भूमि निज हथ्थ करि । अथ्थ मित्त मन षोइये ॥
संभरि हैस देसन न्रपति । तौ हक्कत्त बिगोइये ॥ छं० ॥ ५६ ॥

अनङ्गपाल ने एक भी न माना और वह सेना सज कर दिल्ली पर चढ़ आया । पृथ्वीराज नाना की मर्याद को सोचने लगा और उसने कैमास को बुला कर पूछा कि मेरी सांप छछूंदर की गति हुई है अब क्या करना चाहिए ।

(१) दीठ, ढाठ, धठि । (२) ए.-पर । (३) मो.-धर कर संगिय बुद्धि ।
(४) ए. कृ. को.-बिपाति । (५) ए. कृ. को. परक ।
(६) ए. कृ. को.-बासुर । (७) मो.-तोअर ।

अनगपाल न न मानि। कूंच किन्नौ दिल्लीय दिसि॥
भूत (१)भविष आनी न। किये रत्तत नयन (२)रिस॥
अप्प सेन सजि जूह। आइ ढिल्ली धरवानं॥
मात पिता मरजाद। चिंत लग्गो चहुआनं॥
कैमास मंत पुच्छ्यौ नृपति। कही कहा अब किज्जिये॥
अहि ग्रहिय छछुंदरि जो तजै। नैन जठर भंषि छिज्जिये॥छं०॥५७॥

जो लड़ाई करता हूं तो अपनी मा के पिता (नाना) से लडता हूं और जो छोड देता हूं तो अपनी हीनता प्रगट होती है, सो अब क्या न्याय है इस पर तुम अपना मत दो।

दूहा॥ जो मारौं तौ मातपित। छंडौ तौ बल हानि॥
कहि मंत्री मंत्रं गपति। न्याय रीति विधि जानि॥ छं०॥ ५८॥

कैमास ने कहा कि न्याय तो यह है कि कलह न कीजिए, इन्होंने पृथ्वी दी है इनको आप न दीजिए, जो न मानें यहीं आकर भिड़ें तो फिर लड़ना चाहिए।

कवित्त॥ सुनौ नृपति चहुआन। न्याय तौ कलह न किज्जे॥
इन दीनी धर अप्प। अपप तौ इनह न दिज्जे॥
जो न्त्रिमान प्रमान। होइहै सोइ नियानं॥
जब लग्गौ गढ़ आइ। जाइ तब जुद्ध जुरानं॥
सजि कोट ओट सामंत सथ। नारि गोर जंबूर वहि॥
लग्गै न जोर छिज्जै सुभर। इत सामंत लगंत नहि॥ छं० ॥ ५९॥

अनंगपाल ने धूमधाम से युद्ध आरम्भ किया। कई दिन तक लडाई हुई अन्त में अनंगपाल की हार हुई।

(१) ए. कृ. को.-भवष। (२) मो.-रस।

अनंगपाल बल मंडि। सुभर ढिल्ली गढ़ लग्गा॥
लेहु लेहु करि दौरि। अप्प बर अप्प बिलग्गा॥
नारि गोरि आतस्स। कोट पारस भर घाइय॥
जे भर मंझे आइ। सोर करि मोर उठाइय॥
लग्गौ न घात तूंअर न्रपति। दिवस च्यार मंडिय ररिय॥
पुज्यौ न प्रान पानप घटत। दिल्ली धर ढिल्ली करिय॥ छं० ॥ ६० ॥

हार कर अनंगपाल का फिर बद्रीनाथ लौट जाना।

चौपाई॥ दीह च्यारि ढिल्ली न्रप भारी। बर चहुआन संमुहे हारी॥
गोतं चर फिर रावर छंडिय। बद्री छोर सरन ग्रह मंडिय॥छं०॥६१॥

आधी सेना को वहीं और आधी को अजमेर के पास छोड़ कर अनंगपाल लौट गया।

अनगपाल पंडिय गयौ। सैन सु बंधिय थट्ट॥
अद्ध सेन अजमेर पर। [1]टारे हथ्थ सुभट्ट॥ छं० ॥ ६२ ॥

मंत्री सुमन्त की सलाह से अनङ्गपाल ने माधो भाट को सुलतान शहाबुद्दीन गोरी के पास सहायता के लिये भेजा।

बीर बसीठ सुमंत मिलि। स्वामि बचन [2]समुझाइ॥
मतौ मंडि चहुआन कौ। माधो भट्ट चलाइ॥ छं० ॥ ६३ ॥

माधो भाट जाकर सुलतान से मिला, वह तुरन्त पृथ्वीराज को जीतने की इच्छा से चढ़ चला।

माधो भट्ट सु मुकल्यौ। मिल्यौ आइ सुलतान॥
चल्यौ साहि गोरी सुबर। मिलि बंधन चहुआन॥ छं० ॥ ६४ ॥
तूंअर अरु चहुआन के। [3]घर बज्यौ बहु दंद॥
माधौ भट्ट सु मुकल्यौ। बर गज्जनै नरिंद॥ छं० ॥ ६५ ॥

(१) मो.-टारिग। (२) मो.-मम काय। (३) कृ.-भर।

नीतिराव खत्री ने अनङ्गपाल के गोरी के पास दूत भेजने का समाचार पृथ्वीराज को दिया।

नीति [1]राव षित्री सुवर। तुंअर तिहि परधान॥
गोरी दिसि नृप अप्प दिसि। भेद दियौ चहुआन॥ छं०॥ ६६॥
अनंगपाल मान्यो नहीं। बरजिय पंडि नरिंद॥
तूंअर अरु चहुआन के। रहै न एकै बंध॥ छं०॥ ६७॥

पृथ्वीराज ने अनङ्गपाल से दूत भेज कर कहलाया कि आप को पृथ्वी देने ही के समय सोच लेना था अब जो हमने हाथ फैलाकर ले ली तो फिर क्यों ऐसा करते हैं?

कवित्त। दई भूमि मापित्त। लई हम हथ्थ पसारह॥
सो पाच्छो फिर किम सु०। बोल बोलहु अविचारह॥
तुम बिरद्ध तप जोग। राज चाहौ सु करन अब॥
दयौ राज तुम हमह। कहा उपजी चित्तह तब॥
मंगौ जु आइ फिरि भूमि तम। सोब राज पाच्छो नहीं॥
जो गयौ जंत चलि ग्रेह जम। कहौ सु फिरि आवै कहीं॥ छं०॥ ६८॥

जैसे बादल से बूंद गिर कर, हवा से पेड़ के पत्ते गिर कर; आकाश से तारे टूट कर फिर उलटे नहीं जा सकते, वैसेही हमें पृथ्वी देकर इस जन्म में आप उलटी नहीं पा सकते, आप सुख से बद्रिकाश्रम में जाकर तपस्या कीजिए।

जलद बुंद परि धरनि। कबहुँ जावै न [2]नभ्भ फिर॥
पवन तुट्टि तरु पत्त। तरु न लग्गै सु आइ थिर॥
तुटि तारक आकास। बहुरि आकास न जावै॥
सिंघ उलंघि सवजह। सोइ फुनि हनि नह पावै॥

(१) ए.-तत्त। (२) मो. को.-अम्भ।

अपिपत्र सु पढमि तुम उद्दक सह । सो पायो इजै अनम ॥
तप्पौ सु आइ बद्री तपह । मत विचार राजस मनम ॥ छं० ॥ ६६ ॥

आप सुलतान गोरी के भरमाने में न आइए, उसे तो हमने कई बार बाँध बाँध कर छोड़ दिया है।

तुम गोरी पतिसाह । कहै जिन [1]मत भरमावहु ॥
सत्त भ्रंम साहस्स । काइ पर कहै गमावहु ॥
सामंतनि सुलतान । बार बहु गहि गहि छंड्यौ ॥
उन अपत्ति के सथ्थ । सपति तुम मत्त सु मंड्यौ ॥
जिम खग्गि जद्म विधवा चरन । अप समान होवन कहै ॥
मंगौ सु द्रव्य कारन स भ्रम । कछू अप्प चित्तह चहै ॥ छं० ॥ ७०॥

हरिद्वार में आकर दूत अनंगपाल से मिला। सँदेसा सुनते ही अनंगपाल क्रोध से उछल उठा।

अरिल्ल ॥ सुनि सु दूत आयौ हरद्वारह । कथ्थि अनग सम सकल बिचारह ॥
सुनत श्रवन अति रोस [2]भुकित मनु । जिम सु सिंघ [3]फुकत कुलिंग जनु ॥
छं० ॥ ७१ ॥

अनंगपाल नें क्रुद्ध होकर पत्र लिखकर दूत को ग़ज़नी की ओर भेजा। पत्र में लिखा कि आप पत्र पाते ही आइए हम और आप मिलकर दिल्ली को विजय करें।

कवित्त ॥ अनँगपाल भुकि आप । दूत ढिंग हुंते साह जे ॥
तिनहि कह्यौ तुम आइ । कहौ साहब लिख्यौ ते ॥
दिय पत्र [1]तिन हथ्थ । धरा देत न पहुचानह ॥
तुम आवहु चढ़ि अतुर । कूंच पर कूंच मिलानह ॥
मिलि अप्प एक एकह सुमंति । लरिं सु लेंहि दिल्लिय धरा ॥
तुम मत्त छंडि तप बद्रिवर । अब सु पाँइ रुप्पें धरा ॥ छं० ॥ ७२ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-मन। (२) ए. कृ. को.-झुकत। (३) ए. कृ. को.-फुनि

दूत ने आकर अनंगपाल के राज्यदान करने फिर उसे लौटाना चाहने तथा पृथ्वीराज के अस्वीकार करने अनंगपाल के हरिद्वार आने का समाचार सुलतान को सुनाया सुलतान सुनते ही चढ़ चला।

गए दूत गज्जनै। साहि सम बत्त बदै बर॥
तप सु छंडि तोंवरह। आइ हरद्वार लियन घर॥
पहुमि मंडि प्रथिराज। राज अप्पै न इक्क तिलं॥
दैवाद्र चढ़ि साहि। भूमि लिज्जै सु उभय मिलि॥
सुनि साह घाव नौसान किय। चढ्यौ सेन चतुरंग सजि॥
हय गय समूह साकति सकल। अनंगपाल साहस्स कज॥छं०॥७३॥

सुलतान शाहबुद्दीन की सेना की चढ़ाई तथा सरदारों का वर्णन।

चढ़त साहि साहाव। चढ्यौ तत्तार खान बर॥
षान षान [1]षुरसान। षान मारुफ मँहा भर॥
कालिम षान कमाम। मीर [2]नासेर अभंगह॥
अलूषान आलील। चढ़िय हय गय चतुरंगह॥
सथ सयन सकल सारह [3]लष। उभय सहस मत मत्त इभ॥
नौसान बज्जि नौबति निहसि। रहे गज्ज धर पुर सु नभ॥छं०॥७४॥

छंद लघुनाराच॥ चढ्यौ सहाव सज्जियं। निसान जोर बज्जियं॥
मिले [4]सु साह उम्मरं। सजें अनूप संभरं॥ छं०॥ ७५॥
गयंद मद्द गंधयं। सुझै न राह अंधयं॥
पगं ठिलै पहारयं। नगं परं निहारयं॥ छं०॥ ७६॥
सकाज बाज साजयं। कुरंग दैषि लाजयं॥
अनूप चाल उज्जवै। सहूर चित्त रिझझवै॥ छं०॥ ७७॥

(१) ए.-षुरसेम। (२) ए. कृ. को.-नासैंन।
(३) ए.-लष, लष्षि। (४) ए. कृ. को.-जु।

रजोह मोह उच्छली । सपूर सूर पच्छली ॥
दिषें सु साहि आतुरं । कँपें सु अंग कातरं ॥ छं० ॥ ७८ ॥

लगन्न छीन उल्लहं । षँड़े जु दूरि दुल्लहं ॥
न आन पान जानयं । उड़ान ज्यौं सिँचानयं ॥ छं० ॥ ७९ ॥

कांत इल्लगारयं । सु आप सिंधु पारयं ॥ छं० ॥ ८० ॥

सिन्धु पार उतरकर, बीस हजार सेना साथ देकर सुलतान ने तातार खां को अनंगपाल को लाने के लिये हरिद्वार भेजा । तातार खां के आने का समाचार सुनकर अनंगपाल बड़े हर्ष से उससे मिला ।

कवित्त ॥ सिंधु उतरि सुरतान । कह्यौ सम षान ततारह ॥
तुम अनगेसह लैन । जाहु जँह तँह हरिद्वारह ॥
सहस बीस लै सेन । अनँग सम मिल्लिय सोनपुर ॥
बिलम करहु जिन बहुत । अभँग सजि आवहु आतुर ॥
करि नवनि षान तत्तार चलि । पहुँच्यौ हरद्वारह सहर ॥
करि षवरि तत्थ अति प्रीत तन । मिल्यौ राज अनगेस बर ॥
छं० ॥ ८१ ॥

अनंगपाल ने बहुत से घोड़े मोल लिये और सेना भरती करके लड़ाई की तयारी की ।

दूहा ॥ तहँ तोंअर अनगेस नृप । लए मोल बहु बाज ॥
उभय सहस सेना सजित । रष्षि सुभर किय साज ॥ छं० ॥ ८२ ॥

तीन सौ वीर जो अनंगपाल के साथ वैरागी हो गए थे वे भी तलवार बांध कर लड़ने के लिये तयार हुए ।

सत्त तीन भर सुभर जे । निज वैराग सरूप ॥
तिन बंधी तरवार फिरि । बदल्लि भेष बहु रूप ॥ छं० ॥ ८३ ॥

तातार खां ने रात भर रहकर सबेरे उठते ही अनंगपाल के साथ कूच किया। अनंगपाल को दो योजन पर रोक कर आगे से बढ़कर उसने सुलतान को समाचार दिया, सुलतान आकर अनंगपाल से मिला, दोनों एक साथ बड़े प्रेम के साथ सलाह करने लगे।

कवित्त ॥ मिले षान तत्तार। बत्त मत तत्त रत्त बर ॥
दै निसान पछु, फटत। चले पुर सोन उभै भर ॥
भए साह दल निकट। रषि जोजन जुग अंतर ॥
दई षबरि सुलतान। चल्यौ साहाब समंतर ॥
दस कोस अग्ग अनगेस कहूं। मिल्यौ जाइ साहिब सुहित ॥
बैठे सु उतरि अति प्रीति पर। भनहु उभै जन इक्क चित ॥छं०॥८४॥

अनंगपाल ने सब वृत्तान्त सुनाया, दोनों की सलाह हुई कि जो पृथ्वीराज आप आकर हाजिर हो जाय तो उसे जीव दान करना चाहिए। सुलतान ने दूत के हाथ पृथ्वीराज के पास पत्र भेजा कि तुम बड़ा अनुचित करते हो जो राजा को राज नहीं सौंप देते और जो पृथ्वी न लौटाओ तो आकर युद्ध करो। पृथ्वीराज ने कहा कि ऐसी कोटि चढ़ाई क्यों न करै अनंगपाल अब राज्य उलटा नहीं पा सकता।

पद्धरी ॥ सुरतान समिलि न्रप अन्नगेस। किय अनग समह पतिसाह पेस ॥
गज पंच मत्त पंचास बाज। साकत्ति सज्जि दिय अनगराज ॥
छं० ॥ ८५ ॥
किरवान [1]तीन कम्मान एक। सिरपाव स्वातसुत माल मेक ॥
दै प्रीति चढ़े निस्सान पाव। आए सु सोनपुर उभै ठाव ॥छं०॥८६॥

(१) ए.-तीन, संमान, सामान।

मिलि साह अनग बैठे सुमत्त । तत्तार षानषाना सुचित्त ॥
कहि अनगपाल नृप पुत्र कथ्थ । चहुआन मन न मानै समथ्थ ॥
छं० ॥ ८७ ॥

जंपै सु साह चढ़ि चलौ प्रात । भंजे सु जुग्गनिय पुरह जात ॥
जो मिलिह अप्प चहुआन आनि । दीजै तौ उभय मिलि प्रान दान ॥
छं० ॥ ८८ ॥

मंनी सु राज अनगेस मन्न । उच्चर्यौ तांम तत्तार षन्न ॥
देषो सु अप्प दूतह पठाइय । लिष्यौ सुबत्त सम विषम दाई ॥
छं० ॥ ८९ ॥

चर चारु चाहि हक्कारि लीन । लिषि तत्त पत्त तिन हथ्थ दीन ॥
अनगेस पुच्छि सुत तुम्म अप्प । तुम समपि राज गय बद्रि तप्प ॥
छं० ॥ ९० ॥

करि तप्प आइ फिरि अन्नगेस । दिज्जै सु इनहि हय गय सु देस ॥
आनौ न चित्त चहुआन और । जग्गें सु सामि न विरस्स चौर ॥
छं० ॥ ९१ ॥

भुगई न जाइ पर लेइ वस्त । समपौ सुराइ आनग समस्त ॥
गो चार पहर चारै सु गोइ । कबहूं न धेन बर धनी होइ ॥ छं० ॥ ९२ ॥
थनवार अम्ब सौंपै सु राज । ना होइ ओय पति तास बाज ॥
करसनी कृष्षि रष्षी सुभाव । तिन भोग सुभर रावर [1]सुभाय ॥
छं० ॥ ९३ ॥

अप्पौ सु देस अनगेस रस्स । जिन करी अप्प मभ्भझह विरस्स ॥
भयें विरस सुष्ष पावै न कोइ । इम देत सीष तुम हितू होइ ॥
छं० ॥ ९४ ॥

भये वीरस सुष्ष कह भयौ पंड । कुल सकल नास भौ वप्पु षंड ॥
अप्पौं न भूमि जो जीय सुद्ध । तो सजहु आनि इन समहि जुद्ध ॥
छं० ॥ ९५ ॥

दिय पत्त दूत प्रथिराज जाइ । सुनि श्रयन अप्प बहु दुष्ष पाइ ॥
अनगेस राज सुलतान जोर । ऐसे जु सजै कोटिक्क ओर ॥ छं० ॥ ९६ ॥

(१) मो.-सुभाय ।

पावै न तऊ दिल्ली सु थान । भुकि राव घाव कीनौ निसान ॥
छं० ॥ ९७ ॥

पृथ्वीराज ने डङ्के पर चोट लगा कर सब सरदारों के साथ कूच किया और दो योजन पर डेरा डाला ।

गाथा ॥ भुकि किय घाय निसानं । चढ़ि प्रथिराज बाज साजेयं ॥
सब सामंत समेतं । दिय डेरा सु दोइ जोजनयं ॥ छं० ॥ ९८ ॥

दूत ने आकर पृथ्वीराज के चढ़ने का समाचार सुलतान से कहा । जो सब सरदार विरक्त हो गए थे वे भी स्वामि के काम के लिये लड़ने को प्रस्तुत हुए ।

दूहा ॥ देषि दूत गये साहि ढिग । कही षबरि प्रथिराज ॥
चढ्यौ सूर संभर धनी । हय गय दल बल साज ॥ छं० ॥ ९९ ॥
सामत सूर समस्त बर । भय संसार विरक्त ॥
स्वामि ध्रम्म साधन सु बर । मरन लरन मन रक्त ॥ छं० ॥ १०० ॥

सुलतान ने दूत से समाचार सुन कर चढ़ाई का हुक्म दिया ।

अरिल्ल ॥ संभलि बत्त [1]चरं [2]सुलतानं । निहसे [3]बज्जि सु बीर निसानं ॥
भयौ हुकुम साहाब अमानह । सजहु अमीर उम्मरा षानह ॥
छं० ॥ १०१ ॥

पृथ्वीराज के चरों ने सुलतान के कूच का समाचार पृथ्वीराजं को दिया जिसे सुनते ही वह भी लड़ाई के लिये चल पड़ा ।

दूहा ॥ चर सु दिष्षि चहुआन कै । साह षबरि कहि राज ॥
सुनत राज प्रथिराज बर । चल्यौ जुद्ध कज साज ॥ छं० ॥ १०२ ॥

धूमधाम के साथ पृथ्वीराज सेना के साथ चला, जब दोनों सेनाएं एक दूसरे से दो कोस पर रह गईं तब पृथ्वीराज ने डङ्के पर चोट दी ।

(१) ए.-बरं । (२) कृ. ए.-सुरतानह, निसानह । (३) मो.-बज्ज ।

चोटक ॥ सजि साज चल्यौ प्रथिराज बरं । सत सामत सूर सपूर भरं ॥
बिरदैत महाबर बीर बली । तिन सौं किन आत न रार कली ॥
छं० ॥ १०३ ॥

[1]परसैं भिरि भारथ पारथ से । न बदै अप ऊपर आनन से ॥
जुध कों तिनके मुष कौन जुरे । न मुरैं मुष धार अनी सुमुरे ॥
छं० ॥ १०४ ॥

सजि साहन सैंन हजार दसं । रह सेर सवान सु बीर रसं ॥
गज [2]सत्त दसं मुर मत्त गजै । तिन देषि बंध्याचल पब्ब लजै ॥ छं० ॥ १०५ ॥
घमके घन घुघ्घर घंट बनं । भननंकत भौरनि झौर भनं ॥
गति देषि तुरंग कुरंग दुरें । तिन के उर अट्ठुन कोट परें ॥ छं० ॥ १०६ ॥
चहुआन चल्यौ चतुरंग दलं । सजि भैरव भूत बिनाल बलं ॥
चर चौसठ जुग्गिनि सथ्थ चलीं । किलकैं करि भारथ बैर रलीं ॥
छं० ॥ १०७ ॥

चमकंत सनाह सु जोति इसी । सु करं मधि मूरति बिंब जिसी ॥
सजि टोप रंगावलि [3]हथ्थ लयं । बनि राज सु [4]पष्षर सा [5]वलयं ॥
छं० ॥ १०८ ॥

दोइ कोस रह्यौ बिच साहि दलं । चहुआन निसान बजे सबलं ॥
छं० ॥ १०९ ॥

पृथ्वीराज के पहुंचने का समाचार सुनते ही सुलतान ने अपने सरदारों को भी बढ़ने का हुक्म दिया ।

दूहा ॥ सजि आयौ चहुआन जुध । सुन्यौ श्रवन पतिसाहि ॥
हुकम षान उमरान हुअ । सज्यौ अंग सन्नाह ॥ छं० ॥ ११० ॥

आगे तातार खां को रक्खा, मारूफ खां को बाईं ओर और खुरासान खां को दाहिनी ओर अनंगपाल को बीच में करके पीछे आप हो लिया ।

---

(१) मे.-पसरें । (२) ए. कृ. को.-सत्त मुरं मदमत गजै ।
(३) ए.-हाथ । (४) मो.-परकर । (५) मो.-बनयं ।

गाथा ॥ मुष्ष सु रिष्षी ततारं । बांई दिसा षान मारूफं ॥
दाहिन वां षुरसानं । मझि अनगेस पुट्ठि साहाबं ॥ छं० ॥ १११ ॥

पृथ्वीराज ने भी अपनी सेना की व्यूह रचना की। आगे कैमास को और पीछे चावंडराय को कर दिया।

सजि ठट्ठी सुलतानं । सुनि चहुआन अप्प व्यूहानं ॥
मुष कीनौ कैमासं । चावँडराइ पुच्छ सज्जायं ॥ छं० ॥ ११२ ॥

अपनी सेना को बीच में रक्खा और आज्ञा दी कि अनंगपाल को कोई मारे नहीं, जीते ही पकड़ना चाहिए।

दूहा ॥ मझि फौज प्रथिराज रचि । कह्यौ सु कर करि उंच ॥
अनंग राज जीवत [1]गहौ । इह सु रचौ परपंच ॥ छं० ॥ ११३ ॥

दोनों दलों का सामना हुआ कैमास ने युद्धारम्भ किया।

जिन सु हनौ अनगेस जिय । गहौ सु जीयत [2]सास ॥
इतें दुदल दिठ्ठाल भय । लई बग्ग कैमास ॥ छं० ॥ ११४ ॥

दोनों दल का सामना होते ही घमसान युद्ध होने लगा।

बिह दल बल सिंधू बजै । उपजत सूर उहास ॥
[3]ष्योहनि पर नष्षौ पयंग । करि कलकी कैमास ॥ छं० ॥ ११५ ॥

कैमास नें शस्त्र संभाल कर युद्धरम्भ किया। युद्ध का वर्णन।

भुजंगी ॥ लई षग्ग कैमास बीरं अमानं । धमंके धरा गोम गज्जे गुमानं ॥
उतें उप्परी बाग तत्तार षानं। मिले हिंदु मीरं दोऊ दीन मानं ॥
छं० ॥ ११६ ॥

[4]बजे राग सिंधू सु मारू अवग्गे । गजे सूर सूरं असूरं सु [5]भग्गे ॥
चढ़े व्योम विम्मान देषंत देवं । बढ़ै स्वामि काज्जै सु सज्जै उभेवं ॥
छं० ॥ ११७ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-गहें गहै । (२) मो.-साह । (३) ए. कृ. को.-षोहनि ।
(४) ए. कृ. को.- बज्जे । (५) ए. कृ. को.-भज्जे ।

छुटे नाल गोला हवाई उछंगं। 'न षिव मनों आनि [1]तुट्टे निहंगं।
कारुष्षै चली बान बानं कमानं। भई अंध धुंधं न [2]सुभभौति भानं ॥
छं० ॥ ११८ ॥

मिले सेल सेलं समेलं अपारं। सनाहं फटें होय होवत्त पारं ॥
मदं मत्त दंतं उषारै मसंदं। मनों भिल्लिया पत्र उष्पारि कंदं ॥
छं० ॥ ११९ ॥

लगी नाग नागं मुषी सूर ऐचै। हथम्मापुरं आनि बलिभद्र पैचै॥
झरं भोभरं भार भारं भनंकै। करै गज्ज चिक्कार [3]ताजी किनंकै॥
छं० ॥ १२० ॥

छुअं पूरनं जाम मध्यान अंची। मिले दिट्ठ तत्तार आनंग मंची ॥
चलै मातुलं ओर हक्कै कमासं। हन्यो षान षग्गं पहुंचे हहासं ॥
छं० ॥ १२१ ॥

तकै तुंवरं पै लयौ गज्ज राजं। धपे दाहिमा पागरा छंडि बाजं ॥
जरी सेल गाढ़ी विचं [4]पीलवानं। बियो घाव कीयौ सु कट्टै क्रपानं॥
छं० ॥ १२२ ॥

कटी दंत लौ सुंड लोही भभक्कै। मनों सारदा कंदरा थी उबक्कै ॥
पऱ्यो कज्जलंकूट ज्यौं तूटि हथ्थी। तजे तूंअरं भज्जिगे सब्ब सथ्थी॥
छं० ॥ १२३ ॥

भगंदंत वालौ किधौं सु प्रतीकं। महा दिग्घ कायं अरज्जुन्न भीकं ॥
दवी द्वादसं कोस भू घंट सद्दं। पढ़ै वेद बानी पुरानं प्रसिद्दं ॥
छं० ॥ १२४ ॥

पऱ्यो दाहिमा भीम ज्यौं गोल कूंडै। घटो कम्म पथ्थं न सथ्थं उमंडै॥
अलुभ्यो पगं अग्ग में इभ्भ राजं। हरी जेम कूदे करी मध्य गाजं ॥
छं० ॥ १२५ ॥

किलावा रह्यौ पग्ग में लग्ग पासी। ग्रह्यौ जीवतौ बद्रिकाश्रम्म वासी ॥
सनद्धं रहि कढ्ढियं अद्ध विद्धी। चढ़ी हथ्थ [5]दिल्ली न कारज्ज सिद्धी॥
छं० ॥ १२६ ॥

(१) ए. कृ. को.-नछत्रं। (२) मो.-छुट्ट। (३) ए. कृ. को.-सुभरीसु।
(४) मो.-बाणी (५) सो कृ.को.-पति।

उभै मीत मानौ रहे लग्गि छत्ती। पछें भौर सामंत की आइ पत्ती ॥
घुरासान मारूफ तत्तार जोरी। करें एक फौजं धप्पौ साहि गोरी॥
छं० ॥ १२७॥

इत चहुआनं भुजा के भरोसैं। मनों [1]लंघनो सिंघ तुट्टो सरोसैं॥
[2]गढं इंदपथ्थं सु हायं सु कज्जें। उभै दीन जुट्टे करे षग्ग धज्जें॥
छं० ॥ १२८॥

रसं लूक लग्गै हुए टूक टूकं। रिनं षत्त पट्टैं [3]पुराने अचूकं॥
थटे जाइ आघाट बैकुंठ थानं। मिल्यौ नट्ट गोटा जिसौ आव जानं॥
छं० ॥ १२९॥

बरं चंग चंगे परी हूर सूरं। रचें रुंडमालं महेसं गरूरं॥
सिवा ओन [4]धप्पौ सु कीनौ डकारं। करें षेचरा भूचरा किल्लकारं॥
छं० ॥ १३०॥

उडै रेन गैनं भयौ अंधकारं। पराए न अप्पं न सुझ्झै लगारं॥
इसौ भांति भारथ्थ मंतो करूरं। घरी च्यार पंचै रह्यौ रथ्थ सूरं॥
छं० ॥ १३१॥

हरद्दार लौं जाइ लायौ सु भग्गौ। सबै सेन भग्गौ तिनं लार लग्गौ॥
रह्यौ पातिसाहं भुजं लाज भल्लै। षरं षंचि साइक छंडै सु भल्लै॥
छं० ॥ १३२॥

गनें कौन नामं अनेकं फवज्जं। लग्यौ दाहिमा कै तुरंगम्म कज्जं॥
बड़गुज्जरं कम्मधज्जं पुंडीरं। छलं पारि दौन्यो करे नाहिं सीरं॥
छं० ॥ १३३॥

धरे सिप्परं अड्ड ह्वै काल भेसं। लियौ संग्रहै चौंडरा गज्जनेसं॥
फटे पारसं सत्त साहस मीरं। परें पंचसै षेत हिंदू सु बीरं॥
छं० ॥ १३४॥

उभै पाहुने कीन चंदं प्रकासे। ढले मुष्ष मंगे प्रथीपत्ति पासे॥
छं० ॥ १३५॥

---

(१) ए.-लघल, लंघने, लघनं। (२) मो.- प्रति "इक एक एक सहायं सु कज्जे"।
(२) मो.-सही कें।
(३) ए. कृ. को.-पीनौ।

शहाबुद्दीन को चावंड राय ने पकड़ लिया, पृथ्वीराज की जय हुई सात हज़ार मुसलमान और पांच सौ हिन्दू मारे गए।

कवित्त ॥ बंधि साहि साहाब। लियौ चावंड राय बर ॥
हय कंधह लै डारि। गयौ निज सथ्थ सेन नर ॥
नीर उतरि पतिअसुर। षेत हुंछ्यौ प्रथिराजं ॥
मुसलमान सत सहस। परे सामथ करि काजं ॥
पंच सै सुभर हिंदू सु परि। उभै सत्ति भोरी सु जगि ॥
जित्यौ सु राज सोमेस सुअ। [1]घनै जैत बज्जै बजिग ॥ छं० ॥१३६॥

पृथ्वीराज का सुलतान को क़ैद में भेज कर अनंगपाल को आदर सहित दरबार में बुला कर उन के पैर पड़ना।

मुसल्लमान धर गड्डि। दाग निज सुभर दिवायौ ॥
लियें जीति प्रथिराज। समह सामंत धर आयौ ॥
सभा बैठ भर सुभर। कह्यौ कैमास राइ गुर ॥
अनंगेसह लै आउ। चल्यौ मंत्रीं सु लेन घर ॥
आन्यौ सु राज अनगेस तह। प्रथीराज लग्गौ सु पय ॥
सनमान प्रान अति प्रीति सौं। भाव भगत राजन करय ॥ छं० ॥१३७॥

दाहिम राव को हुक्म देकर सुलतान को दरबार में बुलाना, उसके आने पर पृथ्वीराज का अनंगपाल से कहना कि आप तो बड़े बुद्धिमान हैं आप इस शाह के बहकाने में क्यों आ गए?

दियौ हुकम दाहिम्म। ल्याउ दीवान साह कहु ॥
सब देषें सामंत। मुक्कि आमन अपत्ति बहु ॥

---

(१) ए. कृ. को.-बजै।

आयौ साहि हजूर। मिल्यौ प्रथिराज राज बर ॥
बैठि साह साहाब। मुष्य देषें जु [1]सुभर भर ॥
बोल्यौ जु राज प्रथिराज बर। अनँगराइ तुम अति सुमति ॥
भरमौ सु केम कहिं साहि के। इह तौ [2]पति उत्तरि अपति ॥
छं० ॥ १३८ ॥

दूहा ॥ कहै राज प्रथिराज गुर। सुभर बोलि बर अग्ग ॥
अनँग सीस उंच न करै। नाग दमन सिर नग्ग ॥ छं० ॥ १३९ ॥

सरदार गहलौत ने कहा इसमें महाराज अनंगपाल का दोष नहीं है यह सब प्रपंच दीवान का रचा हुआ है।

कवित्त ॥ कहै [3]गज्जि गहिलौत। कहूं सामंत सुनौ सहु ॥
अप्प अनी [4]एकंत। [5]असुर सुरतान बही कहु ॥
समुद सजल जल षार। ससी लग्गौ सु कलंकह ॥
सूर मिलै रस राह। पंथ लुट्टाइ गोय बहु ॥
दसरथ्थ आप काक सु विक्रम। दइ दिवान विपरीत गति ॥
पतिसाह कही सुनतें सकल। अनगपाल नट्ठी सुमति ॥ छं० ॥ १४० ॥

चामुंड राय का कहना कि कुसंग का यही फल होता है।

दूहा ॥ बदै राइ चामंड बर। इह अवस्थ होइ अंग ॥
जब सु मानसर तजि करै। हंस काग कौ संग ॥ छं० ॥ १४१ ॥

सामंतों ने जितनी बातें कहीं सब अनङ्गपाल नीचा सिर किए सुनता रहा कुछ न बोला।

जिते वचन सामँत कहे। तिते सहे अनगीस ॥
चीत चीत्ह सम सुनि रह्यौ। उच्यौ न उरध सीस ॥ छं० ॥ १४२ ॥

पृथ्वीराज का शाह को एक घोड़ा और सिरोपाव (खिल्लत) देकर छोड़ देना।

(१) मो.-सुर सुभर। (२) ए. कृ. को.-पानि (३) कृ.-गाजि। (४) मो.-एकंग
(५) ए. कृ. को.-असुरन नं निबही कहूं।

चल्यौ अनंग बद्री सरन। पहुंचायौ प्रथिराज न्रप ॥
तहं जाइ राज तोंवर सुवर। तपै राज उग्रह सु तप ॥ छं० ॥ १५७ ॥

पृथ्वीराज की सहानुभूति दयालुता और बीरता की प्रशंसा।

धनि सु चित्त प्रथिराज। करुन रस आप उपन्नौ ॥
द्रब्ब दरक सत अद्ब। पुन्य कारन भरि दिन्नौ ॥
सबै सुभर अनगान। आनि आदर ग्रह बासिय ॥
धनि धनि जंपै लोइ। किञ्ति भू मंडल भासिय ॥
आषेट दुष्ट दुज्जन दलन। करै केलि सामंत सथ ॥
कबि चंद छंद बंधिय कवित। प्रथ्थिराज भारथ्थ कथ ॥ छं० ॥ १५८ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके अनंगपाल ढिल्ली आगमन फिरि प्रथिराज जुरन बद्री तप सरन नाम अठाविसमो प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ २८ ॥

[दूसरा भाग समाप्त।]